# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक

● आरा ● वर्ष -07 ● अंक - 273 ● गुरुवार 14 मार्च 2024 ● रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 पृष्ठ ● 12 मूल्य : ● 2 रुपये


## उज्जवल भविष्य की ओर देश का मजबूत कदम

### प्रधानमंत्री मोदी ने रखी वाणिज्यिक सेमीकंडक्टर फैब की आधारशिला

एजेंसी। नई दिल्ली





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बुधवार को गुजरात में धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर) में सेमीकंडक्टर निर्माण सुविधा की आधारशिला रखी है। इसी के साथ भारत की सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में देश ने एक एक महत्वपूर्ण प्रगति के लिए पहला कदम आगे बढ़ाया है। पीएम मोदी ने यहां कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। हम उज्जवल भविष्य की तरफ एक मजबूत कदम बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कि आज देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आज, हम भी एक इतिहास लिख रहे हैं और उज्ज्वल भविष्य की तरफ मजबूत कदम बढ़ा रहे हैं। पीएम मोदी ने बताया कि इस अभूतपूर्व अवसर पर साठ हजार से ज्यादा शिक्षण संस्थान, यूनिवर्सिटीज, कॉलेज के छात्र-छात्राएं जुड़े हुए हैं। भविष्य के भारत के असली स्टेकहोल्डर यही नौजवान हैं। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास से परिपूर्ण युवा देश का भाग्य बदल देता है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कार्यक्रम से जुड़े सभी छात्रों का स्वागत किया और आगे कहा कि 21वीं सदी टेक्नॉलजी ड्रिवेन सेंचुरी है। ऐसे में सेमीकंडक्टर के बिना इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। यह भारत को आधुनिकता की तरफ ले जाने में एक सामार्थ्य पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि यह इंडस्ट्री 4.0 क्रांति के लिहाज से आगे बढ रही है और हम एक पल भी गवाना नहीं चाहते हैं। यहां पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर मिशन के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही न्यूक्लियर, और स्पेस पॉवर से परिपूर्ण है और अब वह दिन दूर नहीं जबकि सेमीकंडक्टर का कॉमर्शियल उत्पादन कर सकेंगे और आने वाले दिनों में भारत इस क्षेत्र में भी सुपर पॉवर बन जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमने इज ऑफ डूइंग बिसनेज को बढ़ावा दिया है, जिसके तहत भारत में निवेशकों के लिए एफडीआई के नियमों को भी आसान कर दिया है। इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल, केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## कैबिनेट: मोदी सरकार का दिल्ली को तोहफा, मेट्रो के दो नए कॉरीडोर को मंजूरी



**नई दिल्ली**। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 8,399 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत पर दिल्ली मेट्रो चरण-4 परियोजनाओं के दो कॉरीडोर अर्थात लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गए फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक वाली मेट्रो पूरी तरह से जमीन के ऊपर पुल पर होगी और इसमें 8.3 किमी की लाइन में 8 स्टेशन होंगे। इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ 12.37 किमी की लाइन में 10 स्टेशन होंगे। इसमें लगभग 11 किमी जमीन के नीचे और 1 किमी जमीन के ऊपर चलेगी। लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक मेट्रो लाइन सिलवर, मेजेंटा और वायलट लाइनों को जोड़ेगी। इसमें लाजपत नगर, एंड्रयूज गंज, ग्रेटर कैलाश - 1, चिराग दिल्ली, पुष्प भवन, साकेत जिला केंद्र, पुष्प विहार, साकेत जी - ब्लॉक स्टेशन होंगे। इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ लाइन में रेड लाइन, येलो लाइन, एयरपोर्ट लाइन, मेजेंटा, वायलट और ब्लू लाइन में बदलने की सुविधा होगी। इसमें इंद्रलोक, दया बस्ती, सराय रोहिल्ला, अजमल खान पार्क, नबी करीम, नई दिल्ली, एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली गेट, दिल्ली सचिवालय, इंद्रप्रस्थ स्टेशन होंगे।

## सीएए : इन लोगों को मिलेगी भारतीय नागरिकता, ये दस्तावेज हैं जरुरी

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ा कदम उठाकर मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू करने की घोषणा की। यह विवादास्पद नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले आया है। सीएए लागू होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया कि आवेदन पूरी तरह से ऑनलाइन मोड में होगा जिसके लिए एक वेब पोर्टल उपलब्ध कराया गया है। गृह मंत्रालय ने बताया कि सीएए-2019 के तहत नागरिकता का आवेदन करने वालों के लिए सरकार पोर्टल के अलावा मोबाइल एप सीएए-2019' भी शुरू करेगी। इतना हीं नहीं मोदी सरकार ने आवेदन करने के लिए जिन डॉक्यूमेंट्स की जरूरत होगी उसकी भी लिस्ट जारी की है।

**इन्हें मिलेगी भारत की नागरिकता?** : मोदी सरकार ने सोमवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम,2019 लागू करने की घोषणा की है। इसमें बगैर किसी डॉक्यूमेंट्स के तीन मुस्लिम बहुल देशों, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से आए हिंदू, ईसाई, सिख, पारसी, बौद्ध और जैन धर्म के लोगों को नागरिकता मिलेगी।




### आवदेन के लिए ये अहम दस्तावेंज जरुरी

- अफगानिस्तान या बांग्लादेश या पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट की कॉपी।
- भारत में विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी (एफआरआरओ) या विदेशी पंजीकरण अधिकारी (एफआरओ) द्वारा जारी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट या रेजिडेंशियल परमिट, अफगानिस्तान या बांग्लादेश या पाकिस्तान में सरकारी प्राधिकरण द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र।
- अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान में स्कूल या कॉलेज या बोर्ड या विश्वविद्यालय प्राधिकारियों द्वारा जारी स्कूल सर्टिफिकेट या एजुकेशनल सर्टिफिकेट।
- अफगानिस्तान या बांग्लादेश या पाकिस्तान सरकार या इन देशों में किसी अन्य सरकारी प्राधिकरण या सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी किसी भी प्रकार का पहचान दस्तावेज।
- अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान के सरकारी प्राधिकारी द्वारा जारी कोई भी लाइसेंस या सर्टिफिकेट।
- अफगानिस्तान या बांग्लादेश या पाकिस्तान में भूमि या किरायेदारी रिकॉर्ड।
- कोई भी दस्तावेज जो दर्शाता है कि आवेदक के माता-पिता या दादा-दादी या परदादा में से कोई एक तीन देशों, यानी अफगानिस्तान या बांग्लादेश या पाकिस्तान में से किसी एक का नागरिक है या रहा है।
- अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान में किसी सरकारी प्राधिकरण या सरकारी एजेंसी द्वारा जारी किया गया कोई अन्य दस्तावेज जो यह स्थापित करेगा कि आवेदक अफगानिस्तान या बांग्लादेश या पाकिस्तान से है।

## ख़ास ख़बर

### रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट कोर विस्तार के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**नई दिल्ली**। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर का विस्तार करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वहीं, देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में इसकी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तीन लाख कैडेट वैकेंसी को शामिल किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 1948 में केवल 20,000 कैडेटों की शुरूआत के बाद एनसीसी के पास अब 20 लाख कैडेटों की स्वीकृत संख्या होगी, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किए जाने के साथ युवाओं के लिए देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस विस्तार के दूरगामी प्रभाव से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वैकेंसी होगी। विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों की स्थापना और दो नई एनसीसी इकाइयों को शामिल करना शामिल है। विस्तार योजना के एक महत्वपूर्ण पहलू में पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव शामिल है, जिससे उनके कौशल और विशाल अनुभव का लाभ उठाया जा सके। यह पहल एनसीसी कैडेटों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करेगी और रोजगार के अवसर पैदा करेगी। यह विस्तार अनुशासन, नेतृत्व और सेवा के भावी नेताओं को आकार देने के प्रति समर्पण का प्रतीक है।



### राज्यपाल ने सीएम ममता को दिया सुझाव कहा- बोलने से पहले सीएए का अध्ययन कर लें

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सीएम ममता बनर्जी को सलाह दी कि वह इस पर कोई भी टिप्पणी करने से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के ब्योरे का अध्ययन कर लें और समझ भी लें। मुख्यमंत्री द्वारा सीएए की कानूनी पवित्रता पर सवाल उठाने पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस अधिनियम में एक महत्वपूर्ण कानूनी पहलू है, जिसका उद्देश्य देश को विभाजित करना नहीं, बल्कि भारत को एकजुट करना है। राज्यपाल ने कहा, मैं अपनी संवैधानिक सहयोगी, मुख्यमंत्री से अनुरोध करूंगा कि वे पहले अधिनियम के विवरण का अध्ययन करें और समझें, उसके बाद ही इस पर टिप्पणी करें। उन्होंने कहा कि सीएए दिसंबर 2019 में संसद के पटल पर पारित किया गया था और सोमवार को इसे कानूनी प्रावधानों के अनुसार लागू करने के लिए एक अधिसूचना जारी की गई थी। राज्यपाल ने कहा, यह कानूनी वास्तविकताओं के साथ-साथ सुशासन को भी दर्शाता है। मंगलवार को उत्तर 24 परगना जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ममता ने सीएए पोर्टल पर नामांकन के खिलाफ चेतावनी जारी करते हुए कहा कि आवेदक अंततः अपना सब कुछ खो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी, जब पोर्टल पर आवेदन करेंगे, तो आप वास्तविक नागरिक से अवैध प्रवासी बन जाएंगे और एक बार जब आप अवैध प्रवासी बन गए, तो आपकी संपत्ति और पेशे का क्या होगा? आपको डिटेंशन कैंप में भेज दिया जाएगा, इसलिए आवेदन करने से पहले दो बार सोचें।



## सीएए देश के लिए खतरनाक : केजरीवाल

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा सीएए लागू करने को लेकर देश में सियासी पारा गरमा गया है। इसे लेकर अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है और कहा, कि सीएए देश के लिए खतरनाम है। जब तीन देशों से करोड़ों लोग आएंगे तो देश में रोजगार की समस्या और विकराल रुप धारण कर लेगी। उन्होंने कहा कि हमारे युवा रोजगार के लिए लाठियां खा रहे हैं और सरकार रोजगार का समाधान खोजने की बजाय सीएए की बात कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम-2019 की अधिसूचना जारी कर देश में एक तरह से सियासी पारा बढ़ाने का कार्य कर दिया है। इसी के चलते दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का कहना है कि सीएए लागू होने के बाद 3 देशों से करोड़ों लोग भारत आएंगे। ऐसे में आखिर उन्हें रोजगार कौन देगा? यह स्थिति देश के लिए खतरनाक है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि सीएए प्रावधानों के मुताबिक बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंसा या फिर किसी अन्य तरीके से वहां के अल्पसंख्यक यदि बेघर होते हैं तो पूरी छानबीन व जांच के बाद उन्हें भारत की नागरिकता दी जा सकती है। इसमें इन तीनों देशों में रहने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई, पारसी जैसे अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को यह सुविधा मिल सकेगी। इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए उन्होंने कहा कि इधर देश का युवा रोजगार के लिए लाठियां खा रहा है और सरकार रोजगार का समाधान खोजने की बजाय सीएए में उलझी हुई है। सीएम केजरीवाल ने कहा, कि केंद्र सरकार हमारे बच्चों को तो रोजगार नहीं दे रही है, लेकिन पाकिस्तान से आने वालों को रोजगार देने का वादा जरुर कर रही है। सीएए से उत्तपन्न होने वाली गंभीर समस्या की ओर इशारा करते हुए सीएम केजरीवाल ने कहा, कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश वैसे भी गरीब देश हैं और जैसे ही भारत इनके अल्पसंख्यक नागरिकों के लिए अपने दरवाजे भारत खोलेगा तो भारी भीड़ देश में आ जाएगी।

- तीन देशों से आएंगे करोड़ों लोग, रोजगार की समस्या हो जाएगी विकराल




### सीएए के खिलाफ हैं कमल हसन सहित दक्षिण के कई अभिनेता

**नई दिल्ली**। दक्षिण फिल्मों सहित हिंदी फिल्मों अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके कमल हसन सीएए का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जिस दिन सीएए लागू किया गया है उसे वे काला दिन मानते हैं। कमल हासन ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'भारत के लिए एक काला दिन। धर्म-आधारित नागरिकता परीक्षण गणतंत्र की धर्मनिरपेक्ष संवैधानिक नींव के विपरीत है, और मैं इसके खिलाफ कानूनी और राजनीतिक रूप से अपनी पूरी ताकत से लड़ूंगा।' यानी अब वे इस बिल के खिलाफ अपनी आवाज आगे भी उठाएंगे और उन्होंने इसके विरोध में कानूनी लड़ाई लड़ने का संकप्ल भी ले लिया है। इससे पहले दूसरे तमिल स्टार थलापति विजय ने भी इस बिल के खिलाफ प्रतिक्रिया दी है। विजय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बयान में कहा, 'ऐसे माहौल में जहां देश के सभी नागरिक सामाजिक सद्भाव के साथ रहते हैं, भारतीय नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 (सीएए) जैसे किसी भी कानून को लागू करना स्वीकार्य नहीं है।' इसके साथ ही थलापति विजय ने अपनी राज्य सरकार से अपील की है कि वो इसे किसी भी कीमत पर तमिलनाडु में लागू ना करें। एक्टर के इस पोस्ट कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। विजय अब पूरी तरह से राजनीति में एक्टिव हैं और वे कुछ एक प्रोजेक्ट के बाद फिल्मों से संन्यान ले लेंगे।

## देश भर में भर्ती किए जाएंगे तीन लाख एनसीसी कैडेट्स, सरकार ने दी मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

- विस्तार का प्रस्ताव मंजूर होने से एनसीसी 20 लाख कैडेटों वाला संगठन बनेगा
- देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग पूरी होने की उम्मीद



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को तीन लाख कैडेट भर्ती करने के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग पूरी होने की उम्मीद है। इस मंजूरी के साथ एनसीसी के पास अब 20 लाख कैडेटों की स्वीकृत संख्या होगी, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बना देगी। दरअसल, 1948 में केवल 20 हजार कैडेटों के साथ एनसीसी का गठन हुआ था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया गया है। इसीलिए तीन लाख कैडेट भर्ती करने के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। एनसीसी का यह विस्तार देश के भावी मार्गदर्शक के रूप में अहम भूमिका निभाने की युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम होगा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उनके अनुपात के हिसाब से भर्ती की जाएगी, जिससे एनसीसी के इच्छुक शैक्षणिक संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। मंत्रालय के अनुसार इस विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाइयों की स्थापना शामिल है। इस विस्तार योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में रखे जाने का प्रस्ताव है, जिससे उनके कौशल और लंबे अनुभव का लाभ उठाया जा सके। इस पहल से एनसीसी कैडेटों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित हो सकेगा और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। एनसीसी का लक्ष्य एक ऐसा वातावरण तैयार करना है।

### चुनाव आयोग ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव पर बंगाल सरकार से लिखित रिपोर्ट मांगी

**कोलकाता**। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार से आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में विस्तृत लिखित जानकारी मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, आयोग ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार से आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से कराए जाने के कदमों के बारे में पूरा ब्योरा देने को कहा गया है। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अधिकारियों से राज्य में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सुनिश्चित कराए जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा, किसी भी परिस्थिति में मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष कराया जाना चाहिए, उत्सव की तरह। उच्च प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को अपने अधीनस्थों के सभी स्तरों तक संदेश पहुंचाने का निर्देश दिया गया है।

## पटना सिविल कोर्ट में ट्रांसफॉर्मर फटने से वकील की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

एजेंसी। पटना



पटना सिविल कोर्ट में ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होने से एक वकील की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को पीएमसीएच ले जाया गया। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची है। जानकारी के अनुसार दोपहर बाद कोर्ट परिसर में लगा बिजली ट्रांसफार्मर ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में एक वकील की मौत हो गई है जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद पीएमसीएच को अलर्ट कर दिया गया है। हालांकि, मौत की अधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। हर दिन की तरह बुधवार को भी कोर्ट में न्यायिक कार्य चल रहे थे। इसी दौरान कोर्ट परिसर में लगा ट्रांसफार्मर अचानक ब्लास्ट कर गया। जोरदार धमाके से पूरा कोर्ट और आसपास का इलाका दहल गया। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कोर्ट में मौजूद पुलिसकर्मियों ने झुलसे वकीलों को अस्पताल भेजा।

## पवन सिंह का यूटर्न, आसनसोल से नहीं आरा से चुनाव लड़ने की तैयारी

**पटना**। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार पवन सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने पर पोस्ट कर जानकारी दी कि वह निश्चित रूप से चुनाव लड़ूंगा। बता दें कि इसके पहले पवन को बीजेपी ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल विधानसभा सीट से टिकट दिया था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। अब पवन के आरजेडी पार्टी के टिकट पर आरा से चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। पवन सिंह ने पोस्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल से उम्मीदवार बनाया था, लेकिन किसी कारणवश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। अब चर्चा है कि पवन आरा से टिकट चाहते थे। इसलिए उन्होंने बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। सूत्रों के मुताबिक पवन ने आरजेडी के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय से मुलाकात की थी, इसके बाद उन्हें आरजेडी से टिकट मिलने की उम्मीद है। साथ ही उन्होंने अब चुनाव लड़ने का भी ऐलान कर दिया है।



## नायब सैनी ने पास की पहली परीक्षा, फ्लोर टेस्ट में पास

एजेंसी। चंडीगढ़




हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने पहली चुनौती पार कर ली है। भाजपा सरकार फ्लोर टेस्ट में पास हो गई है। हियारण सरकार को बहुमत का आंकड़ा हासिल हो गया है। बुधवार सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तब जेजेपी के 5 विधायकों ने वॉकऑउट कर दिया। इसके बाद कांग्रेस और भाजपा सदस्यों ने विश्वास प्रस्ताव के समर्थन और विरोध में अपने अपने मत रखे। इस दौरान सीएम सैनी ने कहा कि भाजपा में एक आम कार्यकर्ता ही सीएम बन सकता है। सैनी ने पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर की तारीफ की। उन्होंने खट्टर के संबंध में कहा कि राज नहीं फकीर है..यह हरियाणा की तकदीर है। सैनी ने कहा कि विपक्ष का काम है कि उन्हें जो बात अच्छी नहीं लगती, उनका काम है, उन्हें उठाना। लेकिन विपक्ष को गरीब लोगों का आयुष्मान कार्ड का बनना भी अच्छा नहीं लग रहा है। इसके पहले, मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि मैं पहले भी इस सदन का सदस्य रहा हूं। मुझे तब एक कॉल आई कि मुझे दिल्ली से चुनाव लड़ना है। नेतृत्व के आदेश पर मैं यहां से छोड़कर दिल्ली चला गया। अब नेतृत्व में मुझे यहां की जिम्मेदारी दी है। खटटर के सामने में पला हूं बढ़ा हूं और उनसे मैं बहुत कुछ सीखा है। मैं बहुत साधारण परिवार का लड़का हूं। वहीं नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज बेरोजगारी में हरियाणा नंबर वन है। अपराध में हरियाणा नंबर वन है। यह मेरे आंकड़े नहीं है।

## पोखरण में भारत शक्ति अभ्यास

एजेंसी। जैसलमेर

एशिया की सबसे बड़ी फील्ड फायरिंग रेंज में मंगलवार को तीनों सेनाओं ने भारत शक्ति युद्धाभ्यास के जरिए भारत में बने हथियारों की ताकत दिखाई। इस युद्धाभ्यास को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जैसलमेर जिले के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में पहुंचे। युद्धाभ्यास में ध्रुव हेलिकॉप्टर भारतीय सेना के कमांडों को दुश्मनों के ठिकानों तक ले गया और वहां जवानों ने आतंकियों का खात्मा किया। वहीं, तेजस विमान ने दुश्मन के टैंकों पर हमला बोलकर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। इसके साथ ही पिनाका मिसाइल, नाग मिसाइल, मल्टि यूटिलिटी व्हीकल और ड्रोन हमलों से दुश्मन के ठिकानों पर हमले किए गए। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि आसमान में यह गर्जना, जमीन पर जांबाजी, चारों दिशाओं में गूंजता विजय घोष नए भारत का आहवान है। आज हमारा पोकरण एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता, भारत के आत्मगौरव का साक्षी बना है। यही पोकरण है जो भारत की परमाणु शक्ति का साक्षी रहा है। यहीं पर आज हम स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण का दम देख रहे हैं। भारत शक्ति का यह उत्सव शौर्य की भूमि राजस्थान में हो रहा है, लेकिन इसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। कल ही भारत ने लंबी दूरी की क्षमता वाली अग्नि मिसाइल का परीक्षण किया है। दुनिया के बहुत कम देशों के पास इस तरह की आधुनिक टेक्नोलॉजी है। मोदी ने कहा कि जिन्होंने देश पर दशकों तक शासन किया, उन्होंने देश की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया।

# हथियार के साथ 6 बदमाश गिरफ्तार:उजियारपुर के सीएसपी संचालक से लूट का है मामला

### लाइनर भी धराया



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के उजियारपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सीएसपी संचालक से लूट के मामले में का मंगलवार शाम पुलिस ने खुलासा कर लिया। इस मामले में पुलिस ने लूट में शामिल छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के पास से एक देसी पिस्टल व घटना के दौरान प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है।

गिरफ्तार बदमाश की पहचान कर्पूरीग्राम थाने के बाघी गांव के रामश्रय राय के पुत्र अरविंद कुमार , इसी गांव के अरविंद सिंह का पुत्र राजा कुमार, इसी थाने के आधारपुर गांव के प्रेमलाल सिंह का पुत्र संजीव कुमार, इसी गांव के सु रेश सिंह का पुत्र चंदन कुमार, मुसरीघरारी थाने के फतेहपुर बाझा वार्ड एक के नथुनी दास का पुत्र राजेश कुमार उर्फ केटीएम व उजियारपुर के सूरजपुर गांव निवासी जालीत सहनी के पुत्र मोनू कुमार के रूप में की गई है। बताया गया है कि इस घटना में मोनू ने लाइनर की भूमिका निभाई थी।

### क्या बोले डीएसपी

दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि गत सात मार्च को सीएसपी संचालक अमित कुमार बाइक एसबीआई शाखा से राशि लेकर लौट रहे थे इसी दौरान सरयुग ट्रेडर्स के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशो ने अमित को रोक लिया और लूट का प्रयास किया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जाच शुरू की गई। मानवीय तकनीकी सूचना के आधार पर पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

### उजियारपुर के मोनू ने निभाई थी लाइनर की भूमिका

डीएसपी ने बताया कि उजियारपुर के सूरज पुर का रहने वाला मोनू कुमार ने इस इस घटना में लाइनर की भूमिका निभाई थी। गिरफ्तार बदमाशों ने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। अब सभी को जेल भेजा जा रहा है। छापेमारी के दौरान उजियारपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार आदि शामिल थे।

## पटना में सिलेंडर ब्लास्ट, शादी वाले घर में गैस रिसाव के बाद हादसा, 7 बच्चों समेत 12 झुलसे

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना जिले के फतुहा में मंगलवार शाम बड़ा शादी वाले घर में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में 7 बच्चों समेत 12 लोग झुलस गए। सभी घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसा फतुहा थाना इलाके के सुल्तानपुर गांव में हुआ। बताया जा रहा है कि घर में शादी का माहौल चल रहा था। मंगलवार को सभी रिश्तेदार जुटे थे। तभी खाना पकाने के दौरान सिलेंडर से गैस रिसाव हुआ और उसमें आग लग गई। धमाका होने से कर्कट उड़ गया और पूरे घर में आग फैल गई। इस हादसे में एक ही परिवार के 12 लोग झुलस गए। देखते ही देखते खुशियों का माहौल में चीख-पुकार मचने लगी। विस्फोट से कर्कटनुमा घर भी क्षतिग्रस्त हो गया। सभी घायलों को पटना स्थित एनएमसीएच भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में पांच बड़े एवं सात बच्चे शामिल हैं। घायलों की पहचान बबलू (10), संध्या (12), शुभम ( 4), रिया ( 4), पीयूष (6) अमरजीत कुमार (6), गोलू कुमार (5) सोनू कुमार ( 25 ), अखिलेश महतो ( 26 ), चानो देवी (35), मुन्नी देवी (30) और मीना देवी ( 31) के रूप में हुई। हादसे में सोनू और अखिलेश गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, उनकी हालत नाजुक है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में मालगाड़ी पटरी से उतरी, समस्तीपुर-सहरसा रूट पर ट्रेनें लेट, एक रद्द




**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार के समस्तीपुर जिले में रोसरा रेलखंड पर बुधवार सुबह मालगाड़ी बेपटरी हो गई। इससे समस्तीपुर-सहरसा रूट पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इस रूट पर चलने वाली एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। वहीं, जयनगर से मनिहारी जाने वाली जानकी एक्सप्रेस ट्रेन को सहरसा तक परिचालन में एक घंटे के लिए रीशेड्युल किया गया है। ट्रेनों के परिचालन में बदलाव होने से यात्रियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर, मालगाड़ी हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक समस्तीपुर रोसरा रेलखंड पर भगवानपुर देसुआ में लूप लाइन नंबर एक पर जा रही मालगाड़ी का इंजन डेडलाइन को पार करके पटरी से उतर गया। घटना की सूचना मिलते ही रेल महकमे में हड़कंप मच गया। एआरटी एवं रेलवे के कई अधिकारी मौके पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। इस कारण लगभग ढाई घंटे रेलवे का परिचालन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी समस्तीपुर की ओर जा रही थी। ट्रेन के चालक ने सिग्नल को ओवरलुक कर दिया। इस कारण ट्रेन लूप लाइन पर चली गई और ब्रेकर से टकराकर बेपटरी हो गई। मालगाड़ी हादसे के बाद रेलवे ने इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों के परिचालन में बदलाव की अधिसूचना जारी की। इसके तहत सहरसा-समस्तीपुर(05243) और समस्तीपुर-सहरसा(05244) पैसेंजर ट्रेन बुधवार को रद्द रहेगी। सहरसा-समस्तीपुर(5291) और समस्तीपुर-सहरसा(05278) पैसेंजर ट्रेन नरहन तक ही चलेगी।

### मुखिया के देवर सहित चार पर जानलेवा हमला



**गया, एजेंसी।** गया जिले के फतेहपुर प्रखंड के मतासो पंचायत की मुखिया के देवर ईश्वर चौधरी के साथ मारपीट की घटना हुई है। इस मारपीट की घटना में ईश्वर चौधरी का सिर हमलावरों ने फोड़ दिया है जबकि अन्य तीन लोग को भी चोटें आई हैं। मुखिया बेबी देवी के देवर ईश्वर चौधरी के साथ अन्य तीन को भी बदमाशों ने पीटा है। यह घटना थाना क्षेत्र के बड़ागांव के पास हुई है। पीड़ित ईश्वर चौधरी ने फतेहपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने आए घायल शत्रुघ्न चौधरी ने बताया कि पुनौल निवासी अपने दो महिला रिश्तेदार को छोड़ने के लिए वह बाइक से टनकुप्पा प्रखंड के शीला गांव जा रहा था। रास्ते में बड़ागांव के पास बीच सड़क पर बकरी की रस्सी बाइक में फंस गई। बकरियां सड़क किनारे घास चर रही थीं वे अचानक मुड़ी तो रस्सी बाइक में फंस गई। जिसके बाद मौके पर कुछ लोग पहुंच कर मारपीट करने लगे। इसी बीच ईश्वर चौधरी फतेहपुर से अपने गांव की ओर जा रहा था। वह सड़क पर मारपीट होता देख वह बचाने का प्रयास करने लगा। इस पर असामाजिक तत्वों ने ईश्वर चौधरी के साथ जमकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना में राहुल, सोनल एवं रिंकी कुमारी को भी चोट आई हैं। सभी घायलों का इलाज का सीएचसी फतेहपुर में कराया गया।

# बिहार में बड़ा निवेश करने की तैयारी में आईटी कंपनियां

## पटना में अपना पहला ऑफिस खोलेगी एचसीएल



**पटना, एजेंसी।** बिहार भी अब औद्योगीकरण की ओर कदम बढ़ा चुका है. देश-विदेश की कई बड़ी आईटी कंपनियां यहां निवेश करने की तैयारी में हैं. अमेरिका की ऐनलाटिक्स और एआई परामर्श कंपनी 'टाइगर ऐनलाटिक्स' द्वारा पटना में ऑफिस खोले जाने के बाद अब एचसीएल टेक भी पटना में अपना पहला कार्यालय शुरू करने जा रही है. इसके लिए कंपनी को बियाडा की तरफ से जगह उपलब्ध कराई गई है. दरअसल, बिहार उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने 3 नवंबर 2023 को एचसीएल टेक्नोलॉजी के अभय चतुर्वेदी एवं एचसीएल के एसवीपी थिमैया पीके साथ दिल्ली में एक बैठक की थी. जिसके बाद अब एचसीएल टेक पटना में अपना ऑफिस खोलने जा रही है.

### आईटी कंपनियों को बिहार में दी जा रही आकर्षक सुविधाएं

संदीप पौंड्रिक ने कहा कि जल्द ही कई नई कंपनियां बिहार आएंगी. बिहार में आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने और रोजगार सृजन के लिए आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) नीति 2024 लाई गई है. जिसके तहत कंपनियों को बिहार में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए रोजगार सब्सिडी, बिजली सब्सिडी, पूंजीगत सब्सिडी समेत कई आकर्षक सुविधाएं दी जा रही हैं.

### पटना में आईटी टॉवर का हो रहा निर्माण

जानकारी के अनुसार आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए पटना के पाटलिपुत्र उद्योगिक क्षेत्र में करीब 8 लाख वर्गफीट जगह में 12 निजी आईटी टावर का निर्माण किया जा रहा है. इसके साथ ही उद्योग का बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जगह प्लग एण्ड प्ले सिस्टम के तहत बनाए गए शेड भी इन आईटी कंपनियों को उनके कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे.

### कई और कंपनियां कर सकती हैं निवेश

जानकारी के अनुसार कई अन्य कंपनियों ने भी बिहार में निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है. यह कंपनियां निवेश करने के लिए ऐसे जगह की तलाश में हैं जहां आईटी प्रोफेशनल के लिए इको सिस्टम हो. ऐसे में यह कंपनियां पटना और इसके आसपास के क्षेत्रों में ही ऑफिस लगाने पर विचार कर रही हैं. वैसे मुजफ्फरपुर के बेला उद्योगिक क्षेत्र और बिहटा में भी कंपनियों को जगह उपलब्ध कराई जा सकती है.

### एचसीएल टेक पटना में खोलेगी अपना पहला ऑफिस

उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने सोशल मीडिया पर बताया कि आईटी क्षेत्र की वैश्विक कंपनी एचसीएल टेक अपना पहला कार्यालय मार्च महीने में बिहार के पटना में खोलने जा रही है. इस प्रमुख आईटी कंपनी को आकर्षित करने के लिए बियाडा द्वारा पटना के गांधी मैदान के पास स्थित उद्योग भवन में एक पूरी तरह से आकर्षक वर्किंग स्पेस उपलब्ध कराया गया है. टाइगर एनालिटिक्स के बाद दूसरी आईटी ऑफिस कंपनी बिहार में शुरू हुई. उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही पटना में एक डेटा सेंटर प्रोजेक्ट भी शुरू किया जाएगा.

## रुकावटों के बावजूद 17 महीने में लाखों नौकरियां दीं, नीतीश के साथ काम करने में दिक्कत हो रही थी: तेजस्वी



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला है। उन्होंने सीएम नीतीश को पुराने ख्यालात और रूढ़िवादी अप्रोच वाला व्यक्ति करार दिया है। तेजस्वी ने कहा कि जब वह नीतीश कुमार के साथ सत्ता में थे तब अपनी क्षमता का 10 फीसदी ही काम कर पा रहे थे। उनके साथ काम करने में दिक्कत हो रही थी। इतनी रुकावटों और सीमाओं के बावजूद उन्होंने अपने बल पर महज 17 महीनों में लाखों नौकरियां दीं। साथ ही पर्यटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन काम किए।

तेजस्वी यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने कहा कि गठबंधन धर्म की सीमितता एवं बाध्यताओं के बीच उन्होंने नीतीश कुमार के साथ काम किया। नीतीश के पुराने ख्यालात, अप्रचलित तौर-तरीके, असामयिक निर्णय, कालग्रस्त कार्यशैली एवं रूढ़िवादी एप्रोच वाले नेतृत्व के साथ वह अपनी क्षमता का बस 10 फीसदी ही कार्य कर पा रहे थे। इन सबके बावजूद उन्होंने तार्किकता, बुद्धिमत्ता, वैज्ञानिकता और व्यावहारिकता के बल पर केवल 17 महीनों में ही लाखों नौकरियां दीं। साथ ही पर्यटन, आधारभूत संरचना, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्रों में प्रभावी, बेहतरीन एवं ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि आम जनता ने 17 साल बनाम 17 महीनों के इस सकारात्मक अंतर का नजदीक से अनुभव करके स्वागत किया है।

तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से आरजेडी का एक वीडियो भी शेयर किया। इसमें एनडीए सरकार के 17 साल बनाम महागठबंधन सरकार के 17 महीने की तुलना की गई है। इसमें दावा किया गया कि तेजस्वी ने बेहतरीन काम किया। देश में पहली बार जाति आधारित गणना करके 75 फीसदी तक आरक्षण बढ़ाया गया। लाखों पदों पर बहाली निकाली गई। स्वास्थ्य विभाग में 1.35 लाख पदों पर भर्ती को अंतिम चरणों तक पहुंचाया गया। 4 लाख शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिलाया। पंचायत प्रतिनिधियों, आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया गया। इसके अलावा पर्यटन एवं खेल नीति को बढ़ाने का श्रेय भी तेजस्वी यादव को दिया गया है।

## बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दूल्हे के चाचा की मौत:दुल्हन की मौसी सहित तीन घायल

### बाइक सवार को बचाने के दौरान हुआ हादसा



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में शादी समारोह से लौट रही बारातियों से भरी पिकअप वैन भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। बाइक सवार को बचाने में पिकअप वैन अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटी खा गई। जिसमें दूल्हे के बड़े चाचा की मौत हो गई। जबकि पिकअप वैन पर सवार दुलहन की मौसी सहित तीन अन्य बाराती घायल हैं। जिस वक्त ये हादसा हुआ पिकअप वैन पर ड्राइवर समेत 5 बाराती सवार थे। हादसे के बाद ड्राइवर पिकअप वैन छोड़कर फरार हो गया। घायल बारातियों को स्थानियों की मदद से अनुमंडल अस्पताल बनमनखी में एडमिट कराया गया है, जहां सभी का इलाज जारी है। घटना बनमनखी-धमदाहा सड़क मार्ग की नवटोलीया बघुवा वार्ड 8 और 9 के बीच मंगलवार देर शाम की है। हादसे में जान गंवाने वाले मृतक की पहचान भवानीपुर थाना क्षेत्र के लाठी पंचायत के वार्ड 12 खरकट्टा निवासी लखन मंडल के 52 वर्षीय बेटे रामचंद्र मंडल के रूप में हुई है। मृतक रिश्ते में दूल्हे के बड़े चाचा हैं। वहीं, घायलों की पहचान मृतक के छोटे भाई रंजीत कुमार, पंकज कुमार और दुलहन की मौसी अजरपुर वार्ड 6 चौसा निवासी उदय मंडल की पत्नी सुनीता देवी के रूप में रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के छोटे भाई रंजीत कुमार मंडल ने बताया कि 11 मार्च को उनके भतीजे की शादी थी। जिसे लेकर वे भतीजे के बारात लेकर टोनहाजहद गांव गए थे। शादी संपन्न होने के बाद आज वे विवाह में दी गई सामग्री लेकर पिकअप वैन से वापस खरकट्टा लौट रहे थे। कि इससे पहले ही बनमनखी-धमदाहा मार्ग पर निपनियां पंचायत के नवटोलीया बघुवा वार्ड 8 और 9 के बीच बाइक सवार को बचाने में पिकअप वैन गड्ढे में पलटी खा गई। जिसमें उनके भाई की मौत बनमनखी अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। जबकि उनके दो अन्य भाई गंभीर रूप से घायल हैं। इस पिकअप वैन पर दुल्हन की मासी भी बैठी थी। जिसके चलते वे भी इस हादसे में जख्मी हो गई। घटना के फौरन बाद स्थानीय मौके पर जुटे। जिसके बाद सभी घायलों को बनमनखी अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां घायलों का इलाज जारी है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। हालांकि, मृतक के परिजनों ने शव के पोस्टमार्टम से साफ इनकार कर दिया है।

# बिहार एनडीए में लोकसभा सीटों का बंटवारा इसी सप्ताह



**पटना, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार एनडीए में सीट बंटवारे का औपचारिक ऐलान इस सप्ताह कभी भी हो सकता है। इसको लेकर पटना से दिल्ली तक हलचल तेज है। खासकर मंगलवार को सीट बंटवारे को लेकर एनडीए में जिस तरह की गतिविधियां तेज हुई, इससे इस कयास को बल मिला है कि बीजेपी नीत गठबंधन में सीट शेयरिंग का पेच अब सुलझने वाला है। इसके लिए बीजेपी लगातार अपने सहयोगी दलों के साथ संपर्क में है। बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद तावड़े के दिल्ली स्थित आवास पर मंगलवार को प्रदेश पार्टी के नेताओं की बैठक हुई। इसमें डिप्टी सीएम सह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया शामिल हुए। लगभग ढाई घंटे तक चली इस बैठक में बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर मंथन हुआ। इस मीटिंग में बीजेपी नेताओं ने हर एक सीट पर बातचीत की। साथ ही बीजेपी की सीटिंग सीटों में पर्यवेक्षकों से हर लोकसभा क्षेत्रों के लिए आए 4-6 नामों में तीन-तीन नाम छांटे गए। पार्टी आलाकमान को हर सीट पर तीन-तीन नामों की लिस्ट भेजी जाएगी। इन्हीं तीन में से किसी एक को उम्मीदवार बनाया जाएगा।

### सम्राट चौधरी बोले- चुनाव की घोषणा से पहले हो जाएगा सीट बंटवारा

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले एनडीए में सीटों का बंटवारा हो जाएगा। सम्राट मंगलवार को ही दिल्ली से पटना लौटे। वे एक-दो दिन में फिर से दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि एनडीए में सबकुछ ठीक है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। कोई भी गठबंधन छोड़कर कहीं नहीं जा रहा है।

### पशुपति पारस से सीट बंटवारे पर हुई बात

बीजेपी प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस से भी सीट शेयरिंग पर बात की। तावड़े ने पारस से लोजपा के दोनों गुटों का विलय करने और चिराग पासवान के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का सुझाव दिया। ताकि लोकसभा चुनाव में एनडीए मजबूत स्थिति में जा सके। हालांकि, पशुपति पारस ने कहा कि हाजीपुर सीट से वही चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने अपनी पार्टी की चार सीटिंग सीटों पर भी अपना दावा स्वाभाविक बताया।




## पैसेंजर ओर मेमू का अब लगेगा सामान्य रेल भाड़ा, अब तक लग रहा था एक्सप्रेस का किराया

**गया, एजेंसी।** पैसेंजर और मेमू ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी। अब उन्हें एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया भाड़ा नहीं देना पड़ेगा। हालांकि यह आदेश 11 दिन पहले रेलवे बोर्ड की ओर से जारी कर दिया गया था, लेकिन पंडित डीडीयू रेल मंडल की ओर से इस बाबत मंगलवार को आदेश जारी किया गया है। आदेश के जारी होते ही बुधवार की सुबह से यह प्रभावित हो जाएगा। मसलन अब पैसेंजर और मेमू ट्रेनों के रेल यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन का किराया भाड़ा नहीं देना पड़ेगा। अब गया से पटना 25 रुपए में ही पहुंच जाएंगे। इससे पूर्व वे गया से पटना के लिए 50 रुपए किराया भाड़ा दे रहे थे। यह समस्या कोरोना काल से ही चली आ रही थी।

**यात्रियों को आर्थिक रूप से काफी राहत मिलेगी :** अब गया से पटना के लिए सभी मेमू ट्रेनो में 25 रुपये भाड़ा निर्धारित रहेगा। पहले दो मेमू ट्रेन छोड़कर शेष सभी मेमू में एक्सप्रेस ट्रेन का भाड़ा 50 रुपये का भुगतान करना पड़ता था। स्पेशल ट्रेन के नाम पर पूर्व में लिए जा रहे 30 रुपये के स्थान पर अब 10 रुपये ही किराया देना होगा। सामान्य ट्रेन घोषित हो जाने से न्यूनतम किराया 10 रुपया जारी कर दिया गया है। इससे गरीब गुरबो व अन्य यात्रियों ने काफी राहत की सांस ली है। दैनिक रेल यात्री संघ के रवि रंजन और उदय श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे बोर्ड के घोषणा के बावजूद स्पेशल ट्रेन का सामान्य भाड़ा लागू नहीं किए जाने से रेलवे बोर्ड के प्रति खीझ हो रही थी।

## बिहार में 4500 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की वैंकेसी रद्द, जनरल के लिए नहीं थी एक भी सीट

**पटना, एजेंसी।** हेल्थ सब सेंटर और हेल्थ वेलनेस सेंटर में 4500 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की नियुक्ति के लिए जारी की गई वैंकेसी रद्द कर दी गई है। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति ने मंगलवार को सूचना जारी की। समिति की ओर से जारी सूचना में वैकेंसी संबंधी विज्ञापन रद्द करने का कारण अपरिहार्य बताया है। इसके पहले समिति ने 9 मार्च को वैकेंसी जारी की थी। बीएससी नर्सिंग पास अभ्यर्थियों से 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आवेदन मांगा गया था। संविदा (कांट्रेक्ट) के आधार पर नियुक्ति होनी थी। प्रति माह 32 हजार वेतन और 8 हजार रुपए इंसेंस्टिव सहित 40 हजार रुपए मिलना था।

**वैकेंसी रद्द होने का ये कारण :** 4500 की वैकेंसी में अनारक्षित कोटा में एक भी रिक्ति नहीं थी। इस मामले ने बेहद तूल पकड़ लिया था। वैकेंसी की चौतरफा आलोचना होने लगी थी। खास कर सोशल मीडिया में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल उठाया जा रहा था। माना जा रहा है कि इस कारण से ही वैकेंसी रद्द की गई होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### किस-किस से लिया चंदा...तुम कब दिखलाओगे, इलेक्ट्रॉल बांड पर लोक गायिका नेहा राठौर का नया गाना

**पटना।** लोकगीतों से ज्यादा व्यंग्य गीतों के लिए चर्चित गायिका नेहा सिंह राठौर ने नया गाना गाया है। नए गीत में इलेक्ट्रॉल बांड, मणिपुर, किसान और बेरोजगारी की भी चर्चा है। नेहा ने गाया- किस किस से लिया चंदा, तुम कब दिखलाओगे, बदले में दिया क्या-क्या, तुम कब बतलाओगे? ईश्वर से डरो साहेब वरना पछताओगे....ये तो बता देना मणिपुर कब जाओगे? बम भी बरसाया है, गोली भी चला दी है, भारत के किसानों को किस बात की सजा दी है? नौकरी की आस में जो सड़कों पर बैठे हैं कब तक बेचारों पर लाठी बरसाओगे? संसद तो बदल दी है संविधान बदल देंगे, ये लोकतंत्र में लोग पहचान बदल देंगे। दिल्ली में जो बैठे हैं, जनता को फुसलाकर धर्म के व्यापारी, जो सब को लाए हैं तुम उनको लाओगे, ईश्वर से डरो साहिब....। उनके नए गीत में गांधी की हत्या और गोडसे की भी चर्चा है। अपने गीतों की वजह से कई बार नेहा सिंह राठौर कानूनी अड़चन में भी फंस चुकी हैं। यूपी विधानसभा चुनाव के पहले उनका यूपी में का बा गीत काफी पॉपुलर हुआ था। उन्होंने बिहार में का बा गीत भी गाया था। नेहा ने एक दिन पहले उत्तर पूर्व दिल्ली से बीजेपी सांसद मनोज तिवारी पर भी व्यंग्य साधा था। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को नसीहत देते हुए लिखा था ‘ जेपी नड्डा जी, आपने इस गीत को सुना या नहीं? क्या सोचकर आपने इनको तीसरी बार टिकट दे दिया? बाकी सबका ना सही, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का ही लिहाज कर लिया होता।’ नेहा राठौर ने मनोज तिवारी द्वारा गाया गया होली गीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला है। बता दें, नेहा सिंह राठौर ने हाल में यह बयान दिया है कि उन्हें टिकट दिया जाएगा तो वे चुनाव लड़ने के बारे में सोचेंगी। यह साफ है कि नेहा सिंह राठौर को राजनीति से परहेज नहीं है। बीजेपी के खिलाफ वे ज्यादा मुखर दिख रही हैं। इससे पता चलता है कि वे किससे टिकट की आस लगा रही हैं।

### ब्रिटिश संसद में सम्मानित हुई पटना की बेटी



**पटना।** पटना की डॉ. सान्या शर्मा को लंदन स्थित ब्रिटिश संसद में आयोजित एक समारोह में परोपकार और सामाजिक प्रभाव के लिए ‘शी इंस्पायर अवार्ड’ से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान IIW इंस्पायरिंग इंडियन वूमेन ऑर्गेनाइजेशन यूके द्वारा दिया गया है। जूरी में सांसद यूके बॉब ब्लैकमैन, कैमडेन के मेयर क्लिर नाज़मा रहमान, लॉर्ड ब्रेनन और एमपी यूके थेरेसा विलियर्स शामिल थे। इस कार्यक्रम में महिलाओं के फ्लेक्सिबिलिटी और परिवर्तनकारी प्रभाव को सेलिब्रेट गया और साथ ही समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी गई। एक एनजीओ के संस्थापक-निदेशक के रूप में, सान्या ने दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अथक समर्पण और प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश किया है। इसके अलावा उन्होंने एसिड हमलों से बचे लोगों के अधिकारों और भलाई के लिए वकालत की है। IIW (इंडियन इंस्पायरिंग वुमेन) द्वारा आयोजित शी इंस्पायर अवार्ड्स का उद्देश्य गुमनाम नायकों पर प्रकाश डालना और समाज के निर्माण में उनके मौन लेकिन महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करना है। डॉ. सान्या शर्मा की मान्यता सशक्तीकरण और समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देने, दूसरों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और उनमें स्थायी प्रभाव डालने के लिए प्रेरित करने के महत्व को रेखांकित करती है।

### शॉर्ट लिस्टेड शिक्षकों की आज सूची जारी करेगा BSEB, कल इंटरव्यू लिया जाएगा



**पटना।** बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड (BSEB) छात्रों को इंजीनियरिंग (JEE Main) और मेडिकल प्रवेश परीक्षा (NEET) की तैयारी के लिए फ्री गैर-आवासीय कोचिंग प्रदान कर रहा है। ऐसे में बोर्ड की और से राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और गणित के शिक्षक छात्रों को परीक्षा की तैयारी करवाने के लिए आवेदन करने का मौका 5 मार्च तक का दिया था। वहीं अब बोर्ड ने इसको लेकर अहम नोटिस जारी किया है। बोर्ड की ओर से आवेदन करने वाले शिक्षकों में शॉर्टलिस्टेड शिक्षक की सूची आज 12 बजे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट https://coaching.biharboardonline.com पर जारी की जाएगी। इसके बाद सभी शॉर्टलिस्टेड शिक्षकों का इंटरव्यू बोर्ड द्वारा कल 14 मार्च को 11 बजे बिहार बोर्ड परीक्षा कार्यलय में आयोजित किया जायेगा। अगर बोर्ड के इंटरव्यू में ये तमाम चयनित शिक्षक पास हो जाते है। तब इन तमाम शिक्षकों को उनको मिलने वाली कुल वेतन का 20 प्रतिशत अतिरिक्त राशि प्रोत्साहन मानदेश के रूप में दी जाएगी। BSEB की फ्री गैर-आवासीय कोचिंग नौ प्रमंडल मुख्यालय पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा, सहरसा, पूर्णियां भागलपुर, मुंगेर और गया में प्रदान की जाएगी। चयनित शिक्षक अपने हिसाब से इन 9 जिलों में से किसी में भी पोस्टिंग ले सकते हैं।

### CBSE ने मांगी परीक्षा केंद्रों से रिपोर्ट, हर दिन डाटा अपडेट करने का निर्देश

**पटना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने सभी परीक्षा केंद्र संचालकों को निर्देश दिया है कि वे हर दिन डाटा अपडेट करें। बोर्ड ने हर दिन छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी मांगी है। इसके साथ जो छात्र किसी कारण से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाते हैं उनके बारे में भी रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, सीबीएसई को रिपोर्ट मिल रही थी कि कुछ परीक्षा केंद्रों से डाटा हर दिन अपडेट नहीं किया जा रहा है। इससे कापियों के मूल्यांकन की तैयारी करने में बोर्ड को परेशानी हो सकती है। बोर्ड ने निर्देश देते हुए कहा कि कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए परीक्षा 15 फरवरी से जारी है। यह देखा गया है कि इस संबंध में जारी निर्देशों के बावजूद कई परीक्षा केंद्र अभी भी OECMS पोर्टल पर डेटा अपडेट नहीं कर रहे हैं। यह पहले ही निर्देश दिया गया था कि सभी केंद्र अधीक्षक OECMS पोर्टल में जानकारी अनिवार्य रूप से अपडेट करें। इस जानकारी का उपयोग परीक्षाओं के संचालन की दिन-प्रतिदिन की निगरानी के लिए किया जाता है। सीबीएसई का रिजल्ट हमेशा समय पर आता है। इस बार बोर्ड को चिंता है कि समय पर रिजल्ट प्रकाशित होगा या नहीं। जल्द ही कापियों की जांच की कार्रवाई शुरू होने वाली है। कापियों की जांच के लिए शिक्षकों की व्यवस्था करनी है। लेकिन डाटा अपडेट नहीं होने के कारण सीबीएसई की परेशानी काफी बढ़ गई है।

### पटना में 2 सिलेंडर ब्लास्ट, 12 लोग घायल, फतुहा में शादी के बाद चौठारी पूजा का खाना बना रहे थे

**पटना।** पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में शादी के बाद मंगलवार की देर रात खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस घटना में महिला, पुरुष, बच्चे सहित 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फतुहा थाना प्रभारी ने बताया कि सुल्तानपुर गांव में गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने की सूचना मिली थी। कई लोग घायल हो हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि 7 मार्च को सुल्तानपुर गांव में एक घर में शादी हुई थी। शादी खत्म होने के बाद मंगलवार की शाम चौठारी पूजा को लेकर खाना बनाने का काम चल रहा था। खाना बनाने में परिवार के कई लोग एक-दूसरे की मदद कर रहे थे। अचानक खाना बनाने के दौरान गैस लीक होने से आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही परिवार के कई पुरुषों ने आग को बुझाने के लिए कंबल और पानी का छिड़काव करना शुरू कर दिया। अचानक दो सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। इस हादसे में शादी समारोह में आए परिवार के महिला, पुरुष, बच्चों सहित 12 से ज्यादा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में अनिता कुमारी 20 वर्ष, यीशु कुमार 6 वर्ष, संजीत कुमार 8 वर्ष, अमरजीत कुमार 10 वर्ष, पीयूष कुमार 6 वर्ष, रिया कुमारी 4 वर्ष, मीना देवी 30 वर्ष, शुभम कुमार 4 वर्ष, मुन्नी देवी 30 वर्ष, अखिलेश महतो 25 वर्ष ,चानू देवी 35 वर्ष, सोनू कुमार 25 वर्ष, संध्या कुमारी 12 वर्ष एवं बबलू कुमार 10 वर्ष शामिल हैं।

# पटना सिविल कोर्ट में ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट, वकील की मौत, 6 झुलसे

## इलाज के लिए PMCH रेफर, चीफ जस्टिस ने बुलाई बैठक



**एजेंसी, पटना।**

पटना सिविल कोर्ट में बुधवार करीब डेढ़ बजे ट्रांसफॉर्मर में ब्लास्ट हो गया। इसमें एक वकील देवेंद्र प्रसाद की मौत हो गई है। 6 लोग झुलसे हैं। अचानक हुए इस हादसे के कारण कोर्ट कैंपस में हड़कंप मच गया। काफी देर तक हादसे वाली जगह पर भगदड़ की स्थिति बन गई। ट्रांसफॉर्मर सिविल कोर्ट के गेट नंबर-एक के पास लगा था। FSL की टीम कोर्ट पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षा में हाई लेवल बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में डीएम, एसएसपी और बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद हैं। हादसे के समय कैदियों को हाजत से कोर्ट रूम ले जाया जा रहा है। इस दौरान एक कैदी ने मौके का फायदा उठाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखते हुए उसे पकड़ लिया। कैदी के खिलाफ पीरबहोर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि वकील देवेंद्र दिव्यांग थे। ने रोजाना रिक्शा से कोर्ट आते थे। ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट हुआ तो देवेंद्र भागने की कोशिश की, लेकिन दौड़ नहीं पाए और हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद पुलिस और आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। मेडिकल टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। हादसे में मुंशी जितेंद्र और वकील हरी नारायण गुप्ता, प्रकाश कुमार और मनीष कुमार गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

**वकील शव के साथ कर रहे प्रदर्शनः** घटना की सूचना मिलने के बाद पटना सदर एसडीएम, एडीएम मौके पर पहुंचे और वकीलों से बात की। हालांकि, वकील बॉडी नहीं जाने दे रहे हैं। कोर्ट परिसर में शव के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान एनआईए कोर्ट के जज से वकील उलझ गए। इसके बाद कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शन कर रहे वकील चीफ जस्टिस को बुलाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार मृतक के परिवार को 50 लाख का मुआवजा दे।

# TRE-3 भर्ती परीक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**एजेंसी, पटना।**

**एग्जाम शुरू होने से 2 घंटा पहले अभ्यर्थियों को पहुंचना होगा, कदाचार पर 5 साल के लिए बैन**

बीपीएससी की ओर से आयोजित शिक्षक भर्ती के तीसरे चरण के लिए 15 मार्च को दो पालियों में 26 केंद्रों पर परीक्षा होगी। एग्जाम को लेकर आयोग की ओर से दिशा-निर्देश जारी किया गया है। एग्जाम शुरू होने से 2 घंटा पहले ही अभ्यर्थी सेंटर पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा शुरू होने के 1 घंटा पहले तक ही एंट्री दी जाएगी। ओएमआर आंसर शीट में क्वेश्चन बुकलेट का सीरीज अंकित रहेगा। अभ्यर्थी ओएमआर आंसर शीट में क्वेश्चन बुकलेट की संख्या लिखेंगे। रोल नंबर का केवल गोला रंगना सुनिश्चित करेंगे। उम्मीदवारों को औपबंधिक रूप से प्रवेश की अनुमति दी गई है। आवेदन में अपलोड किए गए डॉक्यूमेंट जांच के दौरान गलत पाए जाने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। आगामी परीक्षाओं में भाग लेने से वंचित किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र परिसर में मोबाइल, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रोनिक पेन, पेजर Wrist Watch (सामान्य / Smart) आदि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री को लेकर जाना एवं उपयोग वर्जित है। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक सामग्री मिलने पर उसे कदाचार मानते हुए बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कदाचार पर 5 साल के लिए किया जाएगा सस्पेंडः** आयोग ने कहा है कि अगर किसी भी परीक्षा के दौरान कदाचार करते हुए पाए जाने पर अभ्यर्थियों को 5 साल के लिए सस्पेंड किया जाएगा। परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में 3 वर्षों के लिए परीक्षाओं से वंचित किया जाएगा। 15 मार्च को पहली पाली में 26 जिलों में 415 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहली पाली की परीक्षा के लिए 2.14 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

# पटना में आर्केस्ट्रा गर्ल के ठुमके पर हर्ष फायरिंग

**एजेंसी, पटना।**



**शादी समारोह में भोजपुरी गाने पर डांसर ने भी कट्टा लहराया**

पुलिस मुख्यालय के कड़े निर्देश के बावजूद भी पार्टी फंक्शन में हर्ष फायरिंग का मामला रुकने के नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला पटना के गोपालपुर का है, जहां थाने से महज कुछ दूरी पर ही शादी समारोह में हाथ में बंदूक थामे आर्केस्ट्रा गर्ल का भोजपुरी गाने पर डांस चलता रहा। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने जमकर फायरिंग भी की। वीडियो बीते 11 मार्च का बताया जा रहा है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। पटना सदर की एएसपी स्वीटी शेरावत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गोपालपुर थाने को ही जांच के आदेश दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का यह कहना है कि अगर पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी रात में गस्ती के निकलती तो शायद ऐसे मामलों पर पुलिस रोक लगा सकती थी, लेकिन गोपालपुर थाने की पुलिस एक्टिव नहीं हुई।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरलः** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो बीते सोमवार का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि शादी समारोह में एक युवक स्टेज पर चढ़कर ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहा है। स्टेज पर आर्केस्टा गर्ल भोजपुरी गाने पर डांस कर रही हैं। उनके हाथों में भी कट्टा दिख रहा है। वह भी हाथ में हथियार लेकर डांस कर रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच का आदेश दिए हैं।

# नौकरी को चुनावी मुद्दा बनाना चाहते हैं तेजस्वी

## नीतीश के17 साल बनाम तेजस्वी के 17 माह के बारे में की चर्चा, इशारों में नीतीश पर तंज

**एजेंसी, पटना।**




चुनाव से पहले मुद्दों का मांजने का काम किया जा रहा है। बिहार में चुनावी मैदान में उतरने से पहले हर पार्टी नौकरी देने का क्रेडिट लेने में लगी है। इसी सिलसिले में तेजस्वी ने बुधवार को अपने एक्स पर लिखा है कि ‘ गठबंधन धर्म की सीमितता व बाध्यताओं के बीच तथा पुराने ख्यालात, अप्रचलित तौर-तरीके, असामयिक निर्णय, कालग्रस्त कार्यशैली एवं रूढ़िवादी एप्रोच वाले नेतृत्व के साथ मैं अपनी क्षमता का बस 10% ही कार्य कर पा रहा था। इन सब सीमाओं व रुकावटों के बावजूद भी हमने तार्किकता, बुद्धिमत्ता, वैज्ञानिकता और व्यावहारिकता के बल पर केवल 17 महीनों में ही लाखों नौकरियां दी एवं पर्यटन, आधारभूत संरचना, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्रों में प्रभावी, बेहतरीन व ऐतिहासिक कार्य किए। आम जनमानस ने 17 साल बनाम 17 महीनों के इस सकारात्मक अंतर को नजदीक से अनुभव कर स्वागत किया।’ तेजस्वी ने ये बातें बुधवार को सोशल मीडिया पर कही हैं। तेजस्वी ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। वीडियो में बताया गया है कि चार लाख से अधिक सरकारी नौकरी दिलाई। जाति गणना कराकर 75 फीसदी आरक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग में नए पद सृजित कर नियुक्ति प्रक्रिया को अंतिम चरण तक पहुंचाया। ममता और आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि बढ़वानी की पहल की। आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़वाया, खेल में मेडल लाओ नौकरी पाओ शुरू करवाया,टूरिज्म पॉलिसी, आईटी पॉलिसी के फायदे भी गिनाए।

**नौकरी एक एजेंडा सबसे ऊपरः** सामने लोकसभा का चुनाव है और साफ है कि तेजस्वी अपने 17 माह के कामकाज को लेकर ही जनता से वोट मांगने जाएंगे। जन विश्वास यात्रा और जन विश्वास रैली में भी तेजस्वी 17 माह का हिसाब जनता के बीच देते रहे। तेजस्वी की पूरी लड़ाई अब 17 साल बनाम 17 माह है। इसमें पर्यटन, आधाभूत संरचना, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र के कामकाज हैं। उनका सबसे अधिक फोकस लाखों नौकरियों पर है। तेजस्वी विधान सभा चुनाव के पहले ही कह चुके थे कि उनकी सरकार बनेगी तो कैबिनेट की पहली बैठक में पहली कलम से 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम करेंगे। उनकी सरकार नहीं बनी लेकिन जब नीतीश कुमार के साथ वे सरकार में शामिल हुए तो बड़ी संख्या में नीतीश-तेजस्वी सरकार ने लोगों को सरकारी नौकरियां दीं। इस पर जेडीयू और आरजेडी के बीच काफी विवाद है कि नौकरियां तेजस्वी की वजह से दी गईं या नीतीश कुमार की वजह से। दोनों पार्टियां अब क्रेडिट लेने में दिखती हैं। आरजेडी का नारा है- नौकरी मतलब तेजस्वी और जेडीयू का नारा है- नौकरी मतलब नीतीश सरकार।

**रोहिणी ने लिखा- बड़ा सवाल केन्द्रीय सरकारी एजेंसियां भाजपा का ही एक्सटेंशन?ः** तेजस्वी यादव की बहन और लालू प्रसाद को किडनी डोनेट करने वाली बेटी रोहिणी आचार्या ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि बड़ा सवाल केन्द्रीय सरकारी एजेंसियां भाजपा का ही एक्सटेंशन ? रोहिणी ने आरजेडी की टिप्पणी को रिट्वीट किया है जिसमें लिखा है- पहला कदम ईडी की रेड कराओ, दूसरा कदम कुछ दिन बाद उसी कथित भ्रष्टाचारी को बीजेपी ज्वाइन कराओ।

# डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली गाड़ी करेगी वोट के लिए जागरूक

**एजेंसी, पटना।**



2024 लोकसभा चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए पटना नगर निगम और पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड SVEEP अभियान के तहत जगह-जगह पर जिंगल्स और ग्राफिकल कंटेंट के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। पटना के चौक-चौराहे पर लगाए गए 51 पब्लिक एड्रेस सिस्टम और 15 वैरिएबल मैसेज डिस्प्ले द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही 375 कचरा उठाने वाली डोर टू डोर गाड़ियों के माध्यम से भी वोटरों को वोट करने को लेकर जागरूक किया जाएगा। पटना स्मार्ट सिटी की पीआरओ प्रिया सौरभ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के फ्लैगशिप प्रोग्राम के तहत लोगों को वोटिंग के अधिकार के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही वोटर लिस्ट में अपने नाम को रजिस्टर करने के लिए भी उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। पटना के मुख्य 51 जगहों जैसे डाकबंगला चौराहा, बोरिंग रोड, कारगिल चौक, एसपी वर्मा रोड, बुद्धा कॉलोनी, एग्जिबिशन रोड, आदि जगहों पर चुनाव संबंधित मैसेज ग्राफिकल कंटेंट के माध्यम से देखने और जिंगल्स के मध्यम से सुनने को मिलेंगे।

# दोराहे पर मुकेश सहनी, स्टैंड क्लियर नहीं, कहा- राजनीति में जो कुछ भी हासिल किया

**एजेंसी, पटना।**



लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीट शेयरिंग पर बात चल रही है। वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहने के भी एनडीए में शामिल होने की चर्चा है, लेकिन अभी तक उनका स्टैंड क्लियर नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आज उनका जो मुकाम है। वो अपने दम पर बनाया है। विरासत में नहीं मिली है। मैं सड़क पर उतरकर संघर्ष किया। उद्देश्य केवल यही था कि निषाद समाज को आरक्षण मिले। देश के कई दूसरे राज्यों में निषाद समाज को आरक्षण मिल रहा है तो वह आरक्षण बिहार में क्यों नहीं मिल रहा है? जबकि देश एक है और संविधान एक है। 2018 में हमने पार्टी बनाई। उसके बाद से कई चुनाव को लड़ा। पूरे बिहार में मेहनत करके हमने अपनी एक दुनिया और पहचान बनाई है। उद्देश्य यही है कि समाज का भला है। मैंने अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा केवल समाज की भलाई के लिए लगा दिया। मुकेश सहनी ने कहा कि मेरी पार्टी के लिए सीट मायने नहीं है। हमारी बस एक ही चाहत है कि निषाद आरक्षण की मांग को स्वीकार किया जाए। हमारे मुद्दे पर अभी गोल-गोल सहमति की बात सामने आ रही है लेकिन स्पष्ट रूप से भी कुछ नहीं कहा जा रहा है।

# सब्जी मंडी में दोनों हाथों से 11 राउंड फायरिंग



पटना के पुनाईचक में 2 दुकानदार और एक ग्राहक को लगी गोली

**एजेंसी, पटना।**

पटना में बाइक सवार 4 अपराधियों ने मंगलवार रात 9:45 बजे ताबड़तोड़ 8 राउंड फायरिंग की। शास्त्रीनगर थाने के पुनाईचक सब्जी मंडी इलाके में एक के बाद एक कई राउंड गोलियां चलीं। फायरिंग में एक साथ 3 लोगों को गोली लगी है। तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी को इलाज के लिए राजधानी के दो अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। वारदात के वक्त सब्जी मंडी में मौजूद एक शख्स ने बताया कि 2 बाइक पर 4 लोग पहुंचे थे। सभी चेहरे पर मास्क पहने थे। पहले दुकान बंद करने को कहा। इसके बाद हवा में फायरिंग की। थोड़ी देर बाद दोनों हाथ में पिस्टल लेकर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। प्रत्यक्षदर्शी की माने तो मौके पर 11 राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई। एक शख्स को बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ाकर भी गोली मारी है। गोलीकांड में दो नाम सामने आए हैं। पीड़ित ने अपने बयान में पहला नाम संतोष शर्मा और दूसरा नाम छोटू उर्फ साइको का बताया है। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने शराब बेचने वाले एक स्थानीय भूटानी नाम के युवक को हिरासत में लिया है।

**घायलों में दो सब्जी बेचने वालेः** अपराधियों की गोली से जो 3 लोग घायल हुए हैं, उनमें दो लोग सब्जी बेचने वाले हैं। इनमें एक का नाम अजय कुमार है। जिसे पैर में गोली लगी है। दूसरे घायल का नाम जितेंद्र कुमार राय है। जितेंद्र राय को सीने में दाहिने तरफ गोली लगी है। ये दोनों सब्जी मंडी के पास पत्थर गली के रहने वाले हैं। जबकि, तीसरे घायल का नाम गुंजन कुमार झा है। गुंजन को बांह में गोली लगी है। ये सब्जी खरीदने गया था।

**2 बाइक से आए थे 4 अपराधीः** वारदात रात के 9:45 बजे के करीब की है। उस वक्त सब्जी मंडी की दुकानें एक-एक कर बंद हो रही थी। उसी बीच 2 बाइक से 4 अपराधी आए थे। जिन्होंने पिस्टल निकाली और अचानक से फायरिंग शुरू कर दी। गोली की आवाज सुनकर मौके पर भगदड़ मच गई। इसी दौरान दो दुकानदार और एक ग्राहक को गोली लग गई। इसके बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। वारदात के कुछ समय बाद लोगों ने कॉल कर शास्त्रीनगर थाने को सूचना दी। तब 10:15 बजे के करीब थानेदार अमर कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक सभी घायलों को इलाज के लिए परिवार और मौके पर मौजूद लोग हॉस्पिटल ले जा चुके थे। जांच के दौरान पुलिस टीम ने 4 खोखे बरामद किए हैं।

# तेजस्वी से तबाह थे नीतीश, 17 महीने अपराधियों को दिया संरक्षण

## नित्यानंद राय बोले-CAA का विरोध करने वाले के अंदर मानवता खत्म

**एजेंसी, पटना।**



बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कोर ग्रुप की नई दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में कल बैठक हुई थी। बैठक के बाद आज दिल्ली से पटना पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की। सीएम नीतीश कुमार तेजस्वी से तबाह थे, इसलिए एनडीए में आए। 17 महीने तेजस्वी यादव की पार्टी ने अपराधियों को संरक्षण दिया। उन्होंने का की जो भी लोग CAA का विरोध कर रहे हैं, उनके अंदर से मानवता समाप्त हो गई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो देश को वादा किया था कि हम CAA कानून लाएंगे। उस वादे को उन्होंने पूरा किया है। जो भी लोग का कानून के खिलाफ बोल रहे हैं। उनके अंदर से मानवता समाप्त हो गई। अपने पड़ोसी देशों में जहां धर्म धर्म को लेकर लोगों के साथ अन्याय होता था। उनकी संपत्तियां लूट और जला दी जाती थी। उनके बहू बेटी की इज्जत लूट ली जाती थी। जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जाता था।

**NDA में कहीं कोई दिक्कत नहींः** वहीं एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर उन्होंने कहा कि इसके लिए निश्चिंत रहिए। एनडीए में कहीं कोई दिक्कत नहीं है। हम सब लोग मिलकर एकजुट होकर लड़ेंगे। 40 की 40 सीट बिहार में जीतेंगे। जब उनसे यह सवाल किया गया कि चिराग पासवान नाराज चल रहे हैं। हाजीपुर सीट को लेकर चाचा और भतीजे में खींचतान चल रही है। राजद इस पर मजे ले रही है। इसको लेकर नित्यानंद राय ने कहा कि राजद क्या मजे लेगी। वह तो खुद समाप्त हो चुकी है। जो परिवार की पार्टी है। जिसकी बुनियाद ही भ्रष्टाचार और घोटाला है। जिनको लूटना है। वह क्या बोलेंगे।

**तेजस्वी से तबाह थे नीतीश, इसीलिए एनडीए में आएः** तेजस्वी पिछले 17 महीना में अपने द्वारा किए गए कामों का उदाहरण दे रहे हैं। इसको लेकर नित्यानंद राय ने कहा कि तेजस्वी के कारनामों को पूरा बिहार जानता है। यह लोग नफरत की राजनीति करने वाले हैं। सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। हमेशा अपराधियों को संरक्षण देने वाले तेजस्वी यादव क्या बोलेंगे। 17 महीने में जो उनके कारण विधि व्यवस्था चौपट रही है। अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था। तेजस्वी यादव के कारण ही तो नीतीश कुमार तबाह थे। इस लिए एनडीए में आए।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**बांकेबाजार**। रौशनगंज थाना की पुलिस ने हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। रौशनगंज थानाध्यक्ष अंगद पासवान ने बताया कि थाना क्षेत्र के बरहमोरिया झारखंड बॉर्डर के समीप युवकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान थाना क्षेत्र के मगदा गांव निवासी नीतीश कुमार व शशि कुमार के रुप में हुई है। पुलिस ने युवकों के पास से एक थर्नट बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्तार युवकों से पूछताछ कर रही है।

### नैक ग्रेडिंग को जेजे कॉलेज ने जमा किया स्टडी रिपोर्ट

**मानपुर**। पूर्व प्राचार्य स्व डॉ कुमार राजीव रंजन द्वारा नैक ग्रेडिंग के लिए अथक प्रयास किए थे,लेकिन उनको उस वक्त सफलता नहीं मिली।पूर्व के गलतियों से सबक लेते हुए इस बार एकबार फिर नैक ग्रेडिंग के लिए सेल्फ स्टडी रिपोर्ट जमा किए है।उक्त बाते जगजीवन कॉलेज के निवर्तमान प्राचार्य डॉ सतेंद्र प्रजापति ने कहा। उन्होंने कहा की आईआईक्यूए की स्वीकृति मिलने के बाद एक महीने के भीतर शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने मेहनत कर सेल्फ स्टडी रिपोर्ट तैयार किया है।कहा की वे कॉलेज के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहेंगे।सनद रहे की गया कॉलेज के बाद जगजीवन महाविद्यालय गया शहर का सबसे पुराना महाविद्यालय है।ऐसे में नैक ग्रेडिंग नही होने से कॉलेज का विकाश अवरुद्ध हो रहा है।मौके पर नैक समन्वयक डॉ दीनानाथ,डॉ प्रदीप कुमार, डॉ श्यामदेव पासवान थे।

### दुधारू पशु में हो रहे बांझपन के लिए शिविर आयोजित

**मानपुर**। प्रखंड के बारा गंधार पंचायत के बराडीह गांव में पशुपालन निदेशालय के निर्देश पर एक दिवसीय पशु बांझपन एवं चिकित्सा सह परामर्शी शिविर आयोजित हुए।जहा बांझपन के शिकार 82 मवेशियों का जांच हुआ।इस संबंध में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सीके निराला ने बताया की हाल के दिनों में दुधारू पशुओं में संतुलित आहार की कमी देखी जा रही है।जिससे उन पशुओं में गर्भधारण की समस्या उत्पन्न हो गई है।

### मगध एक्सप्रेस के समय सारणी में हुआ बदलाव, 14 मार्च से 13.05 मिनट पर पटना से खुलेगी मगध एक्सप्रेस

**नालंदा**। 14 मार्च से गाडी सं. 22233/22234 न्यू जलपाईगुड़ी-पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन किया जायेगा। यह ट्रेन न्यू जलपाईगुड़ी और पटना से मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में सात दिन परिचालित की जायेगी। इस कारण नालंदा से खुलने वाली गाड़ी सं. 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस का पटना और एकगंरसराय के मध्य स्टेशनो पर ठहराव के समय में संशोधन किया गया है। दिनांक 14.03.2024 से गाड़ी सं. 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार दिल्ली से चलकर पटना जं. पर 12.55 बजे पहुंच कर यहां से 13.05 बजे खुलेगी। और 13.12/13.14 बजे राजेन्द्रनगर, 13.23/13.28 बजे पटना साहिब, 13.43/13.45 बजे फतुहा, 13.56/13.58 बजे दनियावां बाजार, 14.21/14.23 बजे हिलसा एवं 14.37/14.38 बजे एकंगरसराय स्टेशनों पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। मगध एक्सप्रेस प्रतिदिन नालंदा के इस्लामपुर रेलवे स्टेशन पर से खुलती है और नई दिल्ली को जाती है। इसी प्रकार नई दिल्ली से खुलकर यह ट्रेन प्रतिदिन इस्लामपुर पहुंचती हैं।

### किराना दुकानदार के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**परवलपुर**। थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में किराना दुकान सह मिनी मॉल के दुकानदार के साथ बदमाशों ने मारपीट किया। इस संबंध में दुकानदार राम प्रकाश गुप्ता ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। दर्ज शिकायत में कहा है कि दुकान पर गये तो अनिल गोप का भतीजा आलोक कुमार पिता बिजेन्द्र गोप और कुछ अज्ञात लोग दुकान में आया और दुकान से खींचकर मारपीट करने लगा। दुकानदार ने बताया कि पूर्व प्लेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में एजेंट था। आलोक कुमार द्वारा मंजू देवी के नाम से पॉलिसी दिया गया था। 2014 में कंपनी के नाम सुप्रीम कोर्ट में केस चल रहा है। जिसके कारण कस्टमर का पैसा रुका हुआ है। लेकिन अनिल ने कंपनी में जमा पैसा मांगने लगा। नहीं देने पर मारपीट किया गया है। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया राम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि दुकानदार द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### CAA चार वर्षों बाद ऐन चुनाव के वक्त हुआ लागू

**गया**। लोकसभा चुनाव की घषणा के चंद दिनों पहले चार वर्ष पुरानी सीएए को लागू कर चुनावी फ़ायदे की भाजपा सरकार की चतुराई देश के देवतुल्य जनता बखूबी समझ रही है। 11 मार्च 2024 से देशभर में नागरिकता संशोधन कानून लागू करने के उपरांत कहा कि जिस आधर पर देश का विभाजन हुआ, वह यह था कि एक देश ने कहा कि धर्म उनके देश का आधर है और उन्होंने पाकिस्तान बनाया और महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, मौलाना आजाद, डाक्टर भीमराव अम्बेडकर, ने कहा था कि धर्म की जीत होगी। यह हमारी राष्ट्रीयता का आधर है। स्वतंत्रता के लिए हमारा संघर्ष सभी के लिए है और हम जो संविधान और राष्ट्र बनाएंगे वी सभी का भारत होगा। आखिर सीएए को लेकर सरकार इतना देरी क्यों कि,जब इतना देरी कर ही दी थी, तो चुनाव के बाद लागू कर देते,यहां तो भाजपा का लक्ष्य है की ये हर चीज को धार्मिक सेंटिमेंट बनाने को आतुर है। बिल के पारित होने के चार साल बाद ऐन लोकसभा चुनाव के वक्त इसका लाभ लेने के लिए यह स्पष्ट रूप से समयबद्ध है।आज देश मे सबसे ज्वलंत मुद्दों में बढ़ती हुई कमरतोड़ महँगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाला आदि बना है, ज़न मे व्याप्त हो गया है, तथा देश के देवतुल्य मतदाता आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें लिया है। जिससे बौखलाये भाजपा, आरएसएस , भीएचपी, सहित मोदी अंधभक्त, अंतिम हथकंडा अपना कर धार्मिक ध्रुवीकरण को आतुर हैं । इस मौके पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, पार्षद प्रतिनिधि शशि किशोर शिशु, राम प्रमोद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, श्रवण पासवान, अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, टिंकू गिरी, अमरजीत कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार आदि शामिल थे।

### रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी, पैसेंजर ओर मेमू का अब लगेगा सामान्य रेल भाड़ा

**गया**। पैसेंजर और मेमू ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी। अब उन्हें एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया भाड़ा नहीं देना पड़ेगा। हालांकि यह आदेश 11 दिन पहले रेलवे बोर्ड की ओर से जारी कर दिया गया था, लेकिन पंडित डीडीयू रेल मंडल की ओर से इस बाबत मंगलवार को आदेश जारी किया गया है। आदेश के जारी होते ही बुधवार की सुबह से यह प्रभावित हो जाएगा।



मसलन अब पैसेंजर और मेमू ट्रेनों के रेल यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन का किराया भाड़ा नहीं देना पड़ेगा। अब गया से पटना 25 रुपए में ही पहुंच जाएंगे। इससे पूर्व वे गया से पटना के लिए 50 रुपए किराया भाड़ा दे रहे थे। यह समस्या कोरोना काल से ही चली आ रही थी। अब गया से पटना के लिए सभी मेमू ट्रेनो में 25 रुपये भाड़ा निर्धारित रहेगा। पहले दो मेमू ट्रेन छोड़कर शेष सभी मेमू में एक्सप्रेस ट्रेन का भाड़ा 50 रुपये का भुगतान करना पड़ता था। स्पेशल ट्रेन के नाम पर पूर्व में लिए जा रहे 30 रुपये के स्थान पर अब 10 रुपये ही किराया देना होगा। सामान्य ट्रेन घोषित हो जाने से न्यूनतम किराया 10 रुपया जारी कर दिया गया है। इससे गरीब गुरबो व अन्य यात्रियों ने काफी राहत की सांस ली है। दैनिक रेल यात्री संघ के रवि रंजन और उदय श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे बोर्ड के घोषणा के बावजूद स्पेशल ट्रेन का सामान्य भाड़ा लागू नहीं किए जाने से रेलवे बोर्ड के प्रति खीझ हो रही थी। लेकिन अब आदेश को प्रभावी कर दिया गया है। इस आदेश से पैसेंजर व मेमू के यात्रियों को आर्थिक रूप से काफी राहत मिलेगी।

# 24 मोबाइल के साथ दो साइबर ठग गिरफ्तार, 5 हुए फरार

## लोन दिलाने के नाम पर करते थे ठगी का काम

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा की कतरीसराय थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। जहां पुलिस दो साइबर ठग को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया साइबर ठग कतरीसराय थाना क्षेत्र के मिर्चायगंज निवासी हंसराज गुप्ता का (19) वर्षीय पुत्र अजय हंसराज एवं रंजीत प्रसाद का (24) वर्षीय पुत्र अंकित राज गुप्ता है। राजगीर डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की कतरीसराय थाना क्षेत्र के मिर्चायगंज स्थित राज गुप्ता के घर में साइबर ठग का जमावड़ा लगा हुआ है। जो फर्जी सीमा एवं फर्जी खाता का उपयोग कर भोले-भाले लोगों को लोन दिलाने एवं लॉटरी जीतने का प्रलोभन देकर ठगी कर रहे हैं। पुलिस ने उक्त घर की घेराबंदी की इसके उपरांत दो अपराधियों को पकड़ा गया। वहीं, पांच अपराधी भागने में सफल रहे। जिनके पास से 24 मोबाइल, 02 लैपटॉप, 05 एटीएम कार्ड, 16 सिम कार्ड एवं 60 हजार 2 सौ रुपए नगद एवं अन्य सामान बरामद किया गया है। इस मामले में कतरीसराय थाना क्षेत्र में आईटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। कांड का प्राथमिक अभियुक्त अंकित राज गुप्ता इसके पूर्व में भी ठगी के मामले में जेल जा चुका है। छापेमारी टीम में कतरीसराय थाना अध्यक्ष सत्यम तिवारी, दारोगा शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं कतरीसराय थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

# मुखिया के देवर सहित चार पर जानलेवा हमला


निज संवाददाता। गया



गया जिले के फतेहपुर प्रखंड के मतासो पंचायत की मुखिया के देवर ईश्वर चौधरी के साथ मारपीट की घटना हुई है। इस मारपीट की घटना में ईश्वर चौधरी का सिर हमलावरों ने फोड़ दिया है जबकि अन्य तीन लोग को भी चोटें आई हैं। मुखिया बेबी देवी के देवर ईश्वर चौधरी के साथ अन्य तीन को भी बदमाशों ने पीटा है। यह घटना थाना क्षेत्र के बड़ागांव के पास हुई है। पीड़ित ईश्वर चौधरी ने फतेहपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने आए घायल शत्रुघ्न चौधरी ने बताया कि पुनौल निवासी अपने दो महिला रिश्तेदार को छोड़ने के लिए वह बाइक से टनकुप्पा प्रखंड के शीला गांव जा रहा था। रास्ते में बड़ागांव के पास बीच सड़क पर बकरी की रस्सी बाइक में फंस गई। बकरियां सड़क किनारे घास चर रही थीं वे अचानक मुड़ी तो रस्सी बाइक में फंस गई। जिसके बाद मौके पर कुछ लोग पहुंच कर मारपीट करने लगे। इसी बीच ईश्वर चौधरी फतेहपुर से अपने गांव की ओर जा रहा था। वह सड़क पर मारपीट होता देख वह बचाने का प्रयास करने लगा। इस पर असामाजिक तत्वों ने ईश्वर चौधरी के साथ जमकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना में राहुल, सोनल एवं रिंकी कुमारी को भी चोट आई हैं। सभी घायलों का इलाज का सीएचसी फतेहपुर में कराया गया। थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना का कारण के साथ ही मार पीट करने वालों की शिनाख्त की जा रही है।

# 72 घंटे बाद भी डकैतों का कोई सुराग नहीं, दुकान में रखी सिगरेट भी लुटा

निज संवाददाता। नालंदा




नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 एवं 10 तारीख की रात्रि में हथियार से लैस नकाबपोश डकैतों ने घर में घुसकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। घटना के 72 घंटे बाद भी अब तक डकैतों का कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल सका है। इस मामले में पीड़ित कमलेश कुमार के द्वारा रहुई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें उन्होंने बताया है कि 9 मार्च की संध्या करीब 8:00 मोहिउद्दीनपुर गांव के घर स्थित दुकान को बंद करके अपने परिवार वालों के साथ खाना पीना खाकर सो गए रात्रि करीब 12:15 बजे, 5 से 6 की संख्या में अज्ञात व्यक्ति उनके घर के मुख्य दरवाजे के ग्रिल का ताला काट कर घुस आया और उन्हें जगाया, उनके हाथ को पीछे से बांध दिया एवं पिस्तौल का भय दिखाकर जेवर और रुपए लूट लिए। एवं उनकी पत्नी रिंकू कुमारी के गले से सोने का मंगलसूत्र एवं उनके गले से सोने के लॉकेट भी छीन लिए। विरोध करने पर उनको एवं उनकी पत्नी के साथ मारपीट की गई। बक्से में रखा सोने की जितिया, सोने का चूड़ी, सोने के सिकरी, सोने की अंगूठी, सोने का हार, सोने की कर्णवाली,सोने का झुमका, चांदी की पायल एवं करीब 1 लाख 55 हजार नगदी एवं दुकान से सिगरेट एवं गल्ले में रखा 800 नगदी लेकर, सभी परिवार को एक कमरे में बंद कर बाहर से सीटकनी लगा फरार हो गया। सभी की उम्र करीब 28 से 35 साल के बीच थी। किसी ने मुंह पर मास्क तो किसी ने अपने चेहरे को गमछा से ढक रखा था। सभी के हाथ में लोहे की रड एवं हथियार थे।

# विदेशी महिला पर्यटक से छिनतई मामले में एसआईटी गठित

## एसएसपी ने सिटी एसपी और एसडीपीओ को दिया निर्देश, कहा- भविष्य में न हो ऐसी घटना

निज संवाददाता। गया



गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र में विदेशी पर्यटक महिलाओं से छिनतई की दुस्साहस पूर्ण घटना मामले में पुलिस अब सक्रिय हो गई है। हालांकि, वह इस बात की भी दुहाई दे रही है सम्बन्धित मामले में आवेदन या सूचना प्राप्त नहीं हुई है। लेकिन सज्ञान आते ही कदम उठाए जा रहे हैं। इस मामले में जिले के एसएसपी आशीष भारती ने छिनतई मामले का खुलासा और अपराधी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की है। साथ ही में इस तरह की घटना भविष्य में न हो इस बाबत भी ठोस कदम उठाए जाने का निर्देश एसपी सिटी और बोधगया एसडीपीओ सौरभ जायसवाल को दिया है। विदेशी महिला के साथ छिनतई मामले के खुलासा के लिए SDPO बोध गया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है। एसएसपी ने दावा किया है कि विशेष टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर पहचान किया जा रहा है। क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ाने के लिए थानाध्यक्ष, बोधगया थाना को निर्देशित किया गया है। एसएसपी आशीष भारती का कहना है कि गया पुलिस सभी लोगों विशेष कर विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है। इस संबंध में लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं, इस घटना की जांच भी बुधवार की सुबह से शुरू हो गई है। जांच से पहले मंगलवार देर रात और फिर बुधवार की सुबह पुलिस टीम की बैठक बोधगया में हुई। बैठक के बाद सभी पुलिस कर्मी घटना की छानबीन में जुट गए हैं। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। हालांकि अब तक किसी की पहचान नहीं हो सकी है।

**डीएम डॉ त्यागराजन को पत्र लिख कर मामला प्रकाश में लायाः** गौरतलब है कि रॉयल थाई महावाणिज्य दूतावास ने विदेशी महिला पर्यटकों के साथ हुई छिनतई की घटना डीएम डॉ त्यागराजन को पत्र लिख कर प्रकाश में लाया है। उसने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई है। पर्यटन को झटका पहुंचने की आशंका जताई है। थाई दूतावास ने भेजे गए पत्र में बताया है कि 7 और 10 मार्च को देर शाम करीब 9 बजे बोधगया में महाबोधि मंदिर से दर्शन कर लौट रही महिला के साथ छिनतई की घटना हुई है। पहली घटना में पीड़िता को वापस अपना वतन को लौटना था। इस वजह से पुलिस को सूचित नही कर पाई। दूसरी घटना के बाबत थाई दूतावास के कहना है कि पीड़िता पुलिस बूथ में घटना की जानकारी देने को गई पर वहां पुलिस वाले नहीं मिले।

# महिला प्रताड़ना के मामले में एक गिरफ्तार महीनों से कर रहा था शारीरिक शोषण

## शादी की बात पर की गाली-गलौज और मारपीट

निज संवाददाता। गया



गया जिले के शेरघाटी थाना की पुलिस टीम ने एक युवती से शादी के नाम पर शारीरिक शोषण करने और शादी करने की बात कहने पर जाति सूचक शब्दों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के मामले में एक आरोपी को स्थानीय शेरघाटी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी शेरघाटी थाना क्षेत्र के कुबरी गांव के रहने वाले जद्दू यादव का बेटा राहुल कुमार यादव बताया जा रहा है। इसकी गिरफ्तारी करने के बादशाह पुलिस इससे पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शेरघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली युवती 11 मार्च को थाना पहुंची, थाना पहुंच उसने थानाध्यक्ष को बताया उसके साथ शेरघाटी के कुबरी गांव के रहने वाले जद्दू यादव के बेटे राहुल कुमार यादव ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। बात जब फिर शादी तक आई तो राहुल इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, जाति सूचक शब्दों के साथ गाली-गलौज देते हुए मारपीट की घटना भी राहुल के द्वारा की गई। इस तरह की शिकायत पीड़िता से सुनने के बाद शेरघाटी पुलिस ने 108/24 दर्ज कर घटना की छांव में जुट गई। वहीं, पीड़िता का मेडिकल टेस्ट भी कराया गया। घटना की जानकारी गया पुलिस कप्तान एसएसपी आशीष भारती मिलते हीं उन्होंने इस कांड में संलिप्त अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने के लिए शेरघाटी थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया। एसएसपी से मिले निर्देशों के बाद शेरघाटी थानाध्यक्ष आरोपी युवक की तलाश में जुट गए। इसी क्रम में आरोपी युवक के उसे उसके घर में छुपे होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना की पुलिस दल-बल के साथ राहुल के गांव स्थित घर में अचानक इच्छा बीमारी की गई तो आरोपी युवक घर से ही पकड़ा गया। शेरघाटी थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कुबरी गांव से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। इस पर आरोप है कि इसने एक लड़की को झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। जब शादी करने का दवा बनाने लगी तो युवक मारपीट की घटना कर दी। थाना अध्यक्ष ने बताया मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वही पीड़िता का आज 164 का बयान न्यायालय में कराया जाएगा।

# GBM कॉलेज में लगेगी सावित्री महाजन की आदमकद प्रतिमा

निज संवाददाता। गया

गया शहर के एक मात्र सरकारी कालेज गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में एमयू के कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने मंगलवार को कॉलेज परिसर में गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण के साथ नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया।कुलपति ने कॉलेज की प्रथम संस्थापक प्रधानाचार्य के नाम पर सावित्री महाजन सभागार का उद्घाटन भी किया। साथ ही उन्होंने कहा कि कॉलेज की संस्थापिका सुमित्रा महाजन की आदमकद प्रतिमा होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इसे स्थापित की जाए। हमारा संस्कार रहा है कि अपने पूर्वजों को उचित सम्मान दें। लिहाज कालेज प्रबन्धन इस काम को शीघ्र पूरा करे।कॉलेज के प्राचार्य जावेद अशरफ ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ,अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। इस दौरान कुलपति ने गृह विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका कुमारी द्वारा संपादित पुस्तक का विमोचन किया। कुलपति ने मगध विश्वविद्यालय को नैक में सी से ए ग्रेड दिलवाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता को सबसे साझा किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में कॉलेज की संस्थापक प्रधानाचार्य सावित्री महाजन की आदमकद की प्रतिमा लगाने पर भी जोर दिया ताकि छात्राएं इनके जीवनी से प्रेरणा ले सकें। साथ ही मेंकुलपति ने कॉलेज के सकारात्मक माहौल और शांतिपूर्ण वातावरण साफ सफाई पर काफी खुशी जतायी। समारोह में मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. कुसुम कुमारी ने जीबीएम कॉलेज को अपना परिवार बताते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि शिक्षक का काम होता है पढ़ाना। इसलिए सभी शिक्षकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कॉलेज को अपनी माँ मानते हुए अपने शिक्षण दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाएं। कुलपति ने मगध विश्वविद्यालय को नैक में सी से ए ग्रेड दिलवाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सबसे साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शगुफ्ता अंसारी व डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ पूजा ने किया।

# 71 साल की उम्र में पदमश्री कपिलदेव प्रसाद का निधन

निज संवाददाता। नालंदा

सुती या तसर के कपड़े पर हाथ से एक जैसी 52 बूटियां यानी मौटिफ टांके जाने के कारण वामन बूटी की कला में निपुण नालंदा के कपिल देव प्रसाद, जिन्हें पिछले वर्ष 2023 के अप्रैल महीने में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया था। उनका निधन पटना के एक निजी अस्पताल में मंगलवार की रात हो गई। उनके निधन की खबर सुन नालंदा में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। कपिल देव प्रसाद का अंतिम संस्कार पटना के फतुहा स्तिथ त्रिवेणी घाट पर किया जाएगा। बुनकरी के दम पर देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित नालंदा के बसवन बीघा निवासी (71) वर्षीय कपिल देव प्रसाद हृदय रोग से पीड़ित थे। कपिल देव प्रसाद का जन्म 5 अगस्त 1955 को हुआ था। कपिल देव प्रसाद ने अपने दादा एवं पिता से बावन बूटी कला का हुनर सीखे थे। कपिल देव प्रसाद के दादा शनिचर तांती ने 52 बूटी की शुरुआत की थी। फिर पिता हरि तांती ने इस सिलसिले को आगे बढ़ाया। और 15 साल की उम्र से कपिल देव प्रसाद ने रोजगार के रूप में इसे अपना लिया। अब यह काम उनके एकलौते बेटे संभालते हैं। बावन बूटी में बोधि वृक्ष, बैल, त्रिशूल, सुनहरी कमल का फूल, खजाना, धर्म का पहिया, मछली, शंख, पारसोल और फूलदान जैसे प्रतीक चिन्ह मिलते हैं। 52 बूटी की सबसे ज्यादा साड़ियों की डिमांड रहती है। कपिल देव प्रसाद ने बावन बूटी की कला सीख कर लोगों में बांटकर रोजगार का एक माध्यम विकसित किया है। 52 बूटी एक तरह की बुनकर कला है जो हाथों से की जाती है। कपिल देव प्रसाद को जैसे ही राष्ट्रपति के हाथों देश के सर्वोच्च चौथे नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

# स्कूल जा रहे शिक्षक की संदिग्ध हालत में मौत, बस पर सवार होते ही बिगड़ी तबीयत

निज संवाददाता। नालंदा


डायल 112 की पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, पत्नी शेखपुरा में है टीचर

नालंदा में बुधवार को सरकारी स्कूल के शिक्षक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवीसराय चौक के समीप की है। मृतक की पहचान चण्डी थाना क्षेत्र के ग्राम तीना लोदीपुर गांव निवासी जगन्नाथ पांडे के (40) वर्षीय बेटे फणीश्वर नाथ पांडे के रूप में की गई। वर्तमान में फणीश्वर नाथ पांडे लहेरी थाना के नाला रोड मोहल्ले में किराए के मकान पर रह रहे थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि फणीश्वर नाथ पांडे प्रतिदिन की तरह मध्य विद्यालय महमदपुर रामघाट पढ़ने के लिए जा रहे थे। इसी बीच जैसे ही वह देवी सराय चौक पर बस पर सवार हो स्कूल जाने के लिए निकले, तब अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें बस से नीचे उतारा गया और डायल 112 की पुलिस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और सहयोगी शिक्षक सदर अस्पताल पहुंचे। फणीश्वर नाथ पांडे की पत्नी ऋचा कुमारी शेखपुरा में टीचर के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, इस घटना के बाद शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। फणीश्वर नाथ पांडे के एक बेटा एवं एक बेटी है। सदर अस्पताल आए परिजनों की चीख पुकार से पूरा अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि मौत की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दर्दनाक हादसाः पाकिस्तान में इमारत ढहने से नौ की मौत, दो घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के मुल्तान शहर में मंगलवार को तीन मंजिला एक इमारत गिरने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। जियो न्यूज ने रेस्क्यू 1122 के जिला आपातकालीन अधिकारी कलीम उल्लाह के हवाले से कहा कि यह घटना मुल्तान के मोहल्ला जवादियान में मंगलवार सुबह करीब 3.30 बजे हुई। घटना के बाद टीमों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मलबे में फंसे 11 लोगों में से नौ की जान चली गई। दो घायलों को निश्तार अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में एक ही परिवार के सात सदस्य शामिल हैं। मृतकों में से कुछ की पहचान दानिश (15), फहीम अब्बास (40), अमीर अली (12), वसीम (14), सनूबर (40), बुख्तावर अमीन (18) और कोमल (13) के रूप में हुई है।

### सत्ता में आते ही कैपिटल हिल दंगों के बंधकों को करूंगा मुक्त

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकल्प लिया कि वह पद संभालने के पहले दिन ही छह जनवरी के कैपिटल हिल दंगों के मामले में जेल में बंद लोगों को रिहा कर देंगे। कैपिटल हिल दंगों के आरोपितों को बंधक करार देते हुए ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद दक्षिणी सीमा को बंद करना भी उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वह रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार है। ट्रंप ने सोमवार देररात इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा कि आपके अगले राष्ट्रपति के रूप में मेरा पहला कार्य सीमा को बंद करना और छह जनवरी को गलत तरीके से जेल में बंद किए गए बंधकों को मुक्त करना होगा। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के चुनाव हारने और बाइडन की जीत की वैधता का विरोध करने के लिए दंगाइयों द्वारा इमारत पर हमला करने पर यूएस कैपिटल के उल्लंघन से जुड़े अपराधों के लिए लगभग सभी 50 अमेरिकी राज्यों के लिए 1350 लोगों पर आरोप लगाए गए। इनमें से कम से कम 560 प्रतिवादियों को सजा मिली और कम से कम 335 लोगों को जेल की सजा सुनाई गई।

### रियो डी जनेरियो में एक व्यक्ति ने बस हाईजैक की, 17 लोगों को बनाया बंधक

**रियो डी जनेरियो , एजेंसी।** ब्राजील की राजधानी रियो डी जनेरियो के मुख्य बस स्टेशन पर एक एक व्यक्ति ने बंधूक की नोंक पर एक बस को हाईजैक कर लिया। उस व्यक्ति ने 17 यात्रियों को बंधक बना लिया। वहीं, उसने दो लोगों की जान ले ली। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं,सभी यात्रियों को आजाद कर लिया गया है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। सैन्य पुलिस के कर्नल मार्को एंड्रेड ने जानकारी दी कि बंधक बनाने वाले ने आत्मसमर्पण कर दिया, उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पहचान या उसके इरादों का खुलासा नहीं किया है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने जानकारी दी कि एक व्यक्ति ताबतोड़ फायरिंग करता हुआ बस के अंदर दाखिल हुआ। बता दें कि ब्राजील का सबसे प्रतिष्ठित शहर, रियो डी जनेरियो लंबे समय से गरीबी और असमानता से जुड़ी उच्च अपराध दर से त्रस्त है।

### अगर मिली धमकी तो इस्तेमाल करेंगे परमाणु हथियार, पुतिन ने दी बड़ी चेतावनी

**मॉस्को, एजेंसी।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर रूसी राज्य, संप्रभुता या स्वतंत्रता को खतरा होता है तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। बुधवार तड़के जारी रूसी राज्य टेलीविजन के साथ एक इंटरव्यू में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी ऐसे तनाव से बचेगा जो परमाणु युद्ध को जन्म दे सकता है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि रूस की परमाणु ताकतें इसके लिए तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी यूक्रेन में युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर विचार किया है,।

# 70 साल बाद फिर मुकाबला? राष्ट्रपति पद के दावेदार बाइडन को डेमोक्रेट्स से समर्थन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति बनने की रेस में यूं तो कई दावेदार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन 2024 के चुनाव में डेमोक्रेट खेमे से वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ही प्रत्याशी बनेंगे। बाइडन को रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी चुनौती मिल रही है। अमेरिका के लगभग 70 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब लगातार दो चुनाव में उन्हीं उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। पिछली बार राष्ट्रपति चुनाव 2020 में भी डोनाल्ड ट्रंप और बाइडन के बीच सीधा मुकाबला हुआ था। गौरतलब है कि डेमोक्रेट और रिपब्लिकन पार्टी इन प्राइमरी चुनावों में जीत हासिल करने वाले प्रत्याशी को ही राष्ट्रपति पद के लिए दावेदार के तौर पर उतारती हैं।

इन राज्यों में बाइडन का जनाधार मजबूत, ट्रंप की दावेदारी भी लगभग तय

दरअसल, मंगलवार को बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से नामांकन पर मुहर लगने के लिए जरूरी संख्याबल हासिल कर लिया। चुनाव के इस स्तर पर उनके समर्थन में पर्याप्त प्रतिनिधि मतदान कर चुके हैं। डेमोक्रेट खेमे की तरफ से नामांकन की रेस जीतने के लिए बाइडन को 1968 प्रतिनिधियों की जरूरत थी। जॉर्जिया के अलावा मिसिसिपी, वाशिंगटन राज्य, उत्तरी मारियाना द्वीप में भी बाइडन को अच्छा समर्थन हासिल है।



अमेरिका में चुनाव पर समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को ट्रंप की दावेदारी पर भी अंतिम मुहर लग जाएगी।

### ट्रंप का कैंपेन नाराजगी और प्रतिशोध का अभियान

खबरों के मुताबिक कई प्रमुख राज्यों में ट्रंप को अच्छा समर्थन मिल रहा है। भारतवंशी निक्की हेली रेस से बाहर हो चुकी हैं। एक अन्य भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने ट्रंप का समर्थन करने का एलान किया है। दावेदारी पर मुहर लगने के बाद होने के बाइडन ने कहा, ट्रंप का कैंपेन नाराजगी और प्रतिशोध का अभियान है। इससे अमेरिका का विचार खतरे में पड़ने की आशंका है।

### चार साल पहले हुए चुनाव में भी बाइडन ट्रंप का सीधा मुकाबला

गौरतलब है कि चार साल पहले साल 2020 में कराए गए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को मात मिली और इसके बाद देश के इतिहास में संभवतः पहली बार कैपिटल हिल पर जमकर उपद्रव हुआ। चुनावी हार से बौखलाए ट्रंप के समर्थकों ने छह जनवरी 2021 के दिन चुनाव परिणाम स्वीकार करने से इनकार कर दिया था और हिंसा के कारण यह अमेरिकी लोकतंत्र का काला अध्याय बन गया।

जो बाइडन किन राज्यों में विजेता बनकर उभरे?

वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन दूसरे कार्यकाल के लिए व्हाइट हाउस की रेस में हैं। आंतरिक चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी बाइडन अब तक चार राज्यों में जीत हासिल कर चुके हैं। न्यू हैंपशर, दक्षिणी कैरोलाइना, नेवाडा के साथ मिशिगन में भी बाइडन ने जीत दर्ज की है। बुधवार को जॉर्जिया और वॉशिंगटन में भी बाइडन ने जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही राष्ट्रपति चुनाव में 2020 की तर्ज पर एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन के बीच मुकाबला होने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं।

**अब तक ट्रंप ने कहां-कहां जीत दर्ज की?:** रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति पद के सबसे मजबूत दावेदार डोनाल्ड ट्रंप, 12 मार्च तक पांच राज्यों में जीत दर्ज कर चुके हैं। सबसे पहले आईओवा में जीत के साथ शुरुआत की थी। इसके बाद नेवाडा, वर्जिन आईलैंड और दक्षिणी कैरोलाइना में भी ट्रंप को जीत मिली। भारतवंशी निक्की हेली को हराकर उन्होंने राष्ट्रपति पद पर अपनी दावेदारी और मजबूत की। मिशिगन में मिली जीत के बाद ट्रंप कुल पांच राज्यों के डेलिगेट्स का समर्थन हासिल कर चुके हैं।

## उड़ान भरने के 5 सेकंड बाद ही फट गया रॉकेट कैरोस



**टोक्यो, एजेंसी।**
जापान की स्पेस वन कंपनी का रॉकेट उड़ान भरने के तुरंत बाद ही फट गया। समाचार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, स्पेस वन कंपनी के रॉकेट ने बुधवार को उड़ान भरी थी। हालांकि, कैरोस रॉकेट उड़ान भरने के कुछ सेकेंड बाद ही फट गया।

जानकारी के अनुसार, यह जापान की स्पेस वन कंपनी द्वारा किसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने का पहला प्रयास था। हालांकि, स्पेस वन कंपनी का ये प्रयास विफल रहा।

बता दें कि भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे पश्चिमी जापान के वाकायामा प्रांत में प्रक्षेपण स्थल पर कैरोस रॉकेट ने उड़ान भरी थी। हालांकि, 18-मीटर लंबे, चार चरण वाले ठोस-ईंधन रॉकेट के उड़ान भरने के बाद उसमें विस्फोट हो गया। ये घटना कैमरे में कैद हो गई।

### पिछले साल भी एक रॉकेट में हुआ था विस्फोट

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि रॉकेट में विस्फोट होने के बाद आसमान में धुआं और आग का मंजर दिखाई दिया। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल जुलाई में एक अन्य जापानी रॉकेट इंजन में आग लगने के लगभग 50 सेकंड के बाद विस्फोट हो गया था।

## चीन के हेबेई में एक रेस्तरां में धमाका, एक की मौत; 22 से अधिक घायल



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के हेबेई प्रांत के सान्हे शहर में बुधवार को एक रेस्तरां में हुए जबरदस्त धमाके में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हुई है, वहीं 22 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि धमाका इतना तेज था कि आसपास की कई कारों और इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है।

चीनी मीडिया की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजे बीजिंग से करीब 80 किमी दूर सान्हे शहर में हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, विस्फोट एक गैस सिलेंडर के लीकेज के बाद हुआ। चीन के राहत-बचाव विभाग ने कहा कि लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए 36 वाहन और 154 बचावकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके बाद आग को काबू में कर लिया गया। गौरतलब है कि बीजिंग में कुछ उच्चस्तरीय बैठकों के ठीक बाद ही इस धमाके की खबर आई है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुए हैं, उनमें धमाके के बाद रेस्तरां से धुआं उठता देखा जा सकता है। इसके अलावा कई गाड़ियों के टूटे शीशे और आसपास इमारतों का मलबा भी गिरा है।

## हिजबुल्लाह ने इजरायल पर दागे 100 से अधिक रॉकेट, रमजान के पहले दिन गाजा में 70 से अधिक मौत

**येरुशलम, एजेंसी।**
इजरायल की ओर से लेबनान पर किये गये हवाई हमलों के जवाब में हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह उत्तरी इजरायल की ओर करीब 100 रॉकेट दागे। इजरायली सूत्रों ने यह जानकारी दी है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार, लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने अपर गैलिली क्षेत्र और इजरायल के आधिपत्य वाले गोलान हाइट्स पर रॉकेट दागे हैं। देश की हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेटों को हवा में ही मार गिराया। हमलों में किसी के हताहत होने के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है।

आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की कि हिजबुल्लाह के रॉकेट हमलों के जवाब में उसके लड़ाकू विमानों ने सुबह रॉकेट दागने के लिए इस्तेमाल किये गये तीन लॉन्चरों पर हमला किया। हिजबुल्लाह ने लेबनान की राजधानी बेरूत से लगभग 45 किमी पूर्व स्थित बेका



घाटी में इजरायली हवाई हमलों के जवाब में ये हमले किये हैं। इजरायल सीमा से करीब 100 किमी दूर स्थित बेका घाटी को हिजबुल्लाह का गढ़ माना जाता है। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि हिजबुल्लाह द्वारा गोलान हाइट्स की ओर किये गये हवाई हमलों के जवाब में आतंकवादी संगठन के हवाई बलों से संबंधित दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। गाजा में रविवार को रमजान के पहले दिन हुए इजरायली हवाई हमलों में 70 लोगों की मौत हो गई।

## संघर्षविराम वार्ता के लिए काहिरा जाएगा हमास का प्रतिनिधिमंडल, अस्थायी युद्धविराम की उम्मीद

**तेल अवीव, एजेंसी।** संघर्षविराम वार्ता में पैदा हुए गतिरोध को खत्म करने को लेकर इस्माइल हानियेह के नेतृत्व में वरिष्ठ हमास नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मध्यस्थता वार्ता के लिए इस सप्ताह काहिरा का दौरा करेगा। इज़राइल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि वार्ता अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के विशेष दूत ब्रेट मैकगर्क की मध्यस्थता में होगी। सूत्रों के मुताबिक, हमास लीडरशिप ने इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों के बदले अपनी हिरासत में मौजूद महिलाओं, बुजुर्गों और घायल इजरायली बंधकों को रिहा करने पर सहमति जताई है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अल-थानी और मिस्र के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल भी काहिरा में मध्यस्थता वार्ता में हिस्सा लेंगे।

हालांकि, इज़राइल रक्षा मंत्रालय के सूत्र ने संघर्षविराम वार्ता की कोई तारीख नहीं बताई है, लेकिन कहा है कि बातचीत इसी सप्ताह होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पहले घोषणा की थी कि रमजान महीने से पहले युद्धविराम शुरू हो जाएगा। रमज़ान का महीना शुरू हो चुका है, लेकिन युद्धविराम वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई है।

## यूक्रेन में अब अपनी सेना नहीं भेजेगा नाटो देश पोलैंड



**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खतरनाक मोड़ लेता जा रहा है। तीसरे साल में प्रवेश कर चुका यह महायुद्ध लाखों कत्लेआम और अरबों के नुकसान के बाद भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस युद्ध में लाखों की संख्या में लोग पलायन कर चुके हैं। इस युद्ध में नाटो और अमेरिका के दम पर यूक्रेनी सेना पुतिन की खतरनाक आर्मी को लोहे के चने चबवा रही है। पुतिन लगातार यूक्रेन से युद्ध में अन्य देशों की दखलअंदाजी पर अपने तेवर दिखा चुके हैं। पुतिन ने हाल ही में नाटो देश के यूक्रेन में अपनी आर्मी भेजने पर कड़ा ऐतराज जताया था। पुतिन ने बाकायदा परमाणु बम से हमले की धमकी दी थी। पुतिन की धमकी का असर यह हुआ है कि इसने यूक्रेन में अपनी सेना भेजने की घोषणा वापस ले ली है।

यहां नाटो देश पोलैंड की बात हो रही है। नाटो मेंबर पोलैंड ने यूक्रेन में सेना भेजने के फैसले पर आश्चर्यजनक रूप से यू-टर्न ले लिया है। एक नए बयान में पोलैंड ने कहा है कि यूक्रेन में सेना भेजने के लिए हमारी कोई योजना नहीं है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का मानना है कि पोलैंड ने ऐसा पुतिन की धमकी के बाद किया है।

पोलैंड ने कहा है कि यूक्रेनी सेवा सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए भी सेना नहीं भेजी जाएगी। यह तब हुआ है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिम द्वारा यूक्रेन में सेना भेजने पर परमाणु युद्ध की चेतावनी दी है।

### पश्चिम के दखल से गुस्साए पुतिन

पुतिन ने हाल ही में रूस के वार्षिक राष्ट्रीय संबोधन के दौरान पश्चिम देशों के लिए अपनी धमकियां जारी कीं थी। पुतिन ने दो टूक शब्दों में कहा था कि अगर पश्चिम ने यूक्रेन को मदद करना जारी रखा तो उन देशों को यह नहीं भूलना चाहिए कि हमने जो परमाणु हथियार और घातक बम रखे हैं, उनके क्षेत्रों में भेजने से नहीं कतराएंगे।

## जरदारी नहीं लेंगे सैलरी, पाकिस्तान के राष्ट्रपति का बड़ा फैसला; देश के आर्थिक संकट का दिया हवाला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अपने कार्यकाल के दौरान कोई वेतन नहीं लेंगे। देश के आर्थिक हालात को देखते हुए उन्होंने मंगलवार को इस बात की घोषणा की। रविवार को पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले 68 वर्षीय जरदारी की पार्टी पीपीपी ने 'एक्स' पर इस बारे में जानकारी दी। पार्टी की तरफ से लिखा गया है कि राष्ट्रपति ने विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय राजस्व पर बोझ नहीं डालने का फैसला किया है।



**पूर्व राष्ट्रपति का इतना था वेतनः** राष्ट्रपति सचिवालय प्रेस विंग ने मंगलवार को कहाकि राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय राजस्व पर बोझ नहीं डालने की जरूरत को समझकर वेतन नहीं लेने का फैसला किया है। पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को प्रति माह 8,46,550 रुपये वेतन मिलता था, जो 2018 में संसद ने तय किया था। जरदारी पाकिस्तान के सबसे अमीर नेताओं में से एक हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष जरदारी ने रविवार को इस्लामाबाद के ऐवान-ए-सदर में आयोजित समारोह में दूसरी बार देश के राष्ट्रपति के तौर शपथ ली थी।

**गृहमंत्री ने भी लिया फैसलाः** इसके अलावा जरदारी के पदचिन्हों पर चलते हुए, गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी देश के सामने आर्थिक चुनौतियों का हवाला देते हुए वेतन नहीं लेने का फैसला किया है। नकवी ने 'एक्स' पर लिखा कि वह चुनौतीपूर्ण समय में हर संभव तरीके से देश की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान की आर्थिक हालत ठीक नहीं है। यहां पर लोगों की दैनिक जरूरत की चीजों के लिए परेशानी उठानी पड़ी है।

## इमरान खान को जेल में बैठक करने की भी इजाजत नहीं, दो हफ्ते की पाबंदी

**रावलपिंडी, एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान के जेल में बैठकें करने पर पाबंदी लगा दी गई है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खान को रावलपिंडी की अदियाला जेल के अंदर बैठकें करने से दो सप्ताह के लिए रोक दिया गया। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान पंजाब के गृह विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सुरक्षा अलर्ट की वजह से अदियाला जेल में सभी तरह की यात्राओं, बैठकों और साक्षात्कारों को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

अधिसूचना में अधिकारियों को जेल परिसर के बाहर कंटीले तार लगाने का आदेश दिया गया। यह भी कहा गया है कि पुलिस की विशेष शाखा, इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों और जेल कर्मचारियों का एक नया सुरक्षा ऑडिट एक ही दिन के भीतर किया जाना चाहिए।

द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जेल में इमरान खान की मुलाकातों पर अचानक पाबंदी पर पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने आशंका जताई की पूर्व पीएम इमरान खान की जान को खतरा है। गौहर अली खान ने जेल के बाहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि जेल में बंद पीटीआई संस्थापक से मिलने से रोक दिया गया। अधिकारियों ने इमरान खान की सभाओं पर दो हफ्ते के प्रतिबंध के बारे में किसी को सूचित नहीं किया।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने इस कदम का कारण आतंकवाद बताया है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, गौहर ने जेल में बंद पीटीआई संस्थापक से तत्काल मुलाकात की भी मांग की, क्योंकि उन्होंने इमरान खान की हेल्थ की जानकारी मांगी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### फल एवं सब्जियों के मूल्य वर्धन विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**कौआकोल।** प्रखंड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर में बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के द्वारा गृह विज्ञान विभाग के अंतर्गत फलों एवं सब्जियों का मूल्य वर्द्धन विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से फल एवं सब्जियों को मूल्य वर्धन करके ज्यादा वक्त के लिए संरक्षित करने के बारे में जानकारी दी जा रही है। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं हुनर को हासिल कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। मौके पर प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह,डॉ० धनंजय कुमार,डॉ० अनुज्ञा भारती,डॉ० शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार,सुमिताप रंजन,रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

### शेखपुरा में खुला पीएनबी का ग्राहक सेवा केंद्र

**नरहट (नवादा)।** ग्राहकों को सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रखण्ड के छोटा शेखपुरा मस्जिद के सामने रतन फर्नीचर के नीचे पंजाब नेशनल बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया है। बुधवार को इस ग्राहक सेवा केंद्र का मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह, संजीवनी के प्रबंधक राजेश कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक बैंक मित्र बिपुल कुमार ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र पर बैंक से जुड़े ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास करूंगा। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि पीएनबी के जो भी खाता धारी है उनको हिसुआ जाना पड़ता था अब शेखपुरा में ग्राहक सेवा केंद्र बैंक खुलने से ग्राहकों की सुविधा होगी। लोग परेशानी से बचेगें। इस मौके पर अमर कुमार, रतन शर्मा, सोना सिंह, बौधु सिंह, राजकुमार पांडेय आदि मौजूद थे।

### झराही एवं जमुंदाहा के जंगलों में संचालित तीन शराब भट्ठियों को पुलिस ने किया ध्वस्त

**रजौली।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के झराही एवं जमुंदाहा के जंगली क्षेत्रों में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर संचालित तीन शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया।वहीं लगभग पांच हजार लीटर तैयार जावा महुआ शराब को विनष्ट किया गया एवं 150 लीटर शराब के साथ दो बाइकों को जब्त किया गया।थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्रों में शराब निर्माण कार्य पुलिस की नजरों से बचते हुए जोरों पर चल रहा है।हालांकि सूचना मिलने पर पुलिस कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटती है।लेकिन चुलाई शराब के धंधे में धंधेबाजों की गाढ़ी कमाई होने के कारण कार्रवाई के बावजूद ये लोग जंगली क्षेत्रों में दूसरे जगह शराब निर्माण कार्य मे जुट जाते हैं।थानाध्यक्ष ने कहा कि बीते दिन गुप्त सूचना मिली कि झराही एवं जमुंदाहा के जंगली क्षेत्रों में शराब धंधेबाजों द्वारा शराब का निर्माण कार्य किया जा रहा है।मिले सूचना का सत्यापन पुलिस बलों के सहयोग से किया गया।सूचना के सत्यापित होने के बाद एसआई गौतम कुमार एवं थाना के सशस्त्र पुलिस बलों की मदद से छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान दोनों जगहों से कुल तीन शराब भट्ठियों एवं निर्माण सामग्री को ध्वस्त किया गया।साथ ही लगभग चार से पांच हजार लीटर तैयार महुआ शराब को विनष्ट किया गया।वहीं मौके दो बाइकों स्प्लेंडर संख्या बीआर02एए4362 पर लदे 80 लीटर एवं बिना नम्बर के एचएफ डीलक्स बाइक पर लदे 70 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया।थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब एवं बाइक को थाना परिसर लाया गया।साथ ही कहा कि जब्त शराब एवं बाइक को लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### मुसफिल थानां अंतर्गत गुप्ता बांध पर मोबाइल छीनते समय फायरिंग कर जख्मी किया

**बेगुसराय।** मुफसिल थानान्तर्गत गुप्ता बाँध के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति से मोबाईल छिनने के क्रम में नही देने पर फायरिंग कर किया जख्मी। पुलिस टीम द्वारा की जा रही है जॉच । जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधकर्मी को किया जायेगा गिरफ्तार। घटना का विवरण :- दिनांक 12-03-24 की रात्री करीब 09:00 बजे मुफसिल थाना को सूचना मिली की गुप्ता बाँध के पास कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति से मोबाईल छिनने के क्रम में विरोध करने पर फायरिंग कर जख्मी कर दिया गया है जो सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती / ईलाजरत है।प्राप्त सूचना पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार अविलम्ब मुफसिल थानाध्यक्ष पु०नि० फैसल अहमद अंसारी, एवं सशस्त्र बल मुफसिल थाना के द्वारा अविलंब सदर अस्पताल बेगूसराय पहुँचकर जख्मी ईलाजरत व्यक्ति सूरज कुमार पे० शत्रुधन यादव सा०-कैथमा थाना-मुफसिल जिला-बेगूसराय से पूछताछ किया गया जिसमें बताया गया कि करीब 08 बजे रात्री में रामदिरी स्थित अपने दोस्त से आर्मी का फॉर्म भराकर घर लौट रहे थे की रास्ते में ही गुप्ता बाँध महारानी स्थान के पास चार अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा पिस्तौल दिखाकर कर मोबाईल छिनने लगा नही देनें पर फायरिंग कर जख्मी कर दिया गया। स्थानीय लोगों एवं सूचना पर पहुँचे परिजनो के द्वारा सदर अस्पताल बेगूसराय ईलाज हेतु लाया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम के द्वारा गुप्ता बाँध स्थित महारानी स्थान के पास पहुँचकर जाँच / छानबीन कर स्थानीय लोगों से पूछताछ करते हुए विधिसम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जख्मी व्यक्ति की स्थिति सामान्य है। पुलिस अधीक्षक बेगूसराय के द्वारा घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना में संलिप्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर बेगूसराय के नेतृत्व में मुफसिल थानाध्यक्ष पु०नि० फैसल अहमद अंसारी, सशस्त्र बल मुफसिल थाना एवं जिला आसूचना इकाई को शामिल किया गया है। पुलिस टीम के द्वारा घटना में शामिल अपराधकर्मियों की पहचान स्थापित की जा रही है। जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया जायेगा।

### पूर्व से विवादित व्यक्ति से शादी समारोह में मारपीटकी घटना

**बेगूसराय।** मुफसिल थानान्तर्गत ग्राम रजौड़ा स्थित शादी समारोह में सम्मिलित होने के दौरान एक व्यक्ति के साथ पूर्व में हुए झगड़े को लेकर मारपीट कर जख्मी करने / फायरिंग किये जाने के मामले में F.I.R दर्ज। पुलिस टीम द्वारा सभी पहलुओं पर की जा रही है जाँच। जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधकर्मी को किया जायेगा गिरफ्तार।

**घटना का विवरण :-** दिनांक 12-03-24 की सुबह मुफसिल थाना को सूचना मिली की बीते रात्रि एक व्यक्ति सिंटू कुमार पे० शम्भू राय सा० रजौड़ा थाना मुफसिल जिला-बेगूसराय जो गाँव में ही शादी समारोह में गये थे में पूर्व दुश्मनी को लेकर एक व्यक्ति के द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया गया है जो सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती / ईलाजरत है।प्राप्त सूचना पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार अविलम्ब थानाध्यक्ष मुफसिल पु०नि० फैसल अहमद अंसारी, एवं सशस्त्र बल मुफसिल थाना के द्वारा अविलंब सदर अस्पताल बेगूसराय पहुँचकर जख्मी ईलाजरत व्यक्ति सिंटू कुमार पे० शम्भू राय सा०- रजौड़ा थाना-मुफसिल जिला-बेगूसराय से पूछताछ कर बयान लिया गया जिसमें बताया गया कि करीब रात्री करिब 00:30 बजे रजौड़ा स्थित गाँव में ही एक शादी समारोह में गये थे। पंडाल के पास खड़े थे तो एक व्यक्ति लक्ष्मण कुमार, पे०- राजाराम राय, सा०- रजौड़ा, थाना-मुफसिल, जिला बेगूसराय आये और पूर्व में हुए झगड़े को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया तथा फायरिंग भी किया। स्थानीय लोगों के द्वारा अस्पताल पहुँचाया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम के द्वारा ग्राम रजौड़ा स्थित घटनास्थल पर पहुँच कर जाँच/ छानबीन की गई तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ कर विधिसम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जख्मी व्यक्ति की स्थिति सामान्य है। पुलिस अधीक्षक बेगूसराय के द्वारा घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना में संलिप्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर बेगूसराय के नेतृत्व में मुफसिल थानाध्यक्ष पु०नि० फैसल अहमद अंसारी, सशस्त्र बल मुफसिल थाना को शामिल किया गया है। जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया जायेगा।» दर्ज कांड :- मुफसिल थाना कांड सं0-130/24 दिनांक-12.03.24 धारा-307/323/504 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट।

# नरहट प्रखण्ड प्रमुख बनी सुलेखा कुमारी और उपप्रमुख बने मो इसराइल

**रजौली अनुमंडल सभाकक्ष में प्रमुख और उपप्रमुख दोनों का निर्विरोध चुनाव के बाद समर्थकों ने फूलमाला पहनकर किया भव्य स्वागत**

निज संवाददाता। **नरहट(नवादा)**



अनुमंडल कार्यलय रजौली में बुधवार को नरहट प्रखण्ड के प्रमुख एवं उपप्रमुख पद का चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराया गया। रजौली एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के मौजूदगी में कराए गए चुनाव में 14 पंचायत समिति सदस्य में 12 उपस्थित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद निर्विरोध सुलेखा कुमारी को प्रमुख एवं निर्विरोध मो इसरायल को उपप्रमुख निर्वाचित घोषित किया गया। एडीओ ने दोनों नवनिर्वाचित प्रमुख और उपप्रमुख को प्रमाण पर दिया। प्रमुख के चुनाव को लेकर समर्थकों की बाहर काफी भीड़ लगी हुई थी। चुनाव के बाद सभाकक्ष से प्रमुख को बाहर निकलते ही बाहर खड़ी समर्थकों की भीड़ ने जिंदाबाद के नारे लगाते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत किया। समर्थक काफी उत्साहित दिखे। नवनिर्वाचित प्रमुख सुलेखा कुमारी को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभा रहे पूर्व प्रमुख अशोक यादव को भी समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर कर भव्य स्वागत किया। अपने समर्थकों के साथ एक लंम्बी गाड़ियों काफिला के साथ प्रमुख सुलेखा कुमारी और पूर्व प्रमुख अशोक यादव प्रखंड क्षेत्र का भर्मण किया। प्रमुख के जीत के बाद समर्थकों में काफी उत्साह देखा गया। जीत के बाद नवनिर्वाचित प्रमुख सुलेखा कुमारी ने बताया कि जनता के हर सुख दुख में साथ रहूंगी। जनता की समस्याओं का निराकरण कराना मेरी उद्देश्य एवं दायित्व होगा। जिस भरोसे के साथ जनता ने मुझे सेवा करने का मौका दिया है उनकी उम्मीदों पर निश्चित ही खरा उतरने का प्रयास करेंगे। प्रमुख उपप्रमुख के चुनाव के बाद लंम्बे समय से चला आ रहा हाई वोल्टेज ड्रामा समाप्त हो गया। इस मौके पर नरहट मुखिया एहतशाम कैसर, नवीन सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल राजवंशी आदि काफी संख्या में समर्थक मौजूद थे। आपको बताते चलें कि 14 पँचायत समिति सदस्यों वाला नरहट प्रखण्ड में 12 सदस्यों ने प्रमुख किरण देवी और उपप्रमुख अर्जुन चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था। अविश्वास प्रस्ताव पर 5 फरवरी को विशेष बैठक बुलाई गई थी जिसमें प्रमुख किरण देवी और उपप्रमुख की कुर्सी चली गई थी।

## 11 वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्र व छात्राएं ने लिया भाग




निज संवाददाता। **नारदीगंज**

इंटर विद्यालय नारदीगंज में ग्यारह वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की परीक्षा बुधवार से शुरू हुई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक ने बताया आयोजित परीक्षा दो पाली में ली जा रही है।प्रथम पाली में भौतिकी, दर्शन शास्त्र व द्वितीय पाली में रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र,राजनीति शास्त्र विषय की परीक्षा हुई।कहा गया दोनों पाली में 95 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने भाग लिया।उन्होंने कहा 597 छात्र व छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षार्थियों दे रहे हैं।। आयोजित परीक्षा में सभी शिक्षक मुस्तैदी से लगे रहे।परीक्षा नियंत्रक के रूप में नीरज कुमार शहायाक परीक्षा नियंत्रक के रूप में शिक्षक संतोष कुमार, रूपेश कुमार, धनंजय कुमार ,नीतू कुमारी ,सुधा कुमारी व अन्य शिक्षकों के देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा हो रहा है। यह परीक्षा आगामी 20 मार्च तक चलेगा।

## भूकम्प सुरक्षा सप्ताह को लेकर जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन



निज संवाददाता। **कौआकोल**

प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव अवस्थित जेपी आश्रम परिसर के राजेन्द्र भवन में बुधवार को बिहार वाटर डेवलपमेंट सोसाइटी,पटना के द्वारा ग्लोबल प्रोग्राम के अन्तर्गत बिहार आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नवादा के आदेशानुसार भूकम्प सुरक्षा सप्ताह पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में लगभग 70 प्रतिभागी मौजूद थे। प्रशिक्षण में भूकम्प से बचाव के लिए प्रतिभागियों को झुको,ढको,पकड़ो पर मॉक ड्रील कराया गया। उन्हें बताया गया कि भूकंप से नही बल्कि कमजोर मकानों के ढहने से जान माल की क्षति होती है। इसलिए प्रतिभागियों को भूकम्प रोधी मकान बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के आपदाओं जैसे- आगलगी,वज्रपात आदि के समय क्या करें और क्या न करें इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर ग्लोबल प्रोग्राम के समन्वयक जॉन डिकुज,एनिमेटर छोटेलाल दास,शिव कुमार,टुसेंदर कुमार सहित कार्य युवा दल के दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया।

## लूट की योजना बनाते अंतरजिला गिरोह का 3 बदमाश धराया

निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**

**कट्टा, नकदी और चोरी की दो बाइक बरामद**



वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में डकैती की योजना बनाते तीन अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार किया है। लोगों के पास से कट्टा, बाइक, मोबाइल, टैग और 10000 की बरामदगी हुई है।थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ महेश चौधरी ने बताया कि धनंजय कुमार पिता वैष्णव सिंह ग्राम अमनी, थाना मानसी, जिला खगड़िया, धनंजय कुमार पिता पंडित, ग्राम शेरपुर, थाना वारिसलीगंज एवं पवन कुमार पिता प्रसादी प्रसाद गांव सिलाव जिला- नालंदा को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा की मंगलवार 12 मार्च को वारिसलीगंज इलाके के शेरपुर गांव के पास जालो मुखिया के घर के पास की परती जमीन पर चार- पांच बदमाशों को संदिग्ध हालत में देखा गया था। सूचना के बाद थाना के अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार, सब इंस्पेक्टर भोला सिंह और सब इंस्पेक्टर संजयसिंह कुमार सिंह अन्य पुलिस बलों के साथ मिलकर आपरेशन करने गए। पुलिस को देख सभी अपराधी भागने लगे लेकिन 3 बदमाशों को पुलिस के जवानों ने पकड़ लिया। जबकि दो एक बाइक व स्कूटी से भागने में सफल रहे। गिरफ्तार पवन के पास से एक कट्टा और 2 कार्टूनिस्ट की बरामदगी हुई। मौके से चोरी की 2 बाइक और 4 मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान बदमाशों की निशानदेही पर पूर्व में एक घटना से जुड़े एक टैग और 10 हजार रुपये की बरामदगी की गयी। पूर्व में भी ये वारिसलीगंजथाना कांड संख्या 94/24 में लूटे गए टैग को और 10 हजार बरामद किया गया। घटना 29 फरवरी 2023 को वारिसलीगंज ओवर ब्रिज के पास लूट लिया गया था। इसके अलावा दो बाइकों में से एक 220 पल्सर बाइक भी पूर्व में चोरी की गई थी। जिसका थाने में कांड संख्या 90/24 दर्ज है। इसी प्रकार बरामद एक अन्य अपाचे बाइक का स्कैण्डर 91/24 दर्ज है। गिरफ्तार अपराधियों में आरोपी जिले के पवन कुमार की तलाश में पुलिस को कांड संख्या 323/23 और गिरफ्तार अपराधी जिले के पवन कुमार की तलाश में कांड संख्या 270/23 दर्ज है। इस बात अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार के बयान पर थाना में कांड संख्या 114/24 भादवि 399, 402, 414 और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में वन विभाग निभा रहा है,अहम भूमिका

निज संवाददाता। **बेतिया**



वाल्मीकिनगर वन विभाग निभा रहा है, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका। वनवर्ती गांवो में वन विभाग विशेष ध्यान दे रहा है। ग्रामीण स्तर पर महिलाओं के सेल्फ-हेल्प ग्रुप बनाकर जहा उन्हें हुनरमंद बनाने की तैयारी की जा रही है। वहीं उनके द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट्स को बाज़ार उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसे में वन विभाग वीटीआर के वनवर्ती गावों में सेल्फ-हेल्प ग्रुप बनाने की तैयारी कर रहा है। छोटानागपुर आदिवासी उत्थान समिति के सहयोग से संतपुर गांव की आदिवासी महिलाएं उक्त समान को वह विभाग द्वारा बनाए गए आउटलेट में बेचेंगी। इसके बदले में उन्हें विभाग द्वारा सहायता राशि के रूप में पैसे मिलेगें। वन विभाग द्वारा बनाए गए सेल्फ हेल्प ग्रुपों के माध्यम से महिलाएं काम करके आत्मनिर्भर बन बनेगीं। इस बाबत संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह बताया कि विभाग द्वारा महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाती है। सामान बनाने के लिए मशीनरी भी मुहैया करवाई जाती है। महिलाएं सामान तैयार करके विभाग को देती है। वन विभाग के रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि वीटीआर के डिवीजन दो अंतर्गत 17 वनवर्ती गांवो में इस योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत मशरूम उत्पादन,बड़ी, पापड़, मछली पालन, सिलाई,वर्मी कंपोस्ट, अगरबत्ती निर्माण, के लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप को विभाग की ओर से पहले ट्रेनिंग दी जाती है। उन्हें नई-नई तकनीक के बारे में जानकारी दी जाती है। विभागीय स्तर पर महिलाओं को सामान तैयार करने के लिए बड़े बर्तन, तिरपाल, मशीन विभाग मुहैया करवाता है जिसके जरिए महिलाएं आचार, मुरब्बा, आवला पाउडर, झाड़ू आदि तैयार करती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट्स की वह विभागीय स्तर पर मार्केटिंग भी की जाती हैं। उन्होंने कहा कि अन्य गावों में भी इसी प्रकार के ग्रुप शुरू किए गए हैं। आने वाले दिनों में विभागीय स्तर पर वीटीआर के कई और गावों में इसी प्रकार के सेल्फ-हेल्प ग्रुप बनाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेगी।

## निर्विरोध चुने गए नरहट प्रमुख सुलेखा देवी एवं उपप्रमुख मो इसराइल

निज संवाददाता। **रजौली**



अनुमण्डल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में बुधवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में नरहट प्रखण्ड के प्रमुख एवं उपप्रमुख का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।इस दौरान नरहट प्रमुख के रूप में सुलेखा देवी एवं मो इसराइल उपप्रमुख निर्विरोध चुने गए।इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता नवादा संजय कुमार के अलावे बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार भी सहयोगी के रूप में मौजूद रहे।वहीं सुरक्षा को लेकर मजिस्ट्रेट के रूप में जेएसएस संजय कुमार एवं एसआई गौतम कुमार अनुमण्डल गेट पर पुलिस बलों के साथ तैनात दिखें।सुरक्षा कारणों से चुनाव के मद्देनजर आमलोगों का अनुमण्डल परिसर में आवागमन घण्टों तक बाधित रहा।एसडीओ ने कहा कि बुधवार को नरहट प्रखण्ड के प्रमुख एवं उपप्रमुख के रिक्त पदों का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।उन्होंने कहा कि नरहट प्रखण्ड में कुल 14 पंचायत समिति हैं।चुनाव के दौरान 2 पंचायत समिति अनुपस्थित रहे।वहीं उपस्थित पंचायत समितियों में प्रमुख एवं उपप्रमुख के लिए एक-एक नामांकन किया गया।इस प्रकार नरहट प्रखण्ड के नए प्रमुख के रूप में सुलेखा देवी एवं उपप्रमुख के रूप में मो इसराइल निर्विरोध रूप में चुने गए।निर्वाचन प्रक्रिया के बाद नवनिर्वाचित प्रमुख एवं उपप्रमुख का शपथ भी दिलवाया गया।

चुनाव के बाद प्रमुख एवं उपप्रमुख के समर्थकों ने अनुमण्डल परिसर के बाहर फूलों का माला पहनाकर उनका स्वागत किया।इस मौके पर दर्जनों नरहट के ग्रामीण मौजूद रहे।

# एटीएम से नकली नोट निकलने पर युवक परेशान,बैंक जाकर बदलवाए नोट

**बैंक मैनेजर ने एटीएम से जाली नोट निकलने एवं बदलने को बताया झूठ**

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के नीचे स्थित एटीएम से बुधवार की सुबह पैसे निकालने आये युवक के हाथों में एक पांच सौ का नकली नोट आ गया।जिससे युवक परेशान होकर आसपास गार्ड को ढूंढने लगा।पीड़ित थाना क्षेत्र के मनहर गांव निवासी मुन्ना सिंह के पुत्र सेन्टू कुमार ने कहा कि वे सुबह लगभग सवा आठ बजे पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से पैसे निकालने के लिए रजौली आये थे।उन्होंने एटीएम कार्ड के जरिये बीस हजार रुपये निकाले जिसमें एक पांच सौ के नोट को नकली पाया।नकली रुपये को हाथ मे लेकर युवक बाहर आकर गार्ड को ढूंढने लगा।किन्तु आसपास कोई एटीएम गार्ड दिखाई नहीं दिया।युवक ने कहा कि बैंक का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था।जब वे मुख्य दरवाजे से पहले तल पर स्थित बैंक गए तो वहां सफाई में जुटे कर्मी ने कहा कि सभी बैंक बन्द है।बैंक खुलने के बाद मैनेजर साहब से आकर मिलिएगा।युवक ने कहा कि वे जरूरी कार्य से एटीएम से पैसे निकालने आये थे,अब वे एटीएम से निकले नकली पैसे बैंक को वापस करने के चक्कर में फिर घर से वापस आना पड़ेगा।साथ ही उन्होंने कहा कि बैंक कर्मी को यदि हमपर विश्वास नहीं होगा तो वे एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज से जांच भी कर सकते हैं।हालांकि बैंक खुलने के बाद युवक लगभग 10:30 से 11 बजे के बीच बैंक जाकर कर्मियों से इसकी शिकायत की।जिसके बाद पीड़ित द्वारा दिये गए नोट को बैंककर्मी ने वापस मशीन में चेक किया और उसको सही बताकर युवक को दूसरा नोट पकड़ा दिए।पीड़ित युवक पैसे लेकर बैंक से वापस घर चला गया।वहीं पीड़ित युवक ने एटीएम गार्ड नहीं होने पर भी चिंता जताई है।वहीं बैंक कर्मियों और एटीएम में पैसे डालने वाले कर्मियों पर भी सवाल उठाया कि आखिर कैसे एटीएम से नकली नोट ग्राहक को मिल रहा है।वहीं आसपास के लोगों ने कहा कि पहले तो बाजार में नकली नोट मिला करता था,अब तो बैंक और एटीएम में भी नकली नोट मिलने लगे हैं।बताते चलें कि बीते दिन ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम के समीप से एक ठग को गिरफ्तार कर जेल भेजी थी।ऐसे में बिना गार्ड वाले एटीएम से पैसे निकालना लोगों के लिए परेशानी का अहम कारण बना हुआ है।

**क्या कहते हैं बैंक मैनेजर**

– इस बाबत पर बैंक मैनेजर उमाशंकर कुमार ने पूरी जिम्मेदारी के साथ कहा कि एटीएम में डाले जाने वाले पैसों की बारीकी से जांच होती है।साथ ही कहा कि करेंसी की जांच के लिए प्रत्येक पन्द्रह दिनों में बैंक पदाधिकारी बदलते रहते हैं।मैनेजर ने यह भी कहा कि बैंक में किसी भी कर्मी द्वारा कोई नोट नहीं बदला गया है।जबकि पीड़ित युवक द्वारा बैंक में ही नोट बदलने की बात कही जा रही है।इस तरह से मामला संदेहास्पद प्रतीत होता है।

## कुक्कुट पालन कर रहे दो पशुपालक को दी गई सामाग्री



निज संवाददाता। **कौआकोल**

प्रखण्ड के महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव में बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना कार्यक्रम के अंतर्गत कुक्कुट पालन कर रहे दो पशुपालकों के बीच मुर्गीदाना,मुर्गियों के खाने एवं पीने वाला बर्तन,वाटरर एवं फीडर एवं स्वास्थ्य सुधार के लिए दवाई,दस्त की दवाई कैल्शियम , मल्टीविटामिन व आवास को निसंक्रमित करने के लिए फॉर्मलीन का वितरण किया गया। साथ ही मुर्गी पालन से संबंधित जानकारियां जैसे- आवास प्रबंधन,आहार प्रबंधन,बीमारी प्रबंधन आदि विषय पर चर्चा भी किया गया। इस दौरान केवीके के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह,कार्यक्रम के संचालक डॉ० धनंजय कुमार,सुमिताप रंजन,अंगद कुमार,रोहित कुमार,पप्पू कुमार आदि मौजूद थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## वन्यजीव संरक्षण को लेकर सरकारें कितनी गंभीर?

वन्यजीव संरक्षण को लेकर सरकारें और इससे जुड़े महकमे कितने गंभीर हैं, इसका अंदाजा उत्तराखंड के जिम कार्बेट बाघ आरक्षित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और अवैध निर्माण से लगाया जा सकता है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन वनमंत्री और उप-वन अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई है। गौरतलब है कि जिम कार्बेट में वनमंत्री रहते हरख सिंह रावत ने चिड़ियाघर से बाघ लाकर बसाने के नाम पर आरक्षित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कराई और अनावश्यक निर्माण शुरू करा दिए। उसमें वनमंत्री के चहेते तत्कालीन उप-वन अधिकारी और दूसरे अफसर भी शामिल थे। अदालत ने उस इलाके में सफारी यानी सैर-सपाटे पर रोक लगाते हुए सीबीआइ से तीन महीने के भीतर वहां की स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। वन्यजीव संरक्षण कानून के मुताबिक वन क्षेत्रों में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि के खिलाफ कड़े दंड के प्रावधान हैं। मगर विचित्र है कि उत्तराखंड के तत्कालीन वनमंत्री ने जिम कार्बेट में सारे कानूनों को ताक पर रख दिया। हालांकि जिम कार्बेट का मामला न तो नया है, न अकेला। देश में शायद ही ऐसा कोई अभयारण्य, वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र या विशेष पशुओं के लिए आरक्षित क्षेत्र हो, जहां अतिक्रमण, व्यावसायिक गतिविधियां चलाने और पेड़ों की कटाई आदि की शिकायतें न मिलती रही हों। दरअसल, सैलानियों को आकर्षित करने के मकसद से बहुत सारे अभयारण्यों, वन्यजीव आरक्षित क्षेत्रों पर व्यवसायियों की नजर लगी रहती है। वे सरकार से नजदीकी गांठ कर उन क्षेत्रों में रहने, ठहरने, मनोरंजन, सैर-सपाटे वगैरह के सरंजाम जुटाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। अनेक अभयारण्यों के सुरक्षित क्षेत्रों के भीतर अतिथि गृह, मोटेल, रेस्तरां, सफारी, मनोरंजन की जगहें बना ली गई हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, असम आदि के अभयारण्यों में अतिक्रमण की अनेक पुरानी शिकायतें हैं। उन पर विवाद उठते रहे हैं, अदालत में भी उन्हें हटाने की गुहार लगाई जाती रही, मगर वन अधिकारियों की कृपा से उनके कारोबार पर आंच नहीं आ पाती। जिम कार्बेट के बाहरी क्षेत्र में भी ठहरने, मनोरंजन और खानपान की ऐसी कई जगहें बना ली गई हैं। ऐसी गतिविधियों से उन इलाकों में तेज शोर, रोशनी और वाहनों आदि की आवाजाही के चलते न केवल वन्यजीवों की स्वाभाविक दिनचर्या बाधित होती(

# लोकतंत्र के शुभ को आहत करने वाले अपराधी नेता

(ललित गर्ग)

आपराधिक छवि वाले या जघन्य अपराधों में लिप्त लोगों को राजनीति दलों का संरक्षण मिलना भारतीय लोकतंत्र की बड़ी विडम्बना है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को संदेशखाली हिंसा, जमीन घोटाले, स्कूल घोटाले, देह व्यापार के धंधे व यौन उत्पीड़न के आरोप में आखिर सीबीआइ के सुपुर्द कर दिया गया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार लगातार अदालती आदेशों की धज्जियां उडाती रही, ममता ने शाहजहां शेख को सीबीआई को सुपुर्द करने के मामले में जो गैरजिम्मेदाराना एवं अलोकतांत्रिक रवैया अपनाया वह आश्चर्यजनक और चिंताजनक है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत ऐसे ही अवसरों पर सामने आती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के दुबारा आदेश के बावजूद संदेशखाली मामले के आरोपी को सीबीआइ के सुपुर्द करने में देरी होना न केवल समझ से परे है बल्कि यह लोकतंत्र एवं न्याय व्यवस्था की अवमानना है। इस पूरे प्रकरण से राजनीति समझ में आती है जो एक आरोपी को लेकर हो रही है। लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और राज्य में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस शेख के मामले को एक राजनैतिक मुद्दा बनाने पर तुले हुए हैं। आज भारत की आजादी का अमृत महोत्सव की परिसम्पन्नता पर एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि शेख पर गंभीर आरोपों के बावजूद ममता सरकार उसे बचाने में लगी रही। शेख अपने इलाके संदेशखाली में महिलाओं का उत्पीड़न करता था और देह व्यापार के धंधे में भी संलग्न था। ये आरोप गंभीर हैं जिनकी गहनता से जांच होनी चाहिए। मगर हो यह रहा है कि राज्य सरकार शेख की रक्षा में नजर आ रही है और भाजपा लगातार आक्रमण कर रही है। विडम्बना यह है

> *दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। राजनीति का यह हश्र आम लोगों के लिए गौर करने काबिल हो सकता है।*

कि शाहजहां शेख कोई समाजसेवी न होकर वर्तमान दौर का मुनाफेबाज नेता, व्यभिचारी, हिंसा एवं अराजकता फैलाने का आरोपी है। वैसे तो ममता दीदी की सरकार में कई घोटाले हुए हैं मगर स्कूल घोटाले में शाहजहां शेख का नाम आने पर प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ जब जांच शुरू की तो हंगामा बरपा हो गया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम विगत जनवरी माह के पहले सप्ताह में जब शाहजहां शेख के यहां संदेशखाली पहुंची तो स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उस टीम पर हमला बोल दिया। इनमें अधिसंख्य शेख के समर्थक ही थे। तृणमूल कांग्रेस एवं उनके नेताओं पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल ने जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, वे हर बार मौका मिलने पर अपने संकल्प एवं बेदाग राजनीति के दावों से पीछे क्यों हट जाते हैं? तृणमूल कांग्रेस में शेख जैसे नेताओं की कमी नहीं हैं। संदेशखाली से महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीनों के कब्जे को लेकर आ रही खबरें डराने वाली हैं। इन खबरों में कितनी सच्चाई है, इसका फैसला तो अदालत ही करेगी। तो फिर आरोपी को बचाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार एड़ी-चोटी का जोर क्यों लगाती रही? यहां सवाल तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का अथवा किसी अन्य दल का नहीं है। सवाल है, महिलाओं की अस्मिता से खेलने के आरोपियों को सजा दिलाने का। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री स्वयं महिला हैं और उन्होंने एक महिला के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले नेता को क्यों राजनीतिक संरक्षण दिया? आज राजनीति की दशा बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज़ कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज़ संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन बड़ा सवाल है कि कब मुक्ति मिलेगी शेख जैसे अपराधी तत्वों से राष्ट्र को? राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो। राजनीतिक दलों के बीच टकराव समझ में आता है, लेकिन सरकार में बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि वे कार्यकर्ताओं और अपराधियों के बीच के फासले को समझें। चंद वोटों की खातिर देश के अलग-अलग हिस्सों में अपराधियों को शह देने के नतीजे सामने आते रहे हैं। अपराधी का न कोई धर्म देखा जाना चाहिए और न ही विचारधारा। कानून को अपना काम करने देना चाहिए, तभी लोकतंत्र की सार्थकता है। यह अजीब स्थिति है कि अक्सर साफ-सुथरी और ईमानदार सरकार देने के दावों के बीच आपराधिक छवि के लोगों को उच्च पद देने या अपने दल का नेता बनाने का सवाल उभर जाता है। सवाल है कि क्या ममता अपने ही दावों को लेकर वास्तव में गंभीर हैं? ऐसे जिम्मेदार राजनेता अपने दावों से पीछे हटेंगे तो राजनीति को कौन नैतिक संरक्षण देगा? हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे स्वस्थ राजनीति मूल्यों को स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? इस तरह अपराधी तत्वों को महिमामंडित करने के बाद ममता के दावों एवं लम्बे संघर्षों की क्या विश्वसनीयता धूमिल नहीं हो जायेगी? केवल सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शेख को छह साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा कर अपनी पार्टी की अपराध-छवि को ढक नहीं सकती। आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा।

## फर्जी कॉल सेंटर के जरिए धोखाधड़ी,काबू पाने की जरूरत

इंटरनेट के फैलते दायरे के साथ-साथ इसे ठगी का जरिया बनाने वालों ने जिस तरह लोगों को अपनी कारगुजारियों का शिकार बनाना शुरू कर दिया है, उससे नई तरह की जटिलता खड़ी हो रही है। गुरुवार को आई एक खबर के मुताबिक नोएडा में पुलिस ने एक काल सेंटर का भंडाफोड़ किया और उसके उन चौदह कर्मचारियों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने विदेशी नागरिकों से करोड़ों रुपए ठग लिए थे। अच्छे-खासे संसाधनों और आधुनिक तकनीकों के साथ काल सेंटर के रूप में संगठित रूप से यह कारोबार चलाने वाले ये लोग दरअसल अमेरिका और अन्य देशों में रहने वाले लोगों को अपने झांसे में लेकर उनके कंप्यूटर में वायरस डाल देते थे और इसके बाद उसे ठीक करने के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। माना जाता है कि इंटरनेट पर होने वाली गतिविधियां आमतौर पर पारदर्शी होती हैं और इस पर अवांछित वसूली करना मुश्किल हो सकता है। मगर इस तरह का फर्जीवाड़ा करने वाले आपराधिक तत्त्व गलत तरीके से पहले अमेरिका या अन्य देशों में रहने वाले लोगों से संबंधित ब्योरा या उनका डेटा हासिल करते हैं। फिर उन्हें आर्थिक अपराधों के जाल में फंसने का डर दिखा कर, कभी कंप्यूटर में वायरस डाल कर या फिर लुभावने आर्थिक प्रस्तावों के जरिए अपनी बातों में फंसाते हैं। इसके बाद मुश्किल से बचाने के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। अकेले नोएडा में ऐसे कई मामले पकड़े जा चुके हैं। उम्मीद यही की गई थी कि आनलाइन माध्यम से होने वाले कामकाज से पारदर्शिता आएगी और इसके सहारे आर्थिक अपराधों को रोका जा सकेगा। मगर अलग-अलग तरीके से खड़े किए गए आनलाइन कारोबार में आए दिन जिस तरह ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे यही लगता है।

## पाकिस्तान के नक्शे कदम पर नेपाल, हालिया घटनाएं दे रही हैं कुछ अहम संकेत

(महेंद्र वेद)

जिस तरह पाकिस्तान में पर्दे के पीछे सरकार गठन में सेना प्रेरक की भूमिका में थी, क्या नेपाल को ऐसी प्रेरणा चीन से मिली? नेपाली कांग्रेस ने तो नेपाल के वामपंथियों के बीच सुलह कराने के पीछे चीन का हाथ होने का संकेत दिया ही है। नेपाल में बेल्ट ऐंड रोड पहल की गति को भी एक कारक के रूप में देखा जाता है। नेपाल की ताजा घटनाएं कुछ महत्वपूर्ण संकेत देती हैं, जिनमें कुछ नई हैं, तो कुछ पुरानी। पहली बात तो यह है कि यह कुछ पाकिस्तान के घटनाक्रम जैसा है, जहां पिछले महीने चुनावी नतीजे के बाद त्रिशंकु सदन की स्थिति पैदा होने पर दूसरे और तीसरे नंबर की पार्टियों ने मिलकर नई सरकार बनाई और सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को विपक्ष में बैठने के लिए मजबूर कर दिया। ठीक उसी तरह नेपाली कांग्रेस, जिसने पिछले वर्ष चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं, को सत्ता से बाहर कर दिया गया। दूसरी बात, संख्याबल के खेल ने खुद को दोहराया है, जिसमें सिद्धांतों के लिए कोई जगह नहीं है। नेपाल के लोग राजशाही से लेकर म्यूजिकल चेयर का खेल खेलने वाले राजनेताओं के बीच फंसकर रह गए हैं। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख देउबा पांच बार और ओली दो बार प्रधानमंत्री बने हैं, जबकि प्रचंड का यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है। तीसरी बात, जैसा कि एक समय दुनिया भर के समाजवादियों के लिए कहा गया था, वह नेपाली कम्युनिस्टों पर भी सटीक बैठता है कि वे कुछ समय के बाद साथ नहीं रह सकते और ज्यादा दिनों तक अलग भी नहीं रह सकते। विरोधी खेमे के प्रतिद्वंद्वी माओवादी, कम्युनिस्ट एवं समाजवादी अब नए सहयोगी बन गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या नेपाली कांग्रेस सिर्फ नेपाल ही नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते प्रभुत्व और सीपीएन-यूएमएल के प्रमुख केपी शर्मा ओली के कदमों से बेखबर थी? इसके अलावा, नेपाली कांग्रेस कुछ मंत्री पदों को लेकर प्रचंड के साथ अपने बढ़ते मतभेदों को दूर करने में क्यों असमर्थ रही? चौथी बात, जो महत्वपूर्ण है, वह यह कि जिस तरह पाकिस्तान में पर्दे के पीछे सरकार गठन में सेना प्रेरक की भूमिका में थी, क्या नेपाल को वह प्रेरणा चीन से मिली थी? सत्ता से बेदखल हुई नेपाली कांग्रेस ने तो नेपाल के वामपंथियों के बीच सुलह कराने के पीछे चीन के हाथ होने का संकेत दिया ही है। नेपाल में चीन के बेल्ट ऐंड रोड पहल की गति को भी एक कारक के रूप में देखा जाता है। नेपाल में इस तरह के कई बदलाव हुए हैं और नेपाल का नवीनतम सियासी घटनाक्रम इन सभी कारकों का संयोजन प्रतीत होता है। पुष्प कमल दहल प्रचंड ने, जो दिसंबर, 2022 में ओली के सीपीएन-यूएमएल के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे, कुछ ही महीनों के बाद ओली के साथ गठबंधन तोड़कर नेपाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया था। इस बार, कुछ परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन के मुद्दे पर माओवादी सेंटर और नेपाली कांग्रेस के नेता और वित्त मंत्री महत और प्रचंड के बीच मतभेद बढ़ गए। इसके अलावा, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा चाहते थे कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता और नवनिर्वाचित विधायक कृष्णा सितौला को नेशनल एसेंबली का अध्यक्ष बनाया जाए, जबकि प्रचंड अपनी पार्टी के सदस्य को इस पर रखना चाहते थे। लगता है कि ओली ने इसी मतभेद का फायदा उठाया। अपने नए स्वरूप में यह सरकार भी ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। मौजूदा संसद का कार्यकाल अब मात्र तीन वर्ष बचा है। पिछले चुनाव में त्रिशंकु सदन की स्थिति में सांसदों की खरीद-फरोख्त हुई और लगातार राजनीतिक अस्थिरता बनी रही। जहां तक चीन का सवाल है, उसने उसी दिन तुरंत अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, बीजिंग नई सरकार के साथ काम करने को इच्छुक है... हमें उम्मीद है कि नेपाल में सभी दल एकजुट होंगे और नई सरकार के गठन, राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और लोगों की आजीविका में सुधार से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5309

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5308

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक मामलों में आज का दिन लाभ देने वाला है। आपको कारोबार में कामयाबी मिलेगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी धन समृद्धि में वृद्धि होगी और आज आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। विलासितापूर्ण माहौल का लुफ्त उठाएंगे। बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से खुश होंगे। रात में इन लोगों पर धन का खर्च हो सकता है।

### वृष
आज सम्मान में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। बेहतर होगा कि आप किसी की बातों में न आएं और अपने काम पर ध्यान दें। शाम के वक्त किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। आज का दिन स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। खाने का ध्यान रखें। आलस्य का भी त्याग करें। ध्यान रहे किसी भी वस्तु की अधिकता से बचें और अपने मन की बात सुनें।

### कर्क
आज धन से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा और आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। हर मामले में अतिवादी होने से बचें। जीवन के कड़वे अनुभवों से सबक सीखें। अतीत को भूलाकर वर्तमान में कदम आगे बढ़ाएं। कार्यक्षेत्र में अप्रत्याशित बदलाव की संभावना है। आपको लाभ होगा।

### सिंह
आज धन सम्मान में वृद्धि होगी और कारोबार में सफलता मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। निजी संबंधों के कुछ मामलों में विवाद की स्थिति आ सकती है। एक बात आज विशेष रूप से नोट कर लें कि जीवन में जब भी आपको आवश्यकता पड़ेगी तब आपके परिवारिक सदस्यों से वांछित सहयोग कभी प्राप्त नहीं होगा।

### मिथुन
आज आर्थिक योजनाएं सफल होंगी। आपकी योजनाओं को मंजूरी मिलेगी और आपके प्रस्ताव पर गौर किया जाएगा। आप व्यवसायिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। आज आपको काफी उम्दा अवसरों की प्राप्ति होगी और आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा।

### कन्या
आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज आप किसी जरूरी योजना का आरंभ कर सकते हैं। आप एक महत्वपूर्ण परियोजना आरंभ करने वाले हैं। इसके सफलतापूर्वक पूरा होने में एक साल लग सकता है। आर्थिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। सेहत और वित्तीय मामलों में ध्यान दें।

### तुला
आज लाभ होगा और ऑफिस में आपको लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आप विभिन्न कार्यों में सक्रियतापूर्वक भाग लेंगे। बिजनस पार्टनर के साथ मिलकर आप अपने संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे। शाम का समय आपका परिजनों और मित्रों के साथ शानदार बीतेगा। रात में कोई तोहफा और सरप्राइज आपको मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज आर्थिक लाभ होगा और सहकर्मियों के सहयोग से आप कोई रुका कार्य पूर्ण कर लेंगे। आप एक परियोजना को पूरा करने में सफल रहेंगे। किसी महान व्यक्ति के सहयोग से आपके विवादों का हल निकल आएगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। परिस्थितियों का आकलन करें और फिर कोई फैसला करें। आर्थिक मामलों में भाग्य आपका साथ देगा।

### मकर
आज लाभ होगा और आज आपकी त्रिकोणीय व्यापारिक साझेदारी पूरी होंगी। धन की योजनाओं से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। आज आप किसी प्रकार का लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपके कार्य पूर्ण होंगे। बेहतर यही होगा कि आप घर और ऑफिस की भूमिका को अलग-अलग रखें, उन्हें आपस में मिलाएं नहीं, अन्यथा आप संशयग्रस्त हो जाएंगे।

### कुंभ
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलकारक है। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बाद भी आप जो कार्य करेंगे उसमें आपको कामयाबी मिलेगी। जो भी कार्य साहस के साथ करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र और परिवार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप थोड़ा सूझबूझ से काम करें।

### धनु
आज सेहत और वित्तीय संसाधनों पर ध्यान देने की जरूरत है। आज आप फालतू के काम में दिमाग न लगाएं। दूसरे लोगों के कार्यों के लिए ज्यादा वक्त और ऊर्जा बर्बाद न करें, क्योंकि ऐसे लोग एक के बाद एक दूसरी फरमाइशें पेश करेंगे। आज समाज में भी आपका महत्व बढ़ेगा। मूड में उतार-चढ़ाव पर नज़र रखें। आज फालतू खर्च से बचें।

### मीन
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको ग्रहों की शुभ दशा का लाभ मिल रहा है। आपके करियर से जुड़ी कोई बड़ी खबर सामने आ सकती है। किसी कठिन दौर से गुज़र सकते है। ध्यान रखें। सच्चाई का सामना करेंगे और आपके समक्ष भावनात्मक समस्याएं भी आएंगी। आपको सूझबूझ से काम लेने की जरूरत है।

## वर्ग पहेली 5309



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 21 अप्रैल 1977 को मेजर जनरल जियउर्ररहमान इस देश के राष्ट्रपति नियुक्त हुए (4)
4. आश्रय, शरण लेने की जगह, परित्राण (3)
6. भयजनक, खतरे से पूर्ण (5)
8. मुग्ध होना, प्रसन्न होा (3)
10. दुर्भाव, द्वेष, बैर (2)
13. जिसकी कोई सीमा न हो, अनंत, बेहद,बेहिसाब (3)
14. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
16. निषिद्ध करना, वर्जित करना (5)
18. वर्षा के जल को यह भी कहते है (2)
20. नेत्र, आंख, नयन (2)
21. करीने से काटना या कतरना (4)
22. पश्चिमी अफ्रीका के इस देश की राजधानी अकरा है (2)

**ऊपर से नीचे**

1. इस वाद्य का आविष्कार मतंग ने किया था मतंग का लिखा इस वाद्य का पहला ग्रंथ आज उपलब्ध नहीं है (3)
2. अवलोकन करना, निहारना, निरीक्षण करना (3)
3. सौ की पूर्ण संख्या, सौ का सूचक अंक (2)
4. कच्चे आम या इमली का बना खट्ठा-मीठा पदार्थ (2)
5. जब वस्तु आदि ठीक सामने हो (6)
7. सूजी, कण (2)
9. वेगपूर्वक किसी की ओर बढ़ना (4)
11. किसी व्यक्ति, प्राणी आदि का बोधनक सूचक शब्द, ख्याति, शोहरत (2)
12. लहरदार किनारा, लटकने वाला हाशिया (3)
14. कर्मचारी मंडल, लक्ष्मी, संवादहीन फिल्म पुष्पक की नायिका (1987)(3)
15. क से ह तक की वर्णमाला (4)
17. नृत्य करना, संगीत के सुरताल से अंगों को संचालित करना (3)
19. शुगर बॉउल वॉफ द वर्ल्ड कहलाने वाले क्यूबा देश की राजधानी (3)

### वर्ग पहेली 5308 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑ | स्ट्रे | लि | या | | सा | हि | ल |
| स्क | | प | त | नी | य | | क्ष्य |
| र | प | ट | ना | | रा | त | |
| | दा | ना | | उ | बा | ल | ना |
| ता | व | | न | | नो | | रं |
| म | न | भा | व | न | | बा | गी |
| स | त | | नी | म | न | | |
| | | व | त | न | | | गौ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, मो.-9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो में मौसम साफ, खिली रहेगी धूप

**बोकारो , एजेंसी ।** बोकारो जिला में बुधवार को मौसम पूरी तरह साफ है। दिन भर धूप खिली हुई रहेगी एवं मौसम शुष्क रहेगा। सूर्योदय सुबह 5ः56 में हुआ है जबकि सूर्यास्त शाम को 5ः54 में होना है। हवा 3 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बह रही है। ह्यूमिडिटी 67त्न है। एयर क्वालिटी इंडक्शन 113 है।वहीं कल गुरुवार 14 मार्च को कहीं-कहीं आंशिक बादल रहने की संभावना है लेकिन मौसम शुष्क रहेगा। 15 मार्च शुक्रवार को मौसम पूरी तरह साफ व शुष्क रहेगी। जबकि 16 मार्च एवं 17 मार्च को बादल के साथ ही कहीं-कहीं बारिश की भी संभावना है। 18 मार्च सोमवार को हल्का बादल रहेगा लेकिन मौसम शुष्क रहने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा बताई गई है। गुरुवार 14 मार्च को न्यूनतम तापमान 17 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।इसी तरह 15 मार्च शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 19 डिग्री एवं अधिकतम 34 डिग्री, 16 मार्च शनिवार को न्यूनतम 20 डिग्री एवं अधिकतम 32 डिग्री, 17 मार्च रविवार को न्यूनतम 19 डिग्री एवं अधिकतम 34 डिग्री तापमान रहने की संभावना है। वहीं 17 और 18 मार्च को भी न्यूनतम 19 डिग्री एवं अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा बताई गई है।

### दाउदनगर स्टेशन पर छपरा एक्सप्रेस को ठहराव

**जमशेदपुर, एजेंसी ।** टाटानगर-छपरा थावे एक्सप्रेस को बिहार के सारण जिला स्थित दाउदपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव मिला है। इससे सैकड़ों यात्रियों को सहूलियत होगी। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से जारी आदेश टाटानगर व थावे से 14 मार्च गुरुवार को रवाना ट्रेन पर आदेश लागू होगा। दूसरी ओर, टाटानगर से गुजरने वाली दुर्ग-आरा साउथ बिहार व हावड़ा-टिटलागढ़ व कांताबाजी इस्पात एक्सप्रेस को चक्रधरपुर मंडल के सोनुवा स्टेशन पर दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने ठहराव दिया है। जबकि शालीमार-गोरखपुर एक्सप्रेस घाटशिला व हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस गालूडीह स्टेशन पर रुकने लगी।

### रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद, एजेंसी ।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप में जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखिलेश कुमार की अदालत ने रांची की होटवार जेल से वीसीएस से पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह बुधवार हाजिर नहीं थे। अभियोजन ने गवाह पेश करने के लिए समय की याचना की। कोर्ट ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया। रूना सिंह उर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह आठ अगस्त से जेल मे बंद है। पांच नवंबर 2018 को सरायढेला पुलिस ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दायर किया था। जबकि चंदन शर्मा, हरेंद्र सिंह के विरुद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 की शाम साढ़े पांच बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोली मार कर दी गई थी।

### मुद्रा ऋण योजना : झारखंड के 1,81,397 लोगों ने रोजगार के लिए मुद्रा लोन लेकर बैंकों को नहीं लौटाया

**रांची , एजेंसी ।** झारखंड के 1,81,397 लोगों ने बैंकों से लिए मुद्रा लोन वापस नहीं किए हैं। इनका 1 करोड़ 21 लाख 69 हजार 842 रुपया लोन एनपीए हो गया है। मुद्रा ऋण योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री ने 8 अप्रैल 2015 को की थी। यह योजना मुख्य रूप से गैर कृषि क्षेत्र के छोटे उद्योगों को बैंकों द्वारा वित्त पोषण के लक्ष्य से शुरू की गई थी। बैंकों से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत 31 दिसंबर तक राज्य के14 लाख 68 हजार 703 लोगों ने 2 करोड़ 75 लाख 67हजार 98 रुपया शिशु ऋण, 7 लाख 95 हजार 314 लोगों ने 5 करोड़ 80 लाख 74हजार 026किशोर ऋण और 46हजार 870 लोगों ने 2 करोड़ 69 लाख 46 हजार 562 तरुण ऋण लिया। इस तरह राज्य के 23 लाख 10हजार 887 लोगों ने राज्य के बैंकों से 11करोड़ 25लाख 87हजार 686 रुपया लोन लिया। इस योजना के तहत सबसे अधिक लोन प्राइवेट सेक्टर के बैंकों ने इंडसइंड बैंक ने 2187.76 करोड रुपए, 1093.60 करोड रुपए बंधन बैंक और 303.15 करोड रुपए झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा मुद्रा लोन दिया गया।

### झारखंड के विधायकों को नहीं मिला राष्ट्रपति का समय,

# सरना कोड समेत कई बिलों पर करना चाहते थे बात

**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रपति भवन से महागठबंधन के 50 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल को 1932 खतियान आधारित स्थानीयता विधेयक, आरक्षण बढ़ाने से संबंधित बिल और सरना धर्म कोड के मुद्दे पर मिलने का समय नहीं मिला है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। कहा कि चार मार्च को पत्र भेजा गया था। मुलाकात का समय नहीं मिलना आश्चर्यजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। समय की मांग किसी निर्धारित समयावधि के लिए नहीं की गई थी। एक महीने बाद चाहे जब भी समय होता तो बुलाया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु झारखंड की राज्यपाल भी रही हैं। वह हमारे मुद्दों की गंभीरता और गहराई से वाकिफ हैं।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड की माटी से जुड़े स्थानीयता नीति, सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण आदि के मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिलने की अनुमति नहीं मिल पाई। उन्होंने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। सीएम ने कहा कि समय नहीं मिलना चिंता का बड़ा विषय बन गया है। लेकिन, हम इस बात को रखने के लिए प्रयास करते रहेंगे। समय मांगते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि एक ओर राजभवन लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार द्वारा पास किये गए विधेयकों को रोक देता है, और दूसरी ओर कम से कम जनहित के मुद्दों पर ऐसा नहीं होना चाहिए था। लेकिन झारखंड को



एटीएम समझने वालों भाजपा नेताओं ने ना कभी यहां के आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों को अपना समझा है, ना ही यहां के मुद्दों के प्रति उनमें थोड़ी सी भी गंभीरता है।सीएए से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने इसे 2019 में मंजूरी दे दी थी। यह नया नहीं, पुराना फैसला है। चुनाव को देख कर इसे अभी लागू किया जा रहा है। केंद्र के पास ऐसा कोई काम नहीं है, जिसे जनता को बताए। उन्होंने विधायक अंबा प्रसाद के यहां ईडी की छापेमारी से जुड़े सवाल पर कहा कि इस पर अभी कुछ नहीं कहेंगे।

**आदिवासी-मूलवासी, खतियान नीति की विरोधी है हेमंत सरकार पार्ट-2ः भाजपा :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर पलटवार करते हुए कहा कि झामुमो सिर्फ चुनाव के समय आदिवासी, मूलवासी, एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के लिए घड़ियाली आंसू बहाता है। अगर झामुमो पिछड़ों के आरक्षण के लिए गंभीर था तो उसने पंचायत चुनाव बिना पिछड़ों के आरक्षण के क्यों करवा लिया नगर निकाय चुनाव भी बिना पिछड़ों को आरक्षण दिए करने की तैयारी थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ये रुका। प्रतुल ने कहा कि भाजपा का स्पष्ट मत है कि परंपरा को जीवित रखने वाले आदिवासियों को हक देने के लिए उठाए जाने वाले हर कदम का साथ देगी। झामुमो गठबंधन में कांग्रेस के साथ है। कांग्रेस के एक प्रमुख नेता कार्तिक उरांव ने तो लोकसभा में प्राइवेट मेंबर्स बिल (अनुसूचित जाति जनजाति आदेश संशोधन विधेयक 1967) लाकर धर्म बदलने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को आरक्षण से बाहर करने का प्रस्ताव दिया था। इस मुद्दे पर संसद की संयुक्त समिति की सकारात्मक टिप्पणी के बावजूद इस विधेयक का विरोध करने के लिए प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने व्हिप तक जारी किया था। उन्होंने कहा कि इस सरकार का एससी समुदाय विरोधी नजरिया इस बात से स्पष्ट हो जाता है कि पिछले दो वर्षों से इस सरकार के कैबिनेट में एक भी एससी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाला मंत्री मौजूद नहीं है।

## यूट्यूब पर बाइक चोरी का तरीका सीख छात्र ने बनाया गिरोह, 5 गिरफ्तार



**रांची, एजेंसी।** रांची पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले बिहार और रांची के दो गिरोह का भंडाफोड़ किया है। डेली मार्केट और चुटिया थाने की पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक गिरोह का सरगना सूरज कुमार यूट्यूब पर बाइक चोरी का तरीका सीखा। फिर गिरोह बनाकर बाइक चोरी कर रहा था। आरोपी सूरज मारवाड़ी कॉलेज का छात्र है। इसके अलावा नालंदा के कौशलेंद्र कुमार, रामगढ़ के तौफिक आलम के अलावा चुटिया के बिट्टू कुमार और आदित्य शर्मा शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने आधा दर्जन चोरी की बाइक बरामद की है।

मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि डेली मार्केट थाने की पुलिस की ओर से मेन रोड में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में तीन लोगों रोका गया। पूछताछ करने के क्रम में पता चला कि तीनों के पास वाहन के कोई कागजात नहीं हैं। कड़ाई से पूछताछ में तीनों ने खुलासा किया कि वे लोग मूलरूप से बिहार में रहते हैं। रांची में किराया का मकान लेकर वाहन चोरी करते हैं, जिसे झारखंड और बिहार के ग्रामीण इलाकों में बेचते हैं।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने लालपुर, कांके और अनगड़ा इलाकों से चोरी की बाइक के अलावा फर्जी नंबर प्लेट, चोरी करने के औजार समेत अन्य चीजें बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को अपने गिरोह के अन्य साथियों के बारे में जानकारी दी है।

एसएसपी ने बताया कि 10 मार्च की रात विकास कुमार सिंह की एक बाइक चोरी हो गयी थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सोमवार को बिट्टू और आदित्य को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से चोरी की बाइक भी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

## 16 मार्च से झारखंड में हो सकती है बारिश



**रांची, एजेंसी।** राज्य में एक बार फिर वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स का असर दिखेगा। मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स के असर से राज्य में 14 मार्च से बादल छाएंगे। वहीं 16 मार्च से राज्य के कई हिस्से में बारिश हो सकती है। जारी रिपोर्ट के मुताबिक 16 मार्च को राज्य के उत्तर-पश्चिम, मध्य और दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। 17 मार्च को कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। 18 मार्च तक राज्य के कई जिलों में वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स का असर रहेगा। इस दिन राज्य के पश्चिमी हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क बना रहा है। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान बोकारो थर्मल का रहा। वहीं सबसे कम तापमान गोड्डा जिले का रहा। यहां का तापमान 15.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

जारी पूर्वानुमान के अनुसार 16 मार्च को मेघ गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। यह बारिश राज्य के मध्य हिस्से जिसमें रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी तथा रामगढ़ जिले आते हैं, में होगी। इसके अतिरिक्त पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला-खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार तथा लोहरदगा में भी बारिश का पूर्वानुमान है।

## झारखंड में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, दोपहर की धूप से राहत के आसार; इस दिन होगी बारिश

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत झारखंड में मौसम में बदलाव की संभावना है। राज्य में 14 से आंशिक बादल छा सकते हैं। 16 से 18 मार्च तक हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। इस बदलाव से राजधानी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में तेजी से बढ़ रहे तापमान में कमी आएगी। मौसम विभाग के अनुसार, मौसम में बदलाव के बाद अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज हो सकती है। दिन में दोपहर के दौरान बढ़ रही गर्मी से राहत मिलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में यह मौसम बदलाव एक नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। यह विक्षोभ 12 मार्च को देश के उत्तर-पश्चिमी भाग में दस्तक दे चुका है। इसके प्रभाव से हिमालय के तराई क्षेत्रों में बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान है। जबकि, अगले पांच दिनों तक इसके प्रभाव से झारखंड समेत देश के उत्तरी भागों में बादल छाएंगे और हल्की बारिश होगी।

झारखंड के अधिकांश जिलों में मंगलवार को मौसम साफ रहा। रांची का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि, जमशेदपुर का



अधिकतम तापमान सबसे अधिक 35.6 डिग्री तक पहुंच चुका है। यहां न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री दर्ज किया गया। मेदिनीनगर का अधिकतम 35.2 डिग्री रहा। राज्य के अधिकांश जिलों का अधिकतम 30 डिग्री के पार पहुंच चुका है।

मौसम विभाग रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि देश के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने के कारण उत्तरी भागों में होने वाले मौसम में बदलाव का असर झारखंड पर भी पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके प्रभाव से राज्य में 14 से आंशिक बादल छा सकते हैं। -

## जज उत्तम आनंद हत्याकांड में सीबीआई से हाई कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट, अपराधियों के वाट्सएप चैट में कुछ भी संदिग्ध नहीं

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में धनबाद के जज उत्तम आनंद की हत्याकांड की जांच को लेकर सुनवाई हुई। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सीबीआई ने प्रगति रिपोर्ट पेश की।

इसमें कहा गया कि सीबीआई को अपराधियों की वाट्सएप चैट की रिपोर्ट अमेरिका से मंगानी थी। रिपोर्ट आ गई है, लेकिन इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं है। इस पर अदालत ने कहा कि जब रिपोर्ट आ गई है और उसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला तथा निचली अदालत से अभियुक्तों को सजा भी सुना दी गई है, तो अब इस मामले की सुनवाई करने का कोई औचित्य नहीं है।

अदालत ने सीबीआई से रिपोर्ट मांगी तो सीबीआई की ओर से कहा गया कि रिपोर्ट दिल्ली कार्यालय को मिली है। वहां से रिपोर्ट मंगाने में समय लगेगा। रिपोर्ट पेश करने के लिए सीबीआई ने दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। लेकिन अदालत ने दो सप्ताह का समय



देने से इन्कार कर दिया और बुधवार को ही रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

पूर्व की सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कहा था कि इस मामले में वह इंटरपोल की मदद ले रहा है। इसकी अनुमति भी केंद्र सरकार से मिल गई है। कुछ वाट्सएप चैट डिलीट कर दिए गए हैं। इसके लिए वाट्सएप अमेरिका से मदद मांगी गई है और उसने सभी चैट उपलब्ध कराने का भरोसा दिया था। चैट की पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

बता दें कि धनबाद के जज उत्तम आनंद की मौत 28 जुलाई, 2021 को हो गई थी। जज उत्तम आनंद जब मार्निंग वॉक कर रहे थे, उसी समय एक ऑटो ने टक्कर मार दी थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

सरकार ने इसकी सीबीआई जांच का आदेश दिया था। सीबीआई ने जांच के बाद दो आरोपित राहुल वर्मा और लखन वर्मा के खिलाफ हत्या के मामले का आरोप पत्र दाखिल किया। निचली अदालत ने दोनों को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन की सजा सुनाई है।

इसी मामले की सुनवाई के दौरान जेपीएससी और जेएसएससी की ओर से अदालत को बताया गया विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में रिक्त पदों और लैब तकनीशियनों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। हाई कोर्ट के निर्देश के आलोक में नियुक्ति की गई है। इसलिए इस मामले को अब निष्पादित कर देना चाहिए।

जज उत्तम आनंद की हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान सामने आई थी कि एफएसएल में कई पद रिक्त हैं। इस कारण लैब पूरी तरह से संचालित नहीं हो रहा है। इस पर अदालत ने जेपीएससी और जेएसएससी को रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

## रांची में दो महीने के लिए लागू धारा-144, इन जगहों पर लगाए गए कड़े प्रतिबंध

**रांची, एजेंसी।** अनुमंडल दंडाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार ने मंगलवार की दोपहर 12 बजे से 10 मई तक (60 दिन) या आगामी आदेश तक सात स्थानों पर धारा-144 लागू करने का निर्देश दिया है। इस समयावधि में बिना सक्षम प्राधिकार की पूर्वानुमति के किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा।

किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, जैसे बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा किसी प्रकार के हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलने या चलने पर भी प्रतिबंध होगा।

बिना सक्षम प्राधिकार की पूर्वानुमति के किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों व कर्मचारियों और न्यायालय कार्य, धार्मिक व अंत्येष्टि कार्यक्रम पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं रहेगा। यह आदेश जिला प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त किसी भी पदाधिकारी या बल पर लागू नहीं होगा।

## बेटे ने पिता की गला रेतकर की हत्या, चाकू से 10 से ज्यादा बार किए वार, बेटी और पत्नी घायल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गिरिडीह , एजेंसी।** गिरिडीह में एक सनकी बेटे ने अपने पिता की गला रेत कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसी दौरान बेटे ने पिता के गर्दन पर चाकू से दर्जनों बार हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी और बेटी को भी चाकू मारकर घायल कर दिया।आरोपी का नाम आलमगीर आलम है। वहीं, मृतक की पहचान मो. बिरबल उर्फ हसीम मियां (75 वर्षीय) के रूप में की गई है। घटना गावां थाना क्षेत्र के माल्डा के लक्ष्मीपुर गांव की है।आरोपी आलमगीर की पत्नी शेरून खातून ने बताया कि उसके ससुर यानी हसीम मियां सुबह घर से बाहर निकलकर पेशाब करने लगे। इसी बात से उनका पति नाराज हो गया और अनाप-शनाप बोलने लगा। शेरून के मुताबिक, उसके ससुर ने सिर्फ इतना ही कहा कि लाओ लाठी। इसी बात पर आलमगीर भड़क गया और चाकू लेकर अपने पिता को मारने पहुंच गया।आरोपी की पत्नी ने बताया कि मैंने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो उसने मुझे धकेल दिया। इसके बाद चाकू से अपने पिता को गोद दिया। मैंने चाकू पकड़ने की कोशिश की तो उसने धक्का दिया और पिता के गले पर मार दिया। इस दौरान मैं और मेरी बेटी हीना भी घायल हो गए।इधर घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घटना में इस्तेमाल चाकू को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## शादी से पहले प्री वेडिंग में फिजूलखर्ची रोकने को समाज ने उठाया कदम


**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** आजकल देश-विदेश में प्री वेडिंग समारोह की खूब धूम है। दरअसल, प्री वेडिंग समारोह और प्री वेडिंग शूट का चलन पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। शादी से पूर्व ऐसे समारोह पर लाखों रुपये खर्च किये जा रहे हैं। इसे अपनाने वालों की सूची अब मध्य वर्ग के लोग भी शामिल हो गये हैं। जहां यह प्रचलन रीति-रिवाज का हिस्सा बनने की ओर अग्रसर है, वहीं एक समाज ने इसके खिलाफ मुहिम शुरू कर रही है। इस समाज को इस प्रथा से कोई शिकायत नहीं है, पर वह इस पर होने वाले खर्च के सख्त खिलाफ है।

**व्यापक रणनीति, चरणबद्ध अभियानः** पूर्वी सिंहभूम का मारवाड़ी समाज ने इस प्री वेडिंग समारोह और शूट के खिलाफ व्यापक तौर पर रणनीति बनाई है। समाज ने इसकी शुरुआत हस्ताक्षर अभियान से की है। इसके माध्यम से समाज अपने लोगों को इस ट्रेंड के खिलाफ तैयार करने में जुटा है। समाज के कुछ बुजुर्ग पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभा रहे हैं। समाज के वैसे घरों को चिह्नित किया गया है, जहां हाल में शादी का आयोजन होना है। समाज के लोगों का कहना है कि हम किसी भी



प्रथा के खिलाफ नहीं है, पर ये उन लोगों के लिए गले की हड्डी न जाए जो इसके लिए खुद को तैयार नहीं कर पा रहे हैं। आने वाले दिनों में यह बाध्य न हो जाये हमारा अभियान इसी को लेकर है। इसके लिए विरोध की चरणबद्ध योजना बनाई गई है। हस्ताक्षर अभियान के बाद छोटे-छोटे आयोजन के माध्यम से इस बारे में जागरूक किया जाएगा। समाज के लोग इसके लिए पहल तो कर रहे हैं, पर सार्वजनिक तौर पर आगे आने से कतरा रहे है।

**जमशेदपुर और आसपास प्री वेडिंग शूट पर एक से पांच लाख तक का खर्चा :** प्री वेडिंग फोटो शूट करवाने के लिए एक से पांच लाख रुपए तक का खर्चा होता हैं। प्री वेडिंग शूट लोकेशन और दोनों पक्ष की इच्छा पर निर्भर करता है। वेडिंग फोटो शूट में होने वाले दूल्हा-दुल्हन अपने परिवार वालों की सहमति से शादी से पूर्व फोटोग्राफर के एक ग्रुप को अपने साथ लेकर शादी के पहले सुंदर जगहों पर जाकर फोटो शूट करवाते हैं। शादी के दिन एक बड़ी स्क्रीन लगा कर इसे दिखाया जाता है। इसका चार्ज अलग-अलग होता है। परिवार अपने स्तर से फोटो शूट करवाते हैं, जिसके लिए लोग लाखों खर्च करने से भी नहीं हिचकते। दलमा, चांडिल डैम, सीतारामडेरा, हिरणी फॉल के अलावा किरीबुरू और नोवामुंडी समेत कई जगह इन दिनों प्री वेडिंग शूट के लिए पसंदीदा स्पॉट बन गये हैं।



# घर बैठे इसरो से करें फ्री ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से शैक्षिक संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए कई फ्री पाठ्यक्रम प्रदान किए हैं। पूरा करने पर सर्टिफिकेट दिया जाता है।**

रिमोट सेंसिंग के क्षेत्र में प्रोफेशनल के नॉलेज एंड स्किल्स को डेवलपमेंट करने के लिए इसरो द्वारा फ्री ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की गई है। यह ऑनलाइन कोर्स भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के तहत भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान (आईआईआरएस) द्वारा प्रदान किया जा रहा है। आईआईआरएस की ओर से शुरू एडवांस इन रिमोट सेंसिंग टेक्निक्स फॉर जियोलॉजिकल एप्लीकेशन कोर्स प्रोफेशनल को रिमोट सेंसिंग के क्षेत्र में प्रैक्टिकल विशेषज्ञता को हासिल करने के मकसद से डिजाइन किया गया है। रिमोट सेंसिंग फॉर जियोलॉजिकल कोर्स अनेक एप्लीकेशन से संबंधित है, जिसमें मैपिंग, मॉनिटरिंग आदि पहलू शामिल है।
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से शैक्षिक संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए कई फ्री पाठ्यक्रम प्रदान किए हैं। इन पाठ्यक्रमों को पूरा करने के बाद, सर्टिफिकेट दिया जाता है। ये पाठ्यक्रम कई विषयों पर आधारित हैं और उन्हें अपने करियर में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## कोर्स में शामिल हैं ये विषय

भूविज्ञान में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के मूलभूत सिद्धांत, जिसमें ऑप्टिकल थर्मल, माइक्रोवेव, हाइपरस्पेक्ट्रल आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भू-वैज्ञानिक विज्ञान में रिमोट सेंसिंग की भूमिका, लैंडस्लाइड, मैपिंग और मॉडलिंग जीएनएसएस, जियोडेसी और जियोफिजिक्स का एकीकरण और ग्रहों की खोज आदि विषय रिमोट सेंसिंग पाठ्यक्रम में शामिल है।

## कौन है आवेदन के लिए पात्र

एडवांस इन रिमोट सेंसिंग टेक्निक्स फॉर जियोलॉजिकल एप्लीकेशन फ्री ऑनलाइन कोर्स के लिए अर्थ साइंस में स्नातकोत्तर छात्र व उसके समकक्ष विषय जैसे जियोलॉजी, एप्लाइड जियोलॉजी, जियोफिजिक्स, अर्थ साइंस, जियो एक्सप्लोरेशन, जियोग्राफी आदि विषय और सिविल इंजीनियरिंग, जियोसाइंस, माइनिंग इंजीनियरिंग में बीटेक छात्र इस कोर्स में आवेदन करने के पात्र हैं।

## कोर्स स्टडी मैटेरियल

ई-क्लास प्लेटफॉर्म के जरिये पेशेवरों को लेक्चर स्लाइड, वीडियो रिकॉर्डेड लेक्चर आदि स्टडी मैटेरियल प्रदान किए जाएंगे।
सर्टिफिकेट दिया जाएगा
नोडल सेंटर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करने वाले छात्रों को 70 फीसदी उपस्थिति के आधार पर प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण किया है, उन छात्रों को पाठ्यक्रम के प्रत्येक सत्र में 70 फीसदी घंटे उपस्थित होना होगा। व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करने वाले छात्र इसरो एलएमएस के माध्यम से ऑनलाइन सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं।

## ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के फायदे

- ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स सुविधाजनक होते हैं और घर से आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं।
- आपको किसी विशेष स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय और प्रयास दोनों की बचत होती है।
- ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आपको अपने नॉलेज एंड स्किल्स को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।
- ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आपको नई चीजें सीखने और अपने नॉलेज का विस्तार करने में मदद कर सकते हैं।
- ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आपको अपने नेटवर्क का विस्तार करने और नए लोगों से मिलने में मदद कर सकते हैं।
- इसके साथ ही आप दुनिया भर के विशेषज्ञों से अपने पसंदीदा विषय सीख सकते हैं।



**ललित कला स्नातक एक स्नातक की डिग्री है जो आपको दृश्य, ललित या प्रदर्शन कला में एक पेशेवर कॅरियर के लिए तैयार करती है। आपका कोर्सवर्क आपके फाइन आर्ट्स मेजर पर निर्भर करता है। कुछ प्रमुख जो आप ललित कला स्नातक के साथ कर सकते हैं उनमें फोटोग्राफी, कला इतिहास और नृत्य शामिल हैं।**

# एक पेशेवर कॅरियर के लिए तैयार करती है ललित कला की डिग्री

ललित कला स्नातक एक स्नातक की डिग्री है जो आपको दृश्य, ललित या प्रदर्शन कला में एक पेशेवर कॅरियर के लिए तैयार करती है। आपका कोर्सवर्क आपके फाइन आर्ट्स मेजर पर निर्भर करता है। कुछ प्रमुख जो आप ललित कला स्नातक के साथ कर सकते हैं उनमें फोटोग्राफी, कला इतिहास और नृत्य शामिल हैं।
अधिकांश कार्यक्रमों में रचनात्मक अभ्यास के घंटों के साथ-साथ कक्षा निर्देश शामिल हैं। अंततः, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की डिग्री आपको कला में विभिन्न प्रकार के करियर विकल्पों के साथ एक अच्छी तरह से शिक्षा प्रदान करती है। मुख्य ललित कलाएं फिल्म, नृत्य, पेंटिंग, फोटोग्राफी, वास्तुकला, मिट्टी के बर्तन, वैचारिक कला, मूर्तिकला, संगीत, प्रिंटमेकिंग, इंटीरियर डिजाइन और नाटक हैं। यह छात्रों को कलाकार बनने और कला के निर्माण से जुड़ी अन्य प्रथाओं का पालन करने के लिए सिखाता है और तैयार करता है। अरस्तू के अनुसार, ''कला का मुख्य उद्देश्य चीजों की बाहरी उपस्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करना है, बल्कि उनके आंतरिक महत्व का भी प्रतिनिधित्व करना है''।

## पाठ्यक्रम और अवधि

ललित कला पाठ्यक्रमों में बड़ी संख्या में प्रमाणपत्र, डिप्लोमा और डिग्री स्तर के पाठ्यक्रम हैं जो विभिन्न संस्थानों द्वारा पेश किए जाते हैं। आप ललित कला में स्नातकोत्तर और पीएचडी पाठ्यक्रम भी कर सकते हैं। पाठ्यक्रमों की अवधि 1 से 5 वर्ष तक होती है।

## डिप्लोमा कोर्स

**ललित कला में डिप्लोमा:** यह एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। यह कोर्स 12वीं के बाद किया जा सकता है।
**स्नातक के अंतर्गत का पाठ्यक्रम:**
**बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) या बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स (बीवीए):** इस कोर्स की अवधि 4 से 5 साल है।
**ललित कला में कला स्नातक (बीए):** यह तीन साल की अवधि का कार्यक्रम है।

## परास्नातक पाठ्यक्रम

- मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) या मास्टर इन विजुअल आर्ट्स (एमवीए): यह दो साल की अवधि का कार्यक्रम है।
- ललित कला में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए): इस पाठ्यक्रम की अवधि आम तौर पर दो वर्ष की होती है।
- कुछ संस्थान पत्राचार और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। दो प्रसिद्ध संस्थान इग्नू, दिल्ली और दिल्ली विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग पत्राचार में ललित कला पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

## ललित कला में आवश्यक कौशल

- आपके द्वारा बनाई गई ड्राइंग आगंतुक की नजर में यथार्थवादी होनी चाहिए।
- आपको कला सामग्री और उनका उचित उपयोग कैसे करना है, इसकी जानकारी होनी चाहिए।
- अपने काम की प्रस्तुति और प्रदर्शन उचित तरीके से और सटीक होना चाहिए।
- आपके पास रचनात्मकता होनी चाहिए।
- रंग और रंग सिद्धांत के साथ प्रयोग की जाने वाली तकनीकें होनी चाहिए।
- संचार और पारस्परिक कौशल आपके भीतर मौजूद होनी चाहिए।
- आपको कुछ नवीनतम तकनीकों के साथ उपयोग किए जाने वाले सभी डिजिटल मीडिया का ज्ञान होना चाहिए।

## एडमिशन

- आप किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उच्च माध्यमिक शिक्षा (12वीं) की परीक्षा पूरी करने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स कर सकते हैं। आप कुछ बीएफए संस्थानों द्वारा आयोजित योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।
- यदि आप मास्टर प्रोग्राम में शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको ललित कला में स्नातक की डिग्री प्राप्त करनी होगी।

कुछ प्रसिद्ध कॉलेज जो ललित कला में यूजी और पीजी पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं:

- हैदराबाद विश्वविद्यालय
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
- एमिटी विश्वविद्यालय
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स, दिल्ली

## कॅरियर और नौकरियां

आज विभिन्न क्षेत्रों में ललित कला के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। उत्कृष्ट वेतन, लोकप्रियता और प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए, भारत की युवा आबादी इस क्षेत्र में आकर्षित हो रही है।

- स्नातक पूरा करने के बाद छात्रों के पास एक कला शिक्षक, सरकारी कार्यालयों में कलाकार या फोटोग्राफर के रूप में काम करने का विकल्प होता है। आप एक स्वतंत्र कार्यकर्ता के रूप में भी अपना करियर शुरू कर सकते हैं और निर्देशन, कपड़े, फोटोग्राफी, टेलीविजन और फैशन के लिए जा सकते हैं।
- आप अकादमिक, वास्तुकला और फिल्म उद्योग में भी करियर बना सकते हैं। आप प्रकाशन या कपड़ा उद्योग में पत्रिकाओं, विज्ञापन एजेंसियों और समाचार पत्रों के रचनात्मक विभागों में शामिल हो सकते हैं।
- ललित कला स्नातक मुख्यधारा के स्नातक रोजगार और उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला में प्रशिक्षण के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, बैंकिंग, आर्ट गैलरी, बीमा, मीडिया और जनसंपर्क।
- उम्दा कलाकार विभिन्न प्रकार के मीडिया और तकनीकों का उपयोग करके कलाकृति का निर्माण करने का काम करते हैं।
- आप अपने काम को संग्रहालयों, निजी दीर्घाओं में प्रदर्शित कर सकते हैं या निजी संग्रह रख सकते हैं और अपने काम के लिए पुरस्कृत हो सकते हैं। आपके द्वारा बनाई गई वस्तुएं स्टूडियो, नीलामी, स्टोर या कला और शिल्प शो में बिकेंगी।
- फाइन आर्ट्स में स्कोप काफी अच्छा है, आप इस प्रोफेशनल कॅरियर के तहत सम्मान और पैसा दोनों कमा सकते हैं। मल्टीमीडिया कलाकार और एनिमेटर मोशन पिक्चर या वीडियो गेमिंग उद्योगों में काम करते हैं।

### प्रमुख जॉब प्रोफाइल इस प्रकार हैं:

- आर्ट थेरेपिस्ट
- मल्टीमीडिया प्रोग्रामर
- ड्राइंग टीचर
- प्रोडक्शन आर्टिस्ट
- रचनात्मक निदेशक
- फर्नीचर डिजाइनर
- 3डी कलाकार
- सेट डिजाइनर
- यूजिक टीचर
- संपादक
- कला निर्देशक
- एनिमेटर

### रोजगार के क्षेत्र :

- विज्ञापन कंपनियां
- कला स्टूडियो
- सिलाई की दुकानें
- शिक्षा संस्थान
- टेलीविजन उद्योग
- एनीमेशन
- वस्त्र उद्योग
- बुटीक
- थियेटर
- फैशन हाउस
- शिक्षण
- स्कल्पचर

### सैलरी पैकेज

वेतन नौकरियों के आधार पर अलग-अलग होते हैं। ललित कला में स्नातक 2 से 3 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच कमा सकता है। हालांकि यह उनकी प्रतिभा के आधार पर निर्भर करता है। अनुभव और ज्ञान के साथ-साथ सैलरी पैकेज में भी बढ़ोतरी होती रहती है। जो लोग विज्ञापन एजेंसियों और पब्लिशिंग हाउसेस में काम करना चाहते हैं, वे लगभग 4 से 5 लाख रुपये प्रति वर्ष का आकर्षक वेतन कमा सकते हैं।



# ऑर्गेनिक फार्मिंग कैसे करें शुरूआत?

देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, वहीं यह सेक्टर पचास फीसद से ज्यादा आबादी को रोजगार भी उपलब्ध कराता है। इसके अलावा हाल के वर्षों में जिस तरह से कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण हुआ है, इसमें नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ा है, पारंपरिक खेती के साथ-साथ ऑर्गेनिक और इनोवेटिव फार्मिंग हो रही है, उसने एग्रीकल्चर के प्रति समाज और खासकर युवाओं का नजरिया काफी हद तक बदला है। यही कारण है कि बीते कुछ समय में आईआईटी और आईआईएम से पास-आउट कई युवाओं ने मल्टीनेशनल कंपनियों की जॉब छोड़कर एग्रीकल्चर और एग्रीबिजनेस की ओर रुख किया है। इनके अलावा भी दूसरे सेक्टरों में काम करने वाले युवा हॉर्टिकल्चर, डेयरी, ऑर्गेनिक और पोल्ट्री फार्मिंग जैसे पेशे से जुड़ रहे हैं। उन्हें गर्व है कि वे देश और किसानों के लिए कुछ सकारात्मक कर पा रहे हैं।
ऑर्गेनिक खेती का जिक्र तो आजकल बहुत हो रहा है, लेकिन सवाल यह है कि अगर किसी को इसमें करियर बनाना है, तो वह क्या करे। गौरतलब है कि यह ऐसी खेती है, जिसमें सिंथेटिक खाद, कीटनाशक आदि जैसी चीजों के बजाय तमाम ऑर्गेनिक चीजें जैसे गोबर, वर्मी कंपोस्ट, बॉयोफर्टिलाइजर्स, क्रॉप रोटेशन तकनीक आदि का इस्तेमाल किया जाता है। कम जमीन में, कम लागत में इस तरीके से पारंपरिक खेती के मुकाबले कहीं ज्यादा उत्पादन होता है। यह तरीका फसलों में जरूरी पोषक तत्वों को संरक्षित रखता है और नुकसानदेह केमिकल्स से दूर रखता है। साथ ही यह पानी भी बचाता है और जमीन को लंबे समय तक उपजाऊ बनाए रखता है। यह पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मददगार है।

## कैसे करें शुरूआत?

अगर आपको ऑर्गेनिक खेती शुरू करनी है, तो सबसे पहले आपको इसका प्रोजेक्ट या ब्लू प्रिंट बनाना होगा। यह तय करना होगा कि कितनी जमीन पर यह खेती करेंगे। जमीन की लोकेशन क्या है? जमीन किस फसल के लिए अच्छी है? आपका बजट कितना है? यह प्रोजेक्ट किसी भी चार्टर्ड एकाउंटेंट से बनवा सकते हैं। इसके बाद आपको फॉर्म 1 ए-1, 1 ए-3, 1जी और फॉर्म 11 भरकर रजिस्ट्रेशन फीस के साथ अपने राज्य के डिपार्टमेंट ऑफ ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन में जमा करना होगा।

## सरकार देती है सब्सिडी

कृषि वैज्ञानिक आपकी जमीन की जांच करेंगे और यह तय करेंगे कि इसकी मिट्टी किस फसल की खेती के लिए अच्छी है। इसके बाद आपका प्रोजेक्ट कृषि विभाग में पास होने के लिए भेज दिया जाएगा। ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए तकरीबन हर राज्य में सरकार 80 से 90 फीसद तक सब्सिडी देती है। मतलब यह आपको पूरे प्रोजेक्ट में 10 से 20 फीसद ही इनवेस्ट करना होगा। प्रोजेक्ट पास होने के बाद ऑर्गेनिक फार्मिंग टेक्निक वाली कंपनियां सेटअप लगाने के लिए आपसे खुद संपर्क करती हैं। सरकार से मिले पैसों से ये कंपनियां आपकी जमीन पर ग्रीन हाउस और ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए सेटअप लगाती है। साथ ही आपको ट्रेनिंग भी देती हैं।

## पूरे देश में चल रहा प्रोजेक्ट

सरकार की ओर से नेशनल ऑर्गेनिक फार्मिंग प्रोजेक्ट भी चलाया जा रहा है। इसके सेंटर की वेबसाइट से आप और भी जानकारी ले सकते हैं। दिल्ली स्थित पूसा इंस्टीट्यूट से भी पूरी जानकारी और ट्रेनिंग ले सकते हैं।

## सिर्फ मानसून पर निर्भर नहीं कृषि

कृषि अब पूरी तरह से मानसून पर निर्भर नहीं है। वैज्ञानिक तरीके से अगर खेती की जाए, तो फसल भी अच्छी होती है और पानी भी कम लगता है। पहले जैसे सूखे के हालात अब नहीं पैदा होते। अब बारिश के पानी का स्टोरेज भी बेहतर तरीके से किया जाता है। इससे बारिश कम होने पर भी फसलों को पर्याप्त पानी मिल जाता है। एग्रीकल्चर स्वरोजगार का सबसे अच्छा साधन है। इससे अब अच्छी कमाई भी की जा सकती है। बहुत से प्रोफेशनल फार्मर साइंटफिक फार्मिंग के जरिये न सिर्फ अच्छा पैसा कमा रहे हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। यही नहीं, प्राइवेट और गवर्नमेंट दोनों सेक्टरों में एग्रीकल्चर का स्कोप तेजी से बढ़ रहा है।



**ऊर्जा का अहम स्त्रोत होने के नाते पेट्रोलियम की उपयोगिता से सभी वाकिफ हैं। भारत पेट्रोलियम पदार्थों की अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। अगर आंकड़ों की मानें तो पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में भारत विश्व का आठवां बड़ा देश है। एचपीसीएल, बीपीसीएल, रिलायंस, इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों से सरकार को भारी-भरकम राजस्व मिलता है।**

# अवसरों से भरा पड़ा है पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी का क्षेत्र

पहले इस क्षेत्र में जियोलॉजिस्ट की काफी मांग थी, समय बदलने के साथ मैकेनिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों ने इस इंडस्ट्री में अपनी धाक जमाई। करियर की अनेक संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रबंधन से लेकर इंजीनियरिंग तक के कोर्स शुरू हुए हैं।

## कोर्स

पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी ने बीबीए, एमबीए, एमटेक, बीटेक, एमएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। इसके अलावा देश के चुनिंदा संस्थानों ने पेट्रोलियम के क्षेत्र में बीई, बीटेक, एमई, एमटेक, एमएससी और बीएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। ये सभी कोर्स पेट्रोकैमिकल इंजीनियरिंग, पेट्रोटेक्नोलॉजी, गैस इंजीनियरिंग, पेट्रोमार्केटिंग आदि में शुरू किए हैं।

## योग्यता

बारहवीं की परीक्षा भौतिक विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों से पास करने के बाद आप इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैमिकल और पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बीई और बीटेक कर चुके छात्र पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एमटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीबीए में प्रवेश के लिए बारहवीं किसी भी संकाय से उत्तीर्ण होना जरूरी है।

## स्टडी कोर्स

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में छात्र जियोलॉजी, भौतिकी और इंजीनियरिंग के सिद्धांतों द्वारा पेट्रोलियम की रिकवरी, डेवलपमेंट और प्रोसेसिंग के बारे में जानते हैं। इसके अलावा ड्रिलिंग, मैकेनिक्स, पर्यावरण संरक्षण और पेट्रोलियम जैसे विषयों पर छात्रों की पकड़ बनाई जाती है। पेट्रोलियम इंडस्ट्री को मुख्य तौर पर दो भागों में बांट कर देख सकते हैं- अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सेक्टर। अपस्ट्रीम सेक्टर में खोज, उत्पादन व तेल और प्राकृतिक गैसों का दोहन कैसे किया जाए, इसकी शिक्षा व ट्रेनिंग दी जाती है। डाउनस्ट्रीम सेक्टर में रिफाइनिंग, मार्केटिंग और वितरण से संबंधित पूरी जानकारी दी जाती है। पेट्रोलियम के क्षेत्र में टीम की भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण होती है। एक पेट्रोलियम इंजीनियर को जियोलॉजिस्ट, अन्वेषणकर्ता, इंजीनियर, पर्यावरण क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ काम करना पड़ता है।

## अवसर

पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। लगभग आठ लाख लोगों को रोजगार देने वाला यह क्षेत्र अवसरों से भरा पड़ा है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस, ओएनजीसी, पेट्रोनेट जैसी नामी-गिरामी कंपनियों के द्वार आपके लिए खुले हैं। जिस तरह पेट्रोल के नए भंडार और क्षेत्र मिल रहे हैं, उससे यह क्षेत्र आने वाले समय में बड़ा लाभकारी साबित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्यूटी पर तैनात आईपीएस ऑफिसर को मंत्री के काफिले ने मारी टक्कर



**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार में मंत्री श्रीधर बाबू के काफिले ने आईपीएस अधिकारी परितोष पंकज को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि वह मामूली रुप से घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, भद्राद्री कोठागुडेम जिले के एएसपी परितोष पंकज उस समय घायल हो गए, जब मंत्री के काफिले में सवार एक वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। घटना के वक्त वह ड्यूटी पर थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। गाड़ी से टकराते ही वह जमीन पर गिर गए। हालांकि, मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें उठाया और इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। बता दें कि भद्राद्री कोठागुडेम जिले में तेलंगाना सरकार में मंत्री श्रीधर बाबू का एक कार्यक्रम था। एएसपी परितोष पंकज उनके कार्यक्रम को लेकर ड्यूटी पर ही तैनात थे, जब यह हादसा हुआ।

### पहले कश्मीरी पंडितों को वापस लाओ फिर सीएए लागू करना- उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** नागरिकता संसोधधन अधिनियम की अधिसूचना जारी होते ही सियासत तेज हो गई। सत्ता पक्ष जहां इसका स्वागत कर रहा है, वहीं विपक्ष इसकी आलाचना कर रहा है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी इसकी आलोचना की और सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। उन्होंने मंगलवार को कहा, देश में नया कानून सीएए लाया गया है। जो हिंदू, सिख, पारसी और जैन देश के बाहर डरे हुए हैं, उन्हें हमारे देश में लाया जाएगा। उन्हें जरूर लाया जाए, लेकिन यह सिर्फ एक चुनावी हथकंडा है। ठाकरे ने आगे कहा, जब मैं सीएम था, तो भाजपा देश में सीएए और एनआरसी का भूत लेकर आई थी। उस समय लोगों के मन में डर पैदा हो गया, खासकर असम के लोगों के मन में। इस कानून के खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं हैं। अभी कोर्ट का फैसला नहीं आया है, लेकिन उन्होंने सीएए का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। शिवसेना (यूबीटी) सुप्रीमो ने बीजेपी और केंद्र सरकार पर धर्म के नाम पर भेदभाव पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, धर्मों के बीच भेदभाव पैदा कर झगड़े और दंगे कराना चाहते हैं। आने वाले चुनाव में एक तरफ बीजेपी है जो धर्मों के बीच नफरत पैदा कर रही है और दूसरी तरफ देशभक्त इंडिया गठबंधन है। यह चुनाव देशभक्त बनाम नफरत करने वालों के बीच होने जा रहा है। अगर आप विदेशों से हिंदुओं को हमारे यहां लाना चाहते हैं तो पहले कश्मीरी पंडितों को वापस लाओ और फिर सीएए लाओ।

### चुनाव आयोग से जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव कराने का आग्रह

**जम्मू, एजेंसी।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में चुनाव आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर है। केंद्र शासित प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोग के अधिकारियों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दलों के साथ दो दिवसीय परामर्श शुरू किया। इस दौरान भाजपा समेत कई राजनीतिक दलों ने आयोग से जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव कराने का आग्रह किया। भाजपा ने भी लोकसभा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए एक साथ चुनाव कराने पर सहमति जताई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेता भी शामिल हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे पार्टी नेता और पूर्व मंत्री नासिर असलम वानी ने कहा कि उन्होंने निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की भी मांग की है।

# सर्वे के मुताबिक हिमाचल में क्लीन स्वीप कर सकती है भाजपा

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार में सबकुछ ठीक नहीं नजर आ रहा है। दरअसल, कुछ दिनों पहले कांग्रेस के छह विधायकों ने बगावत कर दिया। उस दिन से ही बागियों और सीएम सुक्खू के बीच शब्द बाण चल रहे हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर एक ताजा सर्वे आया है। इस सर्वे में कांग्रेस को एक जोर का झटका लगा है। सर्वे के मुताबिक, राज्य में कांग्रेस की इकलौती सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह की लोकसभा सीट पर भाजपा जीत दर्ज कर सकती है।

एबीपी न्यूज सी वोटर के सर्वे के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 में हिमाचल प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत दर्ज कर सकती है। वहीं बात अगर वोट शेयर की करें तो आगामी चुनाव में भाजपा को 66 फीसदी वोट मिल सकते



हैं। वहीं कांग्रेस के खाते में 33 परसेंट वोट जा सकते हैं। अन्य को 1 फीसदी वोट मिल सकता है।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। लेकिन लोकसभा की चार सीटों में फिलहाल तीन पर भाजपा का कब्जा है। केवल मंडी सीट से प्रतिभा सिंह सांसद हैं। दरअसल, साल 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी चार सीटों पर भाजपा की जीत हुई थी लेकिन 2021 में मंडी सीट पर उपचुनाव हुआ जिसमें प्रतिभा सिंह जीत गईं। लेकिन अगर यह सर्वे सच होता है तो मंडी सीट पर कांग्रेस के हाथ से जा सकती है। प्रतिभा सिंह मंडी सीट से पहली बार साल 2004 में चुनाव जीती थीं। इसके बाद 2009 में उनके पति वीरभद्र सिंह जीते। वहीं 2012 दिसंबर के विधानसभा चुनाव में जीतने पर वीरभद्र सिंह सीएम बने और 2013 में मंडी लोकसभा सीट पर उपचुनाव में प्रतिभा सिंह जीतीं। इस सीट से साल 2014 में प्रतिभा की हार हुई। 2019 में कांग्रेस ने इस सीट से आश्रय शर्मा उतारा, लेकिन उनकी हार हुई। इसके बाद 2021 में हुए उपचुनाव में इस सीट पर प्रतिभा सिंह ने फिर कब्जा किया। ऐसा कहा जाता है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद प्रतिभा गुट के नेता उन्हें सीएम बनाना चाहते थे। हालांकि आलाकमान ने सुखविंदर सिंह सुक्खू पर भरोसा जताया। बीते दिनों प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह ने भी सुक्खू कैबिनेट से रोते हुए इस्तीफा दे दिया था।

## बेंगलुरू में बढ़ रहा पानी का संकट, कर्नाटक सरकार ने स्वीमिंग पूल में पानी के इस्तेमाल पर लगाया प्रतिबंध

**बेंगलुरु (कर्नाटक)।** शहर में जल संकट के बीच, बैंगलोर जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने स्विमिंग पूल में पीने के पानी के उपयोग पर रोक लगा दी है। मंगलवार को आदेश दिया कि स्विमिंग पूल में पीने के पानी, जिसे पोर्टेबल पानी भी कहा जाता है, के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। इस बीच, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी बेंगलुरु में पानी की कमी पर राजनीति कर रही है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा कल राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की योजना बना रही है, उन्हें जो करना है करने दें, पहले उन्हें केंद्र सरकार से संपर्क करने दें और महादयी और मेकेदातु परियोजनाओं की अनुमति देने के लिए कहें। डिप्टी सीएम ने कहा, बेंगलुरु में पानी की ऐसी कोई कमी नहीं है, यह भाजपा है जिसने पानी की कमी पैदा की है, वे क्या कर रहे हैं, हम तमिलनाडु को कानूनी रूप से जो मांगा गया है वह प्रदान कर रहे हैं। बेंगलूरु को पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। डीके शिवकुमार, जो बेंगलुरु के नोडल मंत्री भी हैं, का कहना है कि सरकार संकट से निपटने के लिए कई मोर्चों पर काम कर रही है। बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वी राम प्रसाद मनोहर ने शनिवार को कहा, हमें बेंगलुरु के लोगों और वैश्विक नागरिकों को बेंगलुरु के बारे में यह स्पष्ट करना चाहिए। 1 करोड़ 40 लाख की आबादी वाले शहर में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 150 लीटर पानी की खपत होती है। बेंगलुरु के लिए आवश्यक कुल मात्रा 200000 एमएलडी (प्रति दिन मिलियन लीटर) है।



## पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रहे एल्विश यादव, 15 को फिर होगी पूछताछ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने बिग बॉस ओटीटी विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव को 15 मार्च को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया है। एल्विश पर गुरुग्राम के एक मॉल में यूट्यूबर सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न से मारपीट करने का आरोप है। इस मामले में आरोपी एल्विश मंगलवार को अपने वकील के साथ सेक्टर-53 थाने पहुंचे। पुलिस ने एल्विश से पूछताछ की, लेकिन उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया। इसलिए पुलिस अब एल्विश से 15 मार्च को दोबारा पूछताछ करेगी।

एल्विश यादव मंगलवार दोपहर 2 बजे के लगभग अपने दो वकीलों के साथ गुरुग्राम सेक्टर-53 के थाने में पहुंचे। वहां पर उन्होंने पुलिस को बताया कि सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न से मारपीट मामले में अब उनका समझौता हो गया है, लेकिन पुलिस ने कहा कि पीड़ित की तरफ से उनको ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई है। उसके बाद पुलिस ने एल्विश से उस दिन के पूरे घटनाक्रम के बारे में पूछा, लेकिन पुलिस को एल्विश से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। पुलिस ने जब मारपीट में शामिल उनके साथियों के बारे में पूछा तो एल्विश ने कोई जवाब नहीं दिया। एल्विश ने पुलिस का सहयोग नहीं किया। यूट्यूबर एल्विश यादव और उनके साथियों ने शुक्रवार को यहां सेक्टर-53 इलाके में एक शॉपिंग मॉल में दिल्ली के कंटेंट क्रिएटर सागर ठाकुर के साथ मारपीट का आरोप है।

### अब आप हर दिन अपने घर से श्री राम लल्ला के दिव्य दर्शन कर सकेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के दो महीने से भी कम समय के बाद और लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दूरदर्शन ने घोषणा की है कि प्रतिदिन सुबह राम लला की आरती का सीधा प्रसारण करेगा। दूरदर्शन ने कहा कि डीडी नेशनल पर हर सुबह 6.30 बजे से राम लला की आरती का सीधा प्रसारण किया जाएगा। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भगवान राम के भक्तों की अपार आस्था को ध्यान में रखते हुए इस सुविधा पर विचार किया गया है।

अमुराग ठाकुर ने लिखा, अब आप हर दिन अपने घर से श्री राम लल्ला के दिव्य दर्शन कर सकेंगे। राम भक्तों की अपार आस्था को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती ने इसकी शुरुआत की है। वहीं, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, समय-समय पर सांस्कृतिक कैलेंडर के आधार पर दूरदर्शन पर आध्यात्मिक कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

अयोध्या में राम मंदिर में होने वाली सुबह की प्रार्थना को हर सुबह 30 मिनट के लिए प्रसारित किया जाएगा। इस फैसले पर उन्होंने कहा, रामनवमी नजदीक आ रही है।

## वित्तीय समस्याओं से जूझ रहा केरल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केरल इस समय अत्यधिक वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहा है। इसकी प्रमुख वजह ये है कि केंद्र सरकार ने उसकी उधार लेने की क्षमता पर एक सीमा लगा रखी है। अब ये मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह वित्तीय समस्याओं से निपटने के लिए केरल सरकार को 31 मार्च तक एकमुश्त पैकेज देने पर विचार करे। केरल सरकार के वकील कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ अपने लंबित मुकदमे का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्य को जरूरी राशि नहीं जारी कर रही है। पीठ ने राज्य सरकार की याचिका बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताते हुए कहा कि केंद्र थोड़ा उदार रुख अपनाते हुए केरल को विशेष मामले के रूप में एकमुश्त पैकेज दे सकता है। पीठ ने कहा कि आने वाले बजट में अधिक कठोर शर्तें रखी जा सकती हैं।

# एकनाथ शिंदे को भाजपा ने दिया अल्टिमेटम जिससे मराठा आंदोलन भी शांत हो गया

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र सरकार ने 20 फरवरी को विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाकर मराठा आरक्षण को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद भी मराठा आंदोलन को आगे बढ़ा रहे मनोज जारांगे पाटिल ने चेतावनी दी थी कि यह गलत तरीके से आरक्षण दिया है और 17 दिनों की भूख हड़ताल करेंगे। इससे पहले 25 जनवरी को जब वह आंदोलन का नेतृत्व करते हुए मुंबई पहुंचे थे तो उनके साथ हजारों युवाओं की भीड़ थी। ऐसी स्थिति बन गई थी कि मनोज जारांगे पाटिल के आगे सरकार दबाव में थी और उनकी बातों को मानने के लिए मजबूर थी। लेकिन फरवरी के अंत तक कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए कि मनोज जारांगे पाटिल अब शांत हो गए हैं।

इसके अलावा मराठा आंदोलन की टेंशन से भी भाजपा मुक्त लग रही है। पर अहम सवाल यह है कि आखिर ऐसा कैसे हुआ? दरअसल इसकी शुरुआत मनोज जारांगे पाटिल के एक उकसाने वाले बयान से हुई थी। उन्होंने



डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया था कि वह उनकी हत्या भी करा सकते हैं। इसके अलावा उनके खिलाफ आपत्तिजनक बयान देते हुए उनके घर के घेराव की भी धमकी दी। इस बयान पर देवेंद्र फडणवीस सख्त हो गए और गृह मंत्रालय संभालने वाले डिप्टी सीएम ने बीड़ में हुई हिंसा की एसआईटी जांच का आदेश दे दिया। यह हिंसा पहले वाले मराठा आंदोलन के दौरान हुई थी। एसआईटी के हेड के तौर पर नासिक के पुलिस कमिश्नर संदीप कार्णिक को जिम्मा दिया गया। उन्हें जांच के लिए तीन महीने का वक्त मिला। इसी दिन पुणे पुलिस ने जारांगे पाटिल और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। इन पर आरोप था कि बिना परमिशन के इन लोगों ने 23 जनवरी को रैली निकाली थी। इस एसआईटी जांच पर मराठा समुदाय की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इससे भी मनोज पाटिल का हौसला कुछ कमजोर हुआ। अब बीते कुछ दिनों से वह ऐक्शन में नहीं दिख रहे हैं। एक समय में 24 घंटे मराठी चैनलों पर दिखने वाले मनोज जारांगे पाटिल ने पहले 27 फरवरी को फडणवीस का घर घेरने का फैसला टाल दिया। इसी दिन 17 दिनों की भूख हड़ताल भी वापस ले ली।

कैसे भाजपा ने कर दिया मनोज जारांगे पाटिल को शांत?

सरकार के सूत्र बताते हैं कि देवेंद्र फडणवीस और कुछ अन्य भाजपा नेताओं ने एकनाथ शिंदे से इस मसले पर बात की। उन्होंने कहा कि आप मनोज पाटिल को बढ़ावा दे रहे हैं और ऐसा ही रहा तो हम संबंध भी खत्म कर सकते हैं। एक भाजपा ने कहा, हममें से ज्यादा लोग मानते थे कि शिंदे के साथ मनोज जारांगे पाटिल के आंदोलन को समर्थन कर रहे हैं। पुलिस को भी इस बारे में कुछ जानकारी मिली थी। इसके बाद हमने एकनाथ शिंदे से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि आंदोलन की आड़ में अपनी छवि मजबूत करें और हमारी पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी कर दें।

## भारत की स्वतंत्रता के 13 महीने बाद आजाद हुआ था हैदराबाद, अब मनेगा मुक्ति दिवस

**हैदराबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनावों से ऐन पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को ऐलान किया कि अब हर साल 17 सितंबर को हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। एक गजट अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा, हैदराबाद को आजाद कराने वाले शहीदों को याद करने और युवाओं के मन में देशभक्ति की लौ जगाने के लिए, केंद्र सरकार ने हर साल 17 सितंबर को हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। आजादी की तारीखों का हवाला देते हुए मंत्रालय ने कहा कि देश तो 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया था लेकिन इस तारीख के 13 महीने बाद तक हैदराबाद निजाम के शासन से आजाद नहीं हो सका था। आखिरकार ऑपरेशन पोलोकी कार्रवाई के बाद 17 सितंबर 1948 को हैदराबाद निजाम के शासन से मुक्त हुआ। इस लड़ाई में कई जवान शहीद हो गए। उन शहीदों की याद में अब हर साल 17 सितंबर को हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। उस क्षेत्र के लोग लंबे समय से यह मांग कर रहे थे। ऑपरेशन पोलोहैदराबाद रियासत को एकीकृत करने के लिए 13 सितंबर 1948 को भारतीय सेना द्वारा शुरू की गई एक सैन्य कार्रवाई का कोड नेम था। 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ, तब हैदराबाद के निजाम भारत में शामिल होने से हिचकिचा रहे थे। आजादी के करीब एक साल बाद तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने हैदराबाद को भारत में शामिल कराने के लिए निजाम की रियासत पर एक सैन्य हमला करवाया था, जिसेपुलिस कार्रवाई कहा गया था। इस हमले के पांच दिनों बाद ही 17 सितंबर तक निज़ाम की सेना ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। हैदराबाद के निज़ाम मीर उस्मान अली शाह अपनी रियासत को भारत में ना मिलाकर उसे एक अलग स्वतंत्र देश के रूप में रखना चाहते थे। इसी कारण से निजाम ने आजादी के बाद हैदराबाद को ना तो भारत और ना ही पाकिस्तान में शामिल करवाया था।

## डाक्टरों को गिफ्ट्स नहीं दे पाएंगी दवा कंपनियां, केंद्र सरकार ने फार्मा क्षेत्र के लिए समान संहिता की अधिसूचित

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दवा कंपनियां अब डॉक्टरों को किसी तरह का उपहार और मुफ्त सैंपल नहीं दे पाएंगी। इस संबंध में औषधि विभाग ने मंगलवार को नई संहिता अधिसूचित कर दी। औषधि विपणन प्रथाओं के लिए समान संहिता (यूसीपीएमपी), 2024 लोगों को मुफ्त नमूनों (सैंपल) की आपूर्ति पर भी प्रतिबंध लगाती है जो ऐसे उत्पाद को इस्तेमाल की सिफारिश करने के योग्य नहीं हैं।



यूसीपीएमपी गाइडलाइंस के मुताबिक, कोई भी फार्मा कंपनी या उसका एजेंट (वितरक, थोक विक्रेता, फुटकर विक्रेता इत्यादि) द्वारा किसी भी स्वास्थ्य पेशेवर या उसके परिवार के सदस्य (नजदीकी या दूर का) को कोई उपहार या निजी लाभ प्रदान नहीं कर सकते।


### फार्मा कंपनी डॉक्टर को नहीं दे सकते आर्थिक लाभ

इसी तरह कोई भी फार्मा कंपनी या उसका एजेंट दवा का परामर्श देने या आपूर्ति करने के पात्र किसी व्यक्ति को कोई आर्थिक लाभ की पेशकश नहीं कर सकते। इसके अलावा कोई भी फार्मा कंपनी या उसका प्रतिनिधि या उनकी ओर से कोई व्यक्ति स्वास्थ्य पेशेवर या उनके परिवार के सदस्यों को सम्मेलन, संगोष्ठी या कार्यशाला इत्यादि में हिस्सा लेने के लिए देश में या देश के बाहर यात्रा सुविधा प्रदान नहीं कर सकते।

इसमें रेल, हवाई, जलपोत या क्रूज के टिकट या पेड वैकेशन शामिल हैं। संहिता के मुताबिक, दवाओं का प्रमोशन उसकी विपणन मंजूरी की शर्तों के मुताबिक ही होना चाहिए।

# लक्खी मेला परवान पर चढ़ने लगा, भक्तों के लिए खास इंतजाम

**सीकर , एजेंसी।**
राजस्थान के सीकर जिला स्थित बाबा खाटू श्याम का लक्खी मेला परवान पर चढ़ने लगा है। अब तक लाखों श्याम भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई है तो वही देश से ही नहीं बल्कि विदेश से भी श्याम भक्त बाबा के दरबार में पहुंच रहे हैं। रींगस से खाटू श्याम जी तक का 16 किलोमीटर का सड़क मार्ग श्याम भक्तों से अटा पड़ा है। खाटू नगरी में हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा का नारा गूंज रहा है। आज दिल्ली के फूलों से लखदातार का दरबार सजा है। सतरंगी फूलों से सजे श्याम धणी की एक झलक पाने को भक्त बेताब हैं। कोई पेट पर लाइन तो कोई हाथों में बाबा का निशान लिए जयकारों के साथ खाटू नगरी की ओर आ रहे हैं। श्याम भक्तों के चेहरों पर ना थकावट



है ना कोई सिकन। बिना पैरों में छालों की परवाह किए हर श्याम भक्त बाबा का दीदार करना चाह रहा है।

मेले में रोडवेज की अतिरिक्त बसें लगाई गई है तो वही स्पेशल ट्रेन भी चल रही है। जगह-जगह चिकित्सा कैंप लगाए गए हैं तो वहीं रींगस से खाटू के बीच करीब 400 भंडारी संचालित है। इन भंडारों में निशुल्क व्यवस्था होती है। लोग श्याम भक्तों की जी जान से सेवा करते हैं। मंदिर के प्रवेश द्वार पर बनाई 14 लाइनों पर अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए है। 5000 जवान खाटू नरेश के मेले की विशेष व्यवस्था संभाल रहे हैं।

रेलवे द्वारा खाटू श्याम जी में श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा का संचालन कर रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09733, जयपुर-भिवानी स्पेशल रेलसेवा दिनांक 12 से 21 मार्च तक (10 ट्रिप) जयपुर से 07.00 बजे रवाना होकर 14.20 बजे भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09734, भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 12 से 21 मार्च तक (10 ट्रिप) भिवानी से 16.05 बजे रवाना होकर 23.15 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में ढेहर का बालाजी, नींदर बैनाड, चौमू सामोद, गोविन्दगढ मलिकपुर, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, नीम का थाना, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, कोसली, झाडली व चरखी दादरी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। जबकि चिकित्सा विभाग भी इस मेले में कैंप लगाए हुए हैं. जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों के डिग्री की जांच भी हुई। जिससे यहां पर कोई फर्जीवाड़ा न हो पाए. एमआरपी से ज्यादा रेट के सामान बेचने वालों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस बार यहां पर पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मेले में पार्किंग निःशुल्क रहेगी और नो व्हीकल जोन में किसी भी प्रकार के वाहन नहीं जा पाएंगे। मेला परिसर में 150 रोडवेज बसें लगी हैं।

## घर में निकला कोबरा तो लग गई भीड़, कोई फोड़ने लगा नारियल, किसी ने पिलाना शुरू किया दूध

**रायपुर, एजेंसी।**
कभी-कभी पूजा पाठ और अंधविश्वास में लोग खतरे को समझ नहीं पाते है। कुछ इसी तरह का एक मामला छत्तीसगढ़ से सामने आया है। जहां अंधविश्वास में गांव के लोग कोबरा सांप की पूजा करने इकट्ठा हो गए। घर में अचानक निकले सांप को देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। जहरीला कोबरा लोगों को देखकर फुफकारता रहा और लोग उसके सामने कभी फूल चढ़ाते, नारियल फोड़ते तो कभी दूध पिलाने के लिए उसके पास आगे बढ़ते।

बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार के लवन नगर पंचायत के ग्रामीण के घर जहरीला कोबरा सर्प सालों से छुपा हुआ बैठा था। जैसे ही घर वालों ने सांप को दिखा घर में अफरा तफरी का माहौल हो गया। जब तक घर वाले सांप को भगाने या फिर रेस्क्यू टीम को बुलाने के बारे में सोचते तब तक घर में लोगों की भीड़ इकट्ठा होना शुरू हो गई। लोग सांप को दूध पिलाने के लिए आगे बढ़ने लगे तो कुछ लोग उस पर नारियल और फूल चड़ाते हुए पूजा पाठ करने लगे। वहीं इसके बाद इस की जानकारी क्षेत्र की नगर पंचायत अध्यक्ष को लगी। वह भी कोबरा साप को देखने पहुंच गई। हैरत करने वाली बात यह है कि अध्यक्ष को लोगों को समझाने के अलावा लोगों के साथ इस अंधविश्वास का हिस्सा बन गई। गनीमत? यह रही कि सांप ने किसी को काटा नहीं। वहीं लोग सांप पकड़ने वाले को बुलाने के बजाए उसका वीडियो बनाते रहे।




# टी20 वर्ल्ड कप का खरा सोना हैं कोहली

## ये आंकड़े दे रहे गवाही

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इसी साल जून में होने वाली टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय रन मशीन विराट कोहली के खेलने पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। मंगलवार को जब ये खबरें आई कि सेलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट कोहली को विश्व कप टीम से ड्रॉप करने पर विचार कर रहे हैं तो क्रिकेट प्रशंसकों को यह बात हजम नहीं हुई।

चयनकर्ता और टीम मैनेजमेंट कोहली को विश्व कप टीम से बाहर रखने की भले ही कोई वजह बताएं, लेकिन हकीकत ये है कि यह खिलाड़ी इस मेगा इवेंट का खरा सोना है।

### 2022 टी20 विश्व कप के पहले मैच में खेली थी मैच जिताऊ पारी

टी20 विश्व कप में विराट कोहली के आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि उनके जैसा प्लेयर इस टूर्नामेंट में कभी भी फीका नहीं रह सकता।

पिछले टी20 विश्व कप से पहले भी विराट को टीम में रखने पर कई बातें हो रही थीं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ पहले ही मैच में उन्होंने जो मैच जिताऊ पारी खेली थी उसने सभी के मुंह बंद कर दिए थे। विराट ने इस मेगा इवेंट में कई बार यह साबित किया है कि वह इस फटाफट क्रिकेट के बेहतरीन खिलाड़ी हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप में विराट के बेहतरीन आंकड़े

सबसे ज्यादा अर्धशतक विराट के नाम

इस मेगा इवेंट में विराट कोहली के नाम सबसे अधिक अर्धशतक का रिकॉर्ड दर्ज है। कोहली ने टी20 विश्व कप में कुल 14 अर्धशतक लगाए हैं। उनके बाद क्रिस गेल हैं जिन्होंने 9 हाफ सेंचुरी लगाई हैं।

### सबसे ज्यादा रन कोहली के नाम

टी20 वर्ल्ड कप में सबसे अधिक रन भी विराट कोहली के नाम हैं। कोहली ने 27 मैचों में 81.5 की औसत से 1141 रन बनाए हैं। दूसरे स्थान पर महेला जयवर्धने हैं जिन्होंने 1016 रन बनाए हैं।

### बेस्ट स्ट्राइक रेट और बेस्ट औसत विराट के नाम

टी20 विश्व कप में विराट कोहली बेस्ट स्ट्राइक रेट और बेस्ट औसत वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। इस मेगा इवेंट में कोहली का औसत 81.5 का और स्ट्राइक रेट 131.30 का है।

### नॉकआउट मैचों में भी है विराट का दबदबा

विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैचों में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बैं। इसके अलावा नॉकआउट में कोहली ने ही सबसे अधिक फिफ्टी भी लगाई है।

नॉकआउट मैचों में बेस्ट औसत भी विराट कोहली का है। इसके अलावा विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप में दो बार प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता है जो सबसे अधिक है। कोहली ने 2014 और 2016 में यह खिताब जीता था।

डब्ल्यूपीएल 2024



# पेरी के शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन से आरसीबी को मुंबई इंडियंस को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के 19वें मैच में एलिसे पेरी ने मध्यम गति की गेंदबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-15 का शानदार स्कोर बनाया और शानदार नाबाद 40 रन बनाए, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को 30 गेंद रहते सात विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ आरसीबी ने प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली, जिससे गत चैंपियन मुंबई इंडियंस की डब्ल्यूपीएल के फाइनल में सीधे जगह बनाने की संभावना को नुकसान पहुंचा। मुंबई इंडियंस की हार ने तालिका में शीर्ष पर मौजूद दिल्ली कैपिटल्स को खुशी दी, क्योंकि अब उन्हें गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपना अगला मैच जीतने की जरूरत है। इस जीत से दिल्ली को 12 अंक हासिल करने और फाइनल में अपनी जगह पक्की करने में मदद मिलेगी। दिल्ली कैपिटल्स की एक बड़ी हार से उनके 10 अंक हो जाएंगे।

आरसीबी के टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद मुंबई इंडियंस मुश्किल में पड़ गई। उन्होंने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। हेले मैथ्यूज 26 रन बनाकर सोफी डिवाइन की गेंद पर पेरी के हाथों कैच आउट हो गईं। इसके बाद पेरी ने सजीवन सजना को 30 रन पर आउट कर दिया। नौवें ओवर में दो गेंदों पर दो विकेट गिरने से मुंबई इंडियंस का स्कोर 65/3 हो गया और 11वें ओवर में चार रन बाद अमेलिया केर आउट हो गईं। यह सिलसिला जारी रहा, क्योंकि वे लगातार विकेट खोते रहे, क्योंकि पेरी ने लगातार छह विकेट लेकर 6-15 के साथ समाप्त किया। मुंबई इंडियंस केवल 113 रन ही बना सकी, जिससे आरसीबी मजबूत स्थिति में रही।जवाब में आरसीबी की शुरुआत खराब रही और बोर्ड पर 22 रन के स्कोर पर सोफी मोलिनक्स नौ रन पर आउट हो गईं। कप्तान स्मृति मंधाना भी 13 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हो गईं।

सोफी डिवाइन भी जल्दी आउट हो गईं और सातवें ओवर में आरसीबी 39/3 पर संकट में थी।एलिसे पेरी और ऋचा घोष ने चौथे विकेट के लिए 76 रन बनाकर आरसीबी को मैच जीतने में मदद की।पेरी ने 38 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाए और ऋचा घोष ने 28 गेंदों में 36 रन बनाए। आरसीबी ने बहुत कुछ बचाते हुए मैच जीत लिया। पेरी ने पांच चौके और एक छक्का लगाया, जबकि ऋचा घोष, जिन्हें नेट साइवर-ब्रंट द्वारा गिराए जाने के बाद शुरुआती राहत मिली, उन्होंने चार चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद उन्होंने 43 गेंदों में अपनी चौथे विकेट की साझेदारी में अर्धशतक पूरा किया, जिसमें पेरी ने 15 रन और ऋचा घोष ने 28 रन का योगदान दिया.

**संक्षिप्त स्कोरः** मुंबई इंडियंस 19 ओवर में 113 रन पर ऑल आउट (सजीवन सजना 30, हेले मैथ्यूज 28; एलिसे पेरी 6-15) रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से 15 ओवर में 115/3 से हार गई (एलिसे पेरी 40 नाबाद, ऋचा घोष 36 नाबाद) सात विकेट से।

अफगानिस्तान- आयरलैंड

# मोहम्मद नाबी के तूफान में उड़ा आयरलैंड, अफगानिस्तान ने तीसरा वनडे 117 रन से जीत सीरीज की अपने नाम




**शारजाह, एजेंसी।** अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम और तीसरा मुकाबला 12 मार्च को यूएई के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में पूरी तरह से अफगानिस्तान का दबदबा देखने को मिला। अफगानिस्तान ने दमदार प्रदर्शन किया और 117 रन से मैच अपने नाम कर लिया। इस बड़ी जीत के साथ अफगानिस्तान 2-0 से यह सीरीज भी जीतने में कामियाब रही। आखिर तीसरे वनडे में क्या-क्या हुआ, आइये विस्तार से जानते हैं।

### अफगानिस्तान ने आयरलैंड को दिया 237 रन का टारगेट

अफगानिस्तान टीम टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान में उतरी थी। ऐसे में उन्होंने 9 विकेट पर निर्धारित 50 ओवर में 236 रन बोर्ड पर लगा दिए।

अफगानिस्तान की तरफ से हशमातुल्लाह शाहिदी ने सर्वाधिक 69 रन बनाए। इसके अलावा रहमानुल्लाह गुरबाज ने भी 51 रन की अच्छी पारी खेली। वहीं अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नाबी ने भी 48 रन ठोके।

### मोहम्मद नाबी के सामने आयरलैंड ने टेके घुटने

237 रन के टारगेट का पीछा करते हुए मेहमान टीम आयरलैंड पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और 35 ओवर में ही 119 रन बनाकर ढेर हो गई। इस तरह अफगानिस्तान तीसरा वनडे 117 रन से जीत गई।

आयरलैंड को ऑल आउट करने में बल्ले से कमाल करने वाले मोहम्मद नाबी ने अहम भूमिका निभाई। नाबी ने 1-2 नहीं बल्कि पूरे 5 विकेट लिए।

इसके अलावा नागेयलिया खारोटे ने 4 जबकि फजलहक फारूकी ने 1 विकेट लिया। नाबी को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। आयरलैंड की ओर से कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने अर्धशतक ठोका जबकि कर्टिस कैम्फर ने 43 रन की अच्छी पारी खेली।

## 123वें नंबर के नार्डी ने हराया

# उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नार्डी किसी ग्रैंड स्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल स्तर पर जोकोविच को हराने वाले सबसे निचली रैंकिंग के खिलाड़ी हैं। इससे पहले 122वें नंबर के केविन एंडरसन ने 2008 में मियामी में हराया था। इटली के 20 साल के लुका नार्डी ने यहां बीएनपी परिबास ओपन के तीसरे दौर में अपने बचपन के आदर्श और शीर्ष वरीय 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से पराजित किया। दुनिया के 123वीं रैंकिंग के नार्डी ने नंबर एक जोकोविच को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। जीत के बाद उन्होंने अपना रैकेट फेंक दिया और चेहरे को हाथों से ढाप लिया। बाद में उन्होंने कहा कि यह तो चमत्कार है। मैं सिर्फ बीस साल का हूं और रैंकिंग सौ से ज्यादा है और मैंने नोवाक को हरा दिया। नार्डी किसी ग्रैंड स्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल स्तर पर जोकोविच को हराने वाले सबसे निचली रैंकिंग के खिलाड़ी हैं।



इससे पहले 122वें नंबर के केविन एंडरसन ने 2008 में मियामी में हराया था।

नार्डी ने जोकोविच को सोमवार को तीसरे दौर में हराकर चौंका दिया। इस हार के साथ ही जोकोविच की टूर्नामेंट में रिकॉर्ड छठे खिताब की दावेदारी समाप्त हो गई। 2024 में अभी तक जोकोविच कोई खिताब नहीं जीत पाए हैं। इससे पहले जनवरी में उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन में यानिक सिनर से सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

मैच के दौरान जोकोविच की नार्डी और अंपायर से बहस भी देखने को मिली।

इनके बीच शॉट में लग रहे टाइम को लेकर बातचीत हुई। हालांकि, अंपायर ने नार्डी का पक्ष लिया। इस विवाद के बावजूद, जोकोविच इतालवी खिलाड़ी को हराने में कामयाब नहीं हो पाए। नार्डी ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

## ... जेम्स एंडरसन ने सुनाया मजेदार किस्सा




कुलदीप ने मुझसे कहा था...

# मैं ही तुम्हारा 700वां टेस्ट विकेट बनूंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पांच मैचों की टेस्ट सीरीज पर भारत ने 4-1 से कब्जा किया। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने इस दौरे पर 700 टेस्ट विकेट का जादुई आंकड़ा छुआ। एंडरसन दुनिया के पहले तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने 700 टेस्ट विकेट का आंकड़ा छुआ। उनसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले महज दो गेंदबाज हैं, श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर शेन वॉर्न।

मुरलीधरन के खाते में 800 टेस्ट विकेट हैं, वहीं वॉर्न के खाते में 708 टेस्ट विकेट हैं। जेम्स एंडरसन इंग्लैंड की ओर से सिर्फ टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं, उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच 2015 में खेला था, जबकि आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच 2009 में खेला था। एंडरसन किसी टी20 लीग में भी हिस्सा नहीं लेते हैं और उनकी प्राथमिकता बस टेस्ट क्रिकेट ही है। 41 साल के जेम्स एंडरसन की फिटनेस ऐसी है, जिससे हर युवा तेज गेंदबाज को प्रेरणा लेनी चाहिए।

### एंडरसन ने किया खुलासा, बोले- गिल ने उनको रिटायरमेंट की सलाह दी थी

बीबीसी के टेलेंडर्स पॉडकास्ट पर एंडरसन ने कहा, कुलदीप यादव ने थर्ड मैन पर एक रन के लिए बल्ले के किनारा लगाया था। जैसे ही वो नॉन स्ट्राइकर एंड पर आया, और मैं रनअप के लिए अपने मार्क पर वापस लौट रहा था, उसने मुझसे कहा कि मैं ही तुम्हारा 700वां विकेट बनूंगा। ऐसा नहीं था कि वह मुझसे कह रहा था कि वो आउट होने की कोशिश करेगा, उसने बस ऐसा कहा कि उसे ऐसा लग रहा था और हम दोनों ही इस बात पर फिर हंसे थे।



### रोहित की तारीफ करते नहीं थक रहे अश्विन, बोले- धोनी भी ऐसा करते, लेकिन...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडिया और इंग्लैंड के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज को रविचंद्रन इसलिए याद नहीं रखेंगे कि उन्होंने इस सीरीज के दौरान 500 टेस्ट विकेट पूरे किए और आखिरी मैच के दौरान अपना 100वां टेस्ट खेला, बल्कि वे इस सीरीज को रोहित शर्मा के नेक दिल के लिए याद रखना चाहेंगे।

अश्विन ने सीरीज के बाद बताया है कि राजकोट टेस्ट उनको क्यों छोड़ना पड़ा और किस तरह कप्तान रोहित शर्मा और बाकी सपोर्ट स्टाफ से उनको मदद मिली। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन ने बताया कि उनके परिवार पर एक संकट आ गया था। इस दौरान कप्तान रोहित ने उनकी मदद की, जिसकी सराहना वे करते हैं। दरअसल, भारत के स्टार खिलाड़ी ने अपनी मां की देखभाल के लिए राजकोट टेस्ट के बीच में ही टीम छोड़ दी थी।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सीरीज महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी थी। सीरीज 1-1 की बराबरी पर थी। राजकोट टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड की टीम मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी। ऐसे में अश्विन के दिमाग में भी द्वंद चल रहा था कि वे इस स्थिति में अपनी टीम को छोड़ें या नहीं? इस दुविधा का सामना करते हुए अश्विन ने ये बात भारतीय कप्तान से साझा की तो रोहित ने उनको टीम छोड़ने के लिए निर्णय लेने में मदद की।



# मुशीर खान ने तोड़ा सचिन का 29 साल पुराना रिकॉर्ड

## 19 साल 14 दिन की उम्र में मुशीर ने फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 255 गेंदों में शतक बनाया।

**मुंबई, एजेंसी।** मुशीर खान ने यहां वानखेड़े स्टेडियम में विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक बनाने वाला सबसे युवा मुंबई बल्लेबाज बनकर महान सचिन तेंदुलकर का 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

19 साल 14 दिन की उम्र में मुशीर ने फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 255 गेंदों में शतक बनाया। वहीं सचिन ने अपने 22वें जन्मदिन से एक महीने पहले 1994/95 सीजन में पंजाब के खिलाफ दो शतक बनाकर रणजी फाइनल में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के मुंबई बल्लेबाज होने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जिससे मुंबई को खिताब जीतने में मदद मिली। संयोग से, जिस समय मुशीर ने यह उपलब्धि हासिल की। उस समय सचिन भी स्टैंड में मौजूद थे और इस युवा खिलाड़ी को अपना रिकॉर्ड तोड़ते हुए देख रहे थे। दूसरे दिन के खेल में मुंबई ने पहली पारी में 119 रनों की बढ़त हासिल कर ली है।

मुशीर और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई की लड़खड़ाई पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए, जिससे स्कोर दो विकेट पर 141 रन हो गया। तीसरे दिन रहाणे के 73 रन पर आउट होने के बाद मुशीर ने श्रेयस अय्यर के साथ रन बनाना जारी रखा।

मैच के 90वें ओवर में मुशीर ने तीन मैचों में अपना दूसरा प्रथम श्रेणी शतक हासिल किया। हालांकि, उनकी शानदार पारी 136 के स्कोर पर समाप्त हो गई जब वह हर्ष दुबे की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। इससे पहले, सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर ने बड़ौदा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान अपने पहले प्रथम श्रेणी शतक को दोहरे शतक में बदल दिया था। वह वसीम जाफर के बाद यह रिकॉर्ड बनाने वाले मुंबई के दूसरे सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने थे। मुंबई ने 47 फाइनल में रिकॉर्ड 41 बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता है और अपने 48वें फाइनल में एक और चैंपियनशिप का दावा करने के लिए तैयार है।

इस बीच, विदर्भ अपना तीसरा रणजी फाइनल खेल रहा है, जिसने पहले 2017-19 के बीच लगातार सीज़न में जीत हासिल की थी। इस रिपोर्ट को लिखे जाने तक, मुंबई ने तीसरे दिन चाय तक दूसरी पारी में 372/7 रन बना लिए हैं और उसे 491 रनों की बड़ी बढ़त हासिल हो गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार

### अभाविप ने पुतला फूंका, केरल में छात्र हत्या पर आक्रोश

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केरल में हुए जेएस सिद्धार्थ की निर्मम हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री पी विजयन एवं छात्र संगठन एसएफआई का पुतला दहन किया। दक्षिण बिहार राज्य विश्वविद्यालय प्रमुख छोटू सिंह ने कहा कि केरल में 18 जनवरी, 2024 को वायनाड के एक कॉलेज में पशु विज्ञान की पढ़ाई करने वाले छात्र जेएस सिद्धार्थ ने आत्महत्या कर ली। सिद्धार्थ को कॉलेज हॉस्टल के एक टॉयलेट में लटकता पाया गया। इसके बाद सिद्धार्थ की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कई खुलासे हुए। रिपोर्ट में बताया गया कि मौत से पहले सिद्धार्थ को बुरी तरीके से मारा पीटा गया था। उसका पेट खाली था और शरीर पर घाव थे। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया। जेएस सिद्धार्थ की हत्या में एसएफआई के छात्र नेता शामिल हैं। खेलो भारत प्रमुख चंदन तिवारी ने कहा कि सिद्धार्थ ने 14 फरवरी (वैलेंटाइन डे) के दिन एक छात्रा के साथ डांस किया था। वह अगले दिन घर लौटने वाला था लेकिन एसएफआई के नेताओं ने सिद्धार्थ को हॉस्टल में बुलाकर तीन दिनों तक प्रताड़ित किया। उसे खाना-पीना नहीं दिया गया। उसे रॉड से पीटा गया। उसको नंगा करके हॉस्टल में घुमाया गया और बेइज्जत किया गया। इसके बाद सिद्धार्थ के हत्या कर दी गई। वर्तमान सरकार हत्यारों को बचाने में लगी है वर्तमान सरकार सिद्धार्थ के हत्यारों को बचाने में लगी है क्योंकि आरोपित छात्र सत्ताधारी संगठनों से जुड़े हुए हैं। इसलिए इस मामले में कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभाग संयोजक ऋतुराज चौधरी ने कहा की पी. विजयन की सरकार को भंग कर राष्ट्रपति शासन लागू कर इस मामले की जल्द से जल्द न्यायिक जांच हो। सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। छात्र संगठन एसएफआई को देश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में बैन किया जाए। नहीं तो विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगा। पुतला दहन में जिला संयोजक अनूप सिंह,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजन कुमार,राहुल राय,उमंग कुमार,नगर मंत्री आदित्य सिंह,निखिल राज,राहुल कुमार,रितेश राज,शौर्य पाठक,अनीश सिंह,हैप्पी किशोर और अंकित सिंह सहित कई शामिल थे।

### नमाज प्रकरण पर माले ने आरा में प्रतिवाद मार्च निकाला

**आरा।** दिल्ली में नमाज विवाद को लेकर भाकपा-माले के दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को आरा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रतिवाद मार्च निकाला। प्रतिवाद मार्च भाकपा माले के जिला कार्यालय से निकला। इस क्रम में बस स्टैंड में सभा हुई। संचालन नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया। विधायक सुदामा प्रसाद ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले इस तरह का सांप्रदायिक माहौल बनाकर भाजपा वोटों का ध्रुवीकरण करना चाह रही है। माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव ने कहा कि राजधानी दिल्ली के इंद्रलोक में जुम्मे की नमाज पढ़ रहे मुस्लिमों को पुलिस ने सरेआम अपमानित किया। माले के राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि भाजपा की धारा इस मुल्म व आइन के खिलाफ है।

### किसानों के धरना को अनावश्यक बताना निंदनीय कृत्य : टीएन चौबे

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने कहा कि चौसा थर्मल पावर में किसान अपनी जायज मांगों को लेकर करीब डेढ़ वर्षों से धरना पर डटे हैं। स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने उन किसानों पर जिस तरह असंसदीय भाषा का प्रयोग किया है उसकी जितनी भी निन्दा कि जाए वो कम ही होगी। डेढ़ वर्षों से किसान धरना स्थल पर धरना दे रहे हैं। स्थानीय सांसद किसानों की समस्याओं को हल करने के मामले में कोई पहल नहीं की। दुर्भाग्य कि बात है कि वे इस धरना को अनावश्यक धरना बोल रहे हैं। उन्हें मालूम होना चाहिए कि इस प्लांट कि स्वीकृति यूपीए के शासनकाल में हुई थी, जिसका श्रेय अब एनडीए की सरकार ले रही है। स्थानीय सांसद चौबे ने कहा है कि हड़ताल उपवास इस धरती पर मुझसे अधिक कोई नही किया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां हुईं तेज

**आरा।** आगामी लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारी तेज है। मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम राजकुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिला स्तर पर गठित सभी नोडल अफसर, वरीय अफसर, सहायक निर्वाची पदाधिकारी व सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ कोषांग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी से सभी पदाधिकारी व कर्मियों का डेटाबेस की प्रविष्टि के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। इसकी अतिरिक्त ट्रेंनिंग शेड्यूल बनाने का भी निर्देश दिया गया। सबसे पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट को ट्रेनिंग दिए जाने की बात कही गयी। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को विभिन्न प्रकार के वाहनों की आवश्यकता व उपलब्धता और वाहनों के रखरखाव के लिए स्थल, डिस्पैच सेंटर पर वाहनों के रखरखाव इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी और आवश्यक निर्देश दिए गए। नोडल पदाधिकारी सामग्री सह मतदाता सूची कोषांग को मतदान केंद्रो के आधार पर मतदान सामग्रियों व मतगणना सामग्रियों के आवश्यकता का आकलन करने के लिए निर्देश दिया गया। सभी प्रखंडों से अर्ध सैनिक बलों की अवसान के लिए प्राप्त चिन्हित स्थलों पर सभी प्रकार के मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन करने का भी निर्देश दिया गया।

### अधिक प्राप्तांक अंकित कर पीजी में नामांकन लेने वालों का कटेगा नाम

**आरा।** मेधा सूची में अधिक अंक दिखाकर पीजी सत्र, 2023-2025 में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का नामांकन अब वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय रद्द करेगा। विश्वविद्यालय को ऐसी सूचना मिली है कि कई अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन करने के समय अपनी वास्तविक प्राप्तांक को बढ़ाकर आवेदन किया है ताकि विश्वविद्यालय की तरफ जारी मेधा सूची में उसका नाम आसानी से आ जाए और नामांकन हो जाए। इसके लिए छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो रणविजय कुमार ने मंगलवार को सभी पीजी विभाग और पीजी पाठ्यक्रम संचालित कॉलेजों को पत्र जारी किया है। इसके तहत पीजी सेमेस्टर- वन (सत्र 2023-2025) के तीनों संकाय (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) में अद्यतन नामांकित छात्र, छात्राओं द्वारा विभाग और महाविद्यालय में जमा कराये गए कागजात उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने बताया कि नामांकन के समय छात्र और छात्राओं द्वारा जमा कराये गये सभी प्रकार के कागजात दो दिनों के भीतर मेधा सूची वार पीजी विभाग और कॉलेज वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अध्यक्ष कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। ताकि विश्वविद्यालय अब तक हुए नामांकन की जांच कर सके। गौरतलब हो कि छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विश्वविद्यालय अध्यक्ष ने अमित सम्राट ने इसकी जांच के लिए कई बार आवाज उठाया था। आवेदन के समय अधिक प्राप्तांक अंकित कर नामांकन लेने वाले कई अभ्यर्थी पूर्व में पकड़े भी जा चुके है।

### संरक्षित खेती और समेकित कृषि प्रणाली से अवगत हुए किसान

**बक्सर।** कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को दो दिवसीय कृषक-वैज्ञानिक वार्तालाप सह किसान मेला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति उप योजना के तहत हुआ। इसमें समेकित कृषि प्रणालीः स्वरोजगार का माध्यम विषय पर कृषि वैज्ञानिकों ने विस्तार से प्रकाश डाला। कृषक वार्तालाप सह किसान मेला का उदघाटन आईसीएआर, पटना के निदेशक डॉ अनूप दास एवं प्रधान समाजिक आर्थिक एवं प्रसाद विभाग, पटना के डॉ उज्जवल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ अनूप दास ने किसानों को संरक्षित खेती, समेकित कृषि प्रणाली, जल संचय एवं पोषक तत्वों का संतुलित प्रयोग करने की जानकारी दी। वहीं कृषि वैज्ञानिक डॉ उज्जवल कुमार ने महिला किसानों को समूह बनाकर खेती करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिला किसान बकरी पालन, मुर्गी पालन, पोषण वाटिका के माध्यम से आय अर्जन कर सकती हैं। केविके के प्रमुख सह वरीय वैज्ञानिक डॉ देवकरन ने कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों व किसान मेला के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। कृषि विशेषज्ञ हरिगोविंद ने प्राकृतिक खेती व दलहनी फसलों के बीज उत्पादन उद्यमता विकास पर बल दिया। कृषक वैज्ञानिक वार्तालाप कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञ रामकेवल ने किसानों द्वारा रोग व कीट प्रबंधन पर किये गये सवालों का जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया। उन्होंने कहा कि रोग और कीट प्रबंधन के लिए उपयोग किये जाने वाले रसायनों का प्रयोग कृषि विशेषज्ञों की सलाह पर ही करें, अन्यथा नुकसान भी हो सकता है।

# बक्सर में मुंडन संस्कार में पहुंचे हजारों लोग

## जाम से कराहता रहा शहर, लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में बुधवार को बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए शहर के रामरेखा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शुभ मुहूर्त के कारण भीड़ इतनी बढ़ गई कि पुलिस चौकी से लेकर शहर के सभी रास्तों में जाम लग गया। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, शहर में भारी वहनों को रात 10 बजे तक नो एंट्री किया गया था। इसके बाद भी जाम लगा और लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया। शहर के चारों तरफ तीन किलोमीटर तक जाम की स्थिति बनी रही। लग्न का शुभ मुहूर्त शुरू होने के साथ ही मांगलिक कार्य का आज अंतिम दिन माना जा रहा है। कल से खरमास होने के कारण एक महीने के लिए मांगलिक कार्य सनातानियों के बंद हो जाएंगे। बुधवार को बच्चों के मुंडन संस्कार को लेकर आज शुभ मुहूर्त है। इसको लेकर जिले के अलावे पड़ोसी जिला भोजपुर, रोहतास, कैमूर एवम उतर प्रदेश के सीमावर्ती गाजीपुर जिले से भी लोग बक्सर के प्रसिद्ध रामरेखा घाट पर पहुंचे। जैसे-जैसे दिन चढ़, वैसे-वैसे शहर में भीड़ बढ़ती चली गई। जिले का किला मैदान वाहनों से पूरी तरह भर गया है। इसके कारण रामरेखा घाट पर मुंडन संस्कार कराने वाले लोग अन्य घाटों पर ऑप्शन तलाशते नजर आए।

**व्यवसायियों की बढ़ गई आमदनीः** इधर, उमड़ी भीड़ के चलते आम लोगों को भले ही परेशानी हुई। पर रामरेखा घाट पर रहने वाले पंडितों, नाविकों व उसके पास रहने वाले व्यवसायियों की आमदनी बढ़ गई। एक नाविक एक किलोमीटर के सफर के लिए 21 सौ से 25 सौ तक किराया मांगते नजर आए। पुजारी व नाई के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ा। रामरेखा घाट के पंडा लाला बाबा ने बताया कि संतान की सलामती के लिए मुंडन संस्कार कराने का रिवाज है। इस संस्कार की रस्म अदायगी से बच्चों का जीवन सुखी व दीर्घायु होता है।

# रास्ते के विवाद को लेकर जमकर मारपीट, 3 लोग गंभीर रूप से जख्मी

## एक अधेड़ की हालत सीरियस होने पर किया गया रेफर

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के गयाघाट में रास्ते के विवाद में मारपीट के कारण एक पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी का सिर फट गया तो किसी के हाथ-पांव टूट गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को रघुनाथपुर अस्पताल भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इस मारपीट में शंकर दयाल चौधरी, प्रीतम चौधरी और पंकज चौधरी घायल हुए हैं। वहीं एक महिला इंदु देवी भी हल्की चोटिल हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ब्रम्हापुर थाना क्षेत्र के गाय घाट में शंकर दयाल चौधरी और नरेंद्र कुंवर के बीच काफी दिनों से रास्ते को लेकर



विवाद चल रहा था। रास्ता सरकारी था जिसे आने जाने लायक मिट्टी भरकर शंकरदयाल चौधरी के परिवार द्वारा बनाया गया था। बताया गया कि जिस रास्ते से ऑटो ले जाने पर शंकरदयाल चौधरी द्वारा मना किया गया की सड़क टूट जाएगा। वाहनों के लिए जो अलग से रास्ता था उस रास्ते वाहन ले जाने के लिए कहा गया। लेकिन परिवारों की संख्या अधिक होने के कारण नरेंद्र कुंवर का परिवार इसी रास्ते वाहनों को ले जाने पर अड़े रहे। इसको लेकर विवाद मंगलवार की रात बढ़ गया। शंकरदयाल चौधरी द्वारा मना करने पर दबंग होने के कारण अपने पूरे परिवार के साथ लाठी डंडा लेकर सभी पहुंचे और शंकर दयाल के परिवार पर टूट गए। इसमें कई लोगों ने रूम में अपने को बंद कर अपनी जान बचाई। जबकि अन्य इस मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें शंकरदयाल चौधरी की हालत काफी सीरियस है। डुमराव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई की गई है। पीड़ितों के बयान पर छापेमारी में नरेंद्र कुंवर को गिरफ्तार किया गया है। इसको आज जेल भेजने की तैयारी चल रही। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में लगी हुई है। हालंकि अभी FIR दर्ज नहीं हुआ है। पीड़ित परिवार द्वारा आवेदन देने पर FIR दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# भोजपुरी एक्टर पवन सिंह और ज्योति फिर साथ रहेंगे

निज संवाददाता। आरा

भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह एक बार फिर साथ होंगे। पवन सिंह के करीबी दीपक ने दैनिक भास्कर से बात करते हुए कहा की पवन और ज्योति के बीच सुलह हो गई है। दोनों अब साथ ही रहेंगे। दोनों अब कोर्ट नहीं जाएंगे। वकील जल्द कोर्ट में सुलहनामा देंगे तलाक मामले में आज आरा कोर्ट में सुनवाई टल गई। आज दोनों पति-पत्नी कोर्ट नहीं पहुंचे। इस मामले पर अभी पवन सिंह और ज्योति सिंह का ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। पवन सिंह और ज्योति सिंह तलाक मामले में कोर्ट ने अब 22 मार्च 2024 की तारीख दी है। इस मामले में ज्योति सिंह के वकील विष्णुधर पांडेय ने बताया कि दोनों को आज कोर्ट में आना था, लेकिन दोनों ही कोर्ट में नहीं पहुंचे है। हालांकि दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी हैं। दोनों में आपसी सुलह भी दिख रहा है। उन्होंने कहा कि पवन सिंह भोजपुर के हैं वो तलाक नहीं लेंगे। इससे पहले ज्योति सिंह के वकील विष्णुधर पांडेय ने बताया कि पवन सिंह और ज्योति सिंह के बीच सेटलमेंट की बात चल रही है। अब सेटलमेंट क्या है यह केवल वही दोनों बता सकते हैं। वन टाइम सेटलमेंट है या कुछ और भी हो सकता है। या फिर साथ में रह भी सकते हैं। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि अभी चुनाव का माहौल है, हो सकता है कि पवन जी को चुनाव लड़ना हो। बता दें कि बीते दिन पहले एक वेरिफाइड अकाउंट राजीव कुमार सिंह ने फेसबुक पर पवन सिंह और ज्योति सिंह की शादी की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था, "भाई एक बार फिर से अपनी जिंदगी की शुरुआत करने जा रहा है ज्योति जी के साथ।" वहीं, भोजपुरी सिंगर निरंजन विद्यार्थी ने फेसबुक पर लिखा है, "अब किसी की नजर ना लगे आप दोनों की जोड़ी को। अब दोनों एक हो गए।"

# 13 और 14 मार्च को होगा कोटा के तहत नामांकन

निज संवाददाता। आरा

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2023–25 में कोटा के तहत नामांकन 13 और 14 मार्च को करा सकते हैं। पीजी के अलग-अलग विषयों में अब तक 4,229 छात्र-छात्राओं का नामांकन हो चुका है। मंगलवार तक जिनका अभी तक संबंधित कॉलेजों और विभागों में सत्यापन नहीं हुआ है। वह नामांकन कर सकते हैं। पीजी में सबसे अधिक नामांकन इतिहास विषय में 733 हुआ है। सबसे कम प्राचीन इतिहास और एशियाई अध्ययन विषय में 45 हुआ है। कॉमर्स में 283 और रसायन शास्त्र विषय में 166 और भौतिकी में 96 नामांकन हुआ है। इसके बाद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय रिक्त सीटों पर 16 मार्च को ऑन स्पॉट नामांकन लेगा।छात्र कल्याण अध्यक्ष



डॉ रणविजय कुमार ने बताया कि अब तक चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन पूरा हो चुका है।

पीजी में नामांकन के लिए कुल सीट 5600 है। नामांकन के लिए विश्वविद्यालय को 24000 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुआ है। भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के जो एंग्री भूत कॉलेज में पीजी नामांकन होता है। पोर्टल खोलते ही छात्र–छात्रा सीधे ऑन स्पॉट नामांकन कर सकते हैं।

# भोजपुरी स्टार पवन सिंह बोले- मैं लड़ूंगा लोकसभा चुनाव

## सोशल मीडिया पर ऐलान, राजद से टिकट की चर्चा, BJP का ऑफर ठुकरा चुके हैं

निज संवाददाता। भोजपुर

भोजपुर एक्टर पवन सिंह चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बुधवार को X पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।पवन सिंह ने लिखा है- मैं अपने समाज, जनता जनार्दन और मां से किया हुआ वादा पूरा करने के लिए चुनाव लड़ूंगा। आप सभी का आशीर्वाद एवं सहयोग अपेक्षित है। इधर, राजनीति में यह चर्चा भी जोरों पर है कि पवन सिंह को राजद से टिकट मिल सकता है। कुछ दिनों पहले भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने आसनसोल से बीजेपी के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। उन्होंने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा था कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारण



वश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। चर्चा है कि पवन सिंह आरा से टिकट चाहते थे। जनवरी महीने में उन्हें इशारा भी किया था कि अगर आरा से टिकट मिलेगा तो वे चुनाव लड़ेंगे। इसकी पूरी तैयारी है। सूत्रों की माने तो पवन सिंह आरा और काराकाट, इन्हीं दो सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल यह साफ नहीं हुआ है।

**पवन सिंह ने बीजेपी का ऑफर ठुकरायाः** पवन सिंह को भाजपा ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से लोकसभा प्रत्याशी बनाया था। पवन सिंह के लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा कई माह से चल रही थी। भाजपा कार्यालय की ओर से 16 राज्यों के 195 प्रत्याशियों के नाम की लिस्ट में उनका भी नाम था। पवन सिंह के इस ऐलान के टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा था कि ये बंगाल की लोगों की ताकत है। यहां खेला शुरू होने से पहले खेला हो गया।

**बीजेपी सांसद आरके सिंह ने भी आरा से दावा ठोकाः** बीजेपी के टिकट से पवन सिंह आरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन आरा लोकसभा से दो बार के सांसद केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान साफ कह दिया कि वो यहीं से चुनाव लड़ेंगे। इसके बाद से पवन सिंह का आरा लोकसभा से चुनाव लड़ना मुश्किल दिखने लगा है। पवन सिंह अभी आरा में नहीं है।

# मैजिक गाड़ी ने बाइक सवार को रौंदा, मां–बेटे की मौत, पिता के लिए दवा लाने गया था बाजार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में अनियंत्रित मैजिक वैन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई है। टक्कर इतना जबरदस्त था कि मैजिक वैन भी अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि मैजिक पर सवार आधा दर्जन से अधिक लोग बाल-बाल बच गए। वहीं, घटना के बाद चालक फरार हो गया। घटना आरा-बक्सर NH पर स्थित शाहपुर पेट्रोल पंप के पास की है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने माता-पिता के साथ दवा खरीदने बाजार गए था। दवा खरीदने के बाद पिता को बाजार में छोड़ दिया और मां के साथ पेट्रोल लेने चला गया। इसी दौरान हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शव को



पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी रिटायर्ड शिक्षक मुखलाल राम की पत्नी राजकुमारी देवी (55) और बेटा अजीत कुमार के रूप में की गई है। अजीत कुमार भीम आर्मी के पूर्व जिला प्रभारी भी थे।

**पिता को बाजार में उतार पेट्रोल लेने गया थाः** मृतक अजीत कुमार के भतीजे पवन कुमार ने बताया कि अजीत अपने पिता की दवा लेने के लिए माता-पिता के साथ बाइक से शाहपुर बाजार गए थे। शाहपुर बाजार में उन्होंने अपने पिता को बाइक से उतार दिया और अपनी मां के साथ शाहपुर स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने गए थे। पेट्रोल

**वैन पर सवार लोग बाल-बाल बचे**

लेकर वापस बाजार लौट रहे थे। इसी दौरान शाहपुर पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही अनियंत्रित मैजिक ने उन्हें रौंद दिया, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**अप्रैल 2023 में हुई थी शादीः** हादसे के बाद भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ऋषि कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता परिजनों से मिलने के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है कि मृतक अजीत कुमार की शादी पिछले साल अप्रैल को हुई थी। वह अपने दो भाई और बहन में बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी चांदनी देवी, एक भाई रंजीत कुमार और एक बहन गुड़िया देवी है।

# ट्रक चोर गिरफ्तार, ट्रक, कट्टा, गोली एवं चोरी के ट्रक बरामद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कांड का खुलासा करते हुए चोरी के ट्रक और हथियार के साथ अंतर जिला गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार मुफस्सिल थाना क्षेत्र आरा–सलेमपुर महुली छलका के पास से हो सकी है। पकड़ा गया आरोपित सुमित उर्फ ब्रजेशगंज थाना के सुंदरपुर कुड़िया गांव का निवासी है। इसका पहले आपराधिक इतिहास रहा है। इससे पूर्व मुफस्सिल थाना में आर्म्स एक्ट, रोहतास के कच्छवां एवं बिक्रमगंज थाना से जुड़े लूट कांड में चार्जसीटेट रहा है। उत्तर प्रदेश में भी कांडों की खोज की जा रही है। इसके पास से एक देसी पिस्टल, एक मोबाइल और पांच कारतूस एवं छह खोखा बरामद किया गया है। इसे लेकर तीन के विरुद्ध प्राथमिक की गई है। इधर एसपी प्रमोद कुमार ने पुलिस को गुप्त



सूचना मिली थी कि गिरोह के सदस्य चोरी का ट्रक लेकर आरा–सलेमपुर पथ के रास्ते जा रहे हैं। इसके बाद थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा की नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। महोली गांव के पास घेराबंदी के दौरान ट्रक पर सवार दो बदमाश कूद कर भाग निकले। जबकि सुमित उर्फ बृजेश को धर दबोचा गया। जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने वाहन चोरी एवं सत्र अधिनियम के तहत प्राथमिक की है। टीम में एएसआई राजकुमार यादव, सुमित और पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।